रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-113 | कोलकाता, शुक्रवार 21 जून 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

## चाबी खो जाने से मचा था बवाल लोकसभा चुनाव में खूब उठा मुद्दा

### अब खोला जाएगा ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** पुरी के मशहूर जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 8 जुलाई या उसके एक दिन बाद खोला जाएगा।


इस रत्न भंडार में भगवान जगन्नाथ के आभूषण और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं हैं। इस बारे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने जानकारी दी है। एएसआई के पुरी सर्कल के अधीक्षक दिबिषद गडनायक ने बुधवार को कहा कि निरीक्षण 8 जुलाई या उसके अगले दिन कोर कमेटी और तकनीकी समिति के सदस्यों की मौजूदगी में किया जाएगा। गडनायक ने कहा, चूंकि इस साल रथ यात्रा 7 और 8 जुलाई को दो दिनों के लिए निर्धारित है, इसलिए कक्ष को 8 जुलाई के एक दिन बाद खोला जा सकता है। मंदिर के गर्भगृह के पास स्थित रत्न भंडार, यकीनन मंदिर की सबसे कीमती संपत्ति है जिसमें हीरे, सोने और चांदी सहित मंदिर के कई अमूल्य आभूषण हैं।

मंदिर के नियमों और प्रथाओं के अनुसार, भगवान जगन्नाथ को चढ़ाए गए सभी सोने और जवाहरात को रत्न भंडार के दो कक्षों- आंतरिक कक्ष और बाहरी कक्ष में रखा जाना चाहिए।

## हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों की ईवीएम होंगी चेक

- **दोनों बीजेपी ने जीतीं, कांग्रेस उम्मीदवारों की वोटिंग में गड़बड़ी की शिकायत पर ईसीआई का फैसला**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें करनाल और फरीदाबाद सीट शामिल है। जिनकी अब ईवीएम चेक कराई जाएगी।



करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते थे। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी।

## दो दिनों में किसानों को पीएम मोदी ने दे दिया डबल तोहफा

### धान समेत 14 अन्य फसलों की एमएसपी बढ़ाई, होगी बल्ले-बल्ले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने तीसरा कार्यकाल संभालते ही दो दिनों के अंदर देशभर के किसानों को डबल तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा फसल सत्र यानी 2024-25 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने को मंजूरी दी है। इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 117 रुपये बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। यह 5.35 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी है। मोदी सरकार-3.0 की दूसरी कैबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसलों के बारे में अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में धान, रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास सहित 14 खरीफ फसलों के नए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी गई है। एमएसपी वृद्धि की घोषणा करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के लिए एमएसपी तय की है।

### अपने तो अपने होते हैं...

## महाराष्ट्र की सियासत में फिर बदल रहे समीकरण!

### भाजपा ने फोड़ा ठीकरा तो अजित पवार के बचाव में उतरा शरद पवार गुट

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में खराब नतीजों के चलते महाराष्ट्र में भाजपा और अजित पवार की एनसीपी के बीच रार मची हुई है। आरएसएस के नेता रतन शारदा के लेख के बाद भाजपा के कुछ विधायकों ने भी सवाल उठाए थे कि अजित पवार गुट को साथ लेने से नतीजे खराब आए हैं। इसके चलते वह सत्ताधारी गठबंधन में अलग-थलग चल रहे हैं। इस बीच दिलचस्प बात यह हुई है कि शरद पवार गुट ने उनका समर्थन किया है, जिसे वह छोड़कर आए हैं और अब एकनाथ शिंदे और भाजपा सरकार का हिस्सा हैं। शरद पवार गुट ने उनका पक्ष लेते हुए कहा कि भाजपा अजित पवार को बलि का बकरा बना रही है।



महाराष्ट्र की राजनीति में यूं कुछ ही महीने में बने हुए रिश्ते बिगड़ते दिख रहे हैं और बिगड़े संबंध अब सुधार की ओर लग रहे हैं। अब तक अजित पवार के आलोचक रहे रोहित पवार ने भी उनका बचाव किया है। शरद पवार के पोते ने एक्स पर लिखा है कि भाजपा की हार के लिए अजित पवार जिम्मेदार नहीं हैं। विधायक रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। भाजपा राज्य में त्रिकोणीय लड़ाई बनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि ऐसी लड़ाई होगी तो फायदा होगा। उनके अलावा शरद पवार गुट के सीनियर नेता जितेंद्र अव्हाड ने भी ऐसी ही बात कही है। उन्होंने कहा कि एनडीए के खराब प्रदर्शन के लिए भाजपा नेता खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने संविधान बदलने का मुद्दा उठाया था। इससे दलितों और अन्य समुदायों में डर पैदा हो गया। भाजपा ने अल्पसंख्यक समुदाय पर भी निशाना साधा। यह देखते हुए कि दलित और अल्पसंख्यक समुदाय भाजपा के खिलाफ एकजुट हैं। फिर भी वह अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटे और अंत में नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के नुकसान में अजित पवार ने तो पूरक की भूमिका अदा की। बता दें कि भाजपा और आरएसएस के एक धड़े का कहना था कि अजित पवार को साथ लेने से चीजें बिगड़ी हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार, नोटिस

### कहा-गड़बड़ियों से परीक्षा की विश्वसनीयता को चोट पहुंची, हमें जवाब चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ये याचिका स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों ने रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर की थी। इसमें बिहार और राजस्थान के एग्जाम सेंटर्स पर गलत क्वेश्चन पेपर्स बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की शिकायत की गई थी और परीक्षा रद्द कर सीबीआई जांच की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने परीक्षा कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को नोटिस जारी करते हुए कहा- नीट यूजी की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की वैकेशन बेंच ने मामले की सुनवाई की। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट में 10 जून को भी नीट रिजल्ट पर रोक लगाने की याचिका दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने नीट यूजी एग्जाम 2024 में ग्रेस मार्क्स देने में मनमानी का आरोप लगाया है। एक एग्जाम सेंटर के 67 कैंडीडेट्स को पूरे 720 मार्क्स मिले हैं, इस पर भी याचिकाकर्ताओं ने संदेह जताया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर नई याचिका में 5 मई को आयोजित नीट यूजी एग्जाम का पेपर लीक होने की व्यापक शिकायतों का भी हवाला दिया गया है।




## केंद्र ने कहा- यूजीसी-नेट में गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली

### स्टूडेंट की भलाई के लिए एग्जाम किया रद्द

### जल्द नई तारीख का ऐलान होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को यूजी-नेट की परीक्षा रद्द कर दी थी। यह परीक्षा इसके एक दिन पहले 18 जून को ही आयोजित की गई थी। गुरुवार को एजुकेशन मिनिस्ट्री के जॉइंट सेक्रेटरी गोविंद जयसवाल ने कहा कि हमें यूजी-नेट में गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली थी, बल्कि स्टूडेंट के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हमने खुद से संज्ञान लिया है। जायसवाल ने कहा कि हमें एग्जाम में गड़बड़ी होने के इनपुट्स मिले थे, जिसके आधार पर हमने इसे रद्द करने का फैसला लिया। इसकी डिटेल हम सार्वजनिक नहीं कर सकते हैं। मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। अब जल्द ही रीएग्जाम की तारीख का ऐलान किया जाएगा। उधर, कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम हर साल परीक्षा पे चर्चा का ग्रैंड तमाशा करते हैं, लेकिन इसके बावजूद बिना लीक या फ्रॉड के एक एग्जाम नहीं आयोजित करवा सकते। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने दिल्ली में परीक्षा रद्द होने को लेकर प्रदर्शन भी किया। यूजी-नेट एग्जाम रद्द होने पर कांग्रेस ने एक्स पर कहा- मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कल देश के विभिन्न शहरों में यूजी-नेट की परीक्षा कराई गई। आज पेपर लीक के शक में परीक्षा रद्द कर दी गई। पहले नीट का पेपर लीक हुआ और अब यूजी-नेट का, मोदी सरकार- पेपर लीक सरकार बन गई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा-यह युवाओं के लिए घातक है।

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल को बड़ी राहत, शराब घोटाले मामले में कोर्ट ने दी जमानत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में उन्हें जमानत दे दी है। कोर्ट ने एक लाख मुचलके पर जमानत दी है।

### इस आधार पर जमानत का ईडी ने किया था विरोध

केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए जांच एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि रिश्वत के आरोप केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से लगाए गए थे। ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल ने आप पार्टी के लिए साउथ ग्रुप से रिश्वत की मांग की। अगर आम आदमी पार्टी (आप) को मामले में आरोपी बनाया गया है तो पार्टी के प्रभारी व्यक्ति को दोषी ठहराया जाएगा। ईडी ने अदालत को बताया कि जब इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया गया था।

### बिहार में नीतिश सरकार को लगा 'हाई' करेंट

## 65 फीसदी आरक्षण को पटना एचसी ने किया रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पटना हाई कोर्ट से बिहार सरकार को बड़ा झटका लगा है। पटना हाई कोर्ट ने बिहार में सरकारी नौकरी और




शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में जाति आधारित आरक्षण को 65 फीसदी करने वाला कानून रद्द कर दिया है। बता दें कि बिहार सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराई थी और उसके बाद इसी आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी किया गया था। हालांकि अब पटना हाई कोर्ट में इसे रद्द कर दिया है। बता दें कि बिहार में जब 65 फीसदी आरक्षण कर दिया गया, उसके बाद 10 फीसदी आरक्षण आर्थिक रूप से पिछड़े समय लोगों को मिलता था। इसे मिलाकर बिहार में नौकरी और दाखिले का कोटा बढ़ाकर 75 फीसदी पहुंच चुका था। इसके बाद यूथ फॉर इक्वालिटी नाम के संगठन ने उसे पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी और इस पर सुनवाई शुरू हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने इस कानून को रद्द किया है। हाईकोर्ट ने 65 फीसदी आरक्षण को असंवैधानिक करार दिया है।

## कश्मीर से खदेड़े गए आतंकी तो जम्मू को बनाया नया ठिकाना

- खात्मे का ऐक्शन प्लान भी तैयार सुरक्षा एजेंसियों ने कसी कमर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू को निशाना बनाने की कोशिश आतंकियों ने अनुच्छेद 370 खत्म होने के करीब दो साल के भीतर ही 2021 में शुरू कर दी थी। जब घाटी में आतंकियों पर सख्ती हो रही थी तो उनके गुट जम्मू में



पैठ बनाने के लिए गुपचुप मुहिम चला रहे थे। ताजा हमलों की छानबीन में पता चला है कि आतंकियों ने जम्मू के कई इलाकों में अपने नेटवर्क का विस्तार कर लिया है। उन्होंने ओवर ग्राउंड वर्कर की अच्छी खासी टीम खड़ी कर ली है। ये टीमें उनकी सहायता के अलावा उनके लिए मुखबिरी भी कर रही हैं।

## युद्ध रुकवा दिया लेकिन पेपर लीक नहीं रोक पा रहे मोदी

### यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द किए जाने पर बोले राहुल गांधी, मोदी सरकार पर खूब बरसे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द किए जाने को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उनका यह बयान परीक्षा रद्द हो जाने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ऐसा दावा करती है कि उसने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया, मगर पेपर लीक को क्यों नहीं रोक पाई। राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, मुझे हजारों लोगों ने पेपर लीक की अपनी परेशानी शिकायत सुनाई। ऐसा कहा जा रहा था कि मोदी जी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया। लेकिन कुछ कारणों से, नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक को रोक नहीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, पेपर लीक के पीछे का कारण यह है कि शिक्षा प्रणाली पर भाजपा के मूल संगठन ने कब्जा कर लिया है। जब तक इन्हें बदला नहीं किया जाता है, तब तक पेपर लीक होते रहेंगे। मोदी जी ने इसे अपने लिए सुविधाजनक बनाया है। यह एक राष्ट्र-विरोधी गतिविधि है। राहुल गांधी ने कहा, ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमारे सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे कुलपतियों को योग्यता के आधार पर नहीं रखा गया है। बल्कि इसलिए रखा गया है क्योंकि वे एक खास संगठन से जुड़े हैं, और इस संगठन ने प्रणाली में घुसपैठ की है और इसे नष्ट कर दिया है। राहुल ने आगे कहा, मोदी ने नोटबंदी करके अर्थव्यवस्था के साथ जो किया, वही अब शिक्षा प्रणाली के साथ किया है।

## हीट स्ट्रोक की मार, काम नहीं कर रहे अंग

### ऐक्शन में आई केंद्र सरकार, अस्पतालों को दिया सतर्क रहने के निर्देश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और गर्मी से होने वाली परेशानियों की शिकायत करने वाले मरीजों की बाढ़ सी आ गई है। केंद्र ने शहर के अस्पतालों से हीट स्ट्रोक के मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर भर्ती करने को कहा है। बुधवार को सरकारी एलएनजेपी अस्पताल ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में हीट स्ट्रोक के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने कहा, फिलहाल एलएनजेपी अस्पताल में नौ मरीज भर्ती हैं। नौ मरीजों में से चार मरीज गंभीर हालत में हैं। हीटस्ट्रोक के कारण कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया है जिसके चलते उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। 16 जून को हीटस्ट्रोक के कारण एक मरीज की मौत हो गई थी। हीटस्ट्रोक के मरीजों का समय पर इलाज बहुत जरूरी है, नहीं तो इससे कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी केंद्रीय अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं। नड्डा ने बुधवार को यहां भीषण गर्मी से उत्पन्न स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में स्पेशल हीट स्ट्रोक यूनिट शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में भीषण गर्मी से पीड़ितों के उपचार की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। दिल्ली में तापमान में वृद्धि होने के साथ ही दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अस्पतालों में लू लगने और गर्मी से थकावट की शिकायत वाले मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों ने भीषण गर्मी के बीच बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले मरीजों को घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पिछले महीने घोषणा की थी कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में लू लगने के मरीजों के लिए दो-दो बिस्तर आरक्षित रहेंगे।


# जांच में मालगाड़ी चालक दल और जलपाईगुड़ी डिवीजन परिचालन विभाग की चूक को दोषी ठहराया गया

**कोलकाता,एजेन्सी।** 17 जून को हुई कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि न्यू जलपाईगुड़ी (NJP) रेल डिवीजन के परिचालन विभाग और यात्री ट्रेन को टक्कर मारने वाली मालगाड़ी के चालक दल की ओर से चूक हुई थी।पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को खड़ी सियालदाह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकराने के बाद यात्री ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के पायलट सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई।अधिकारी ने बताया कि यह टक्कर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास हुई, जिसके कारण सुबह 8.55 बजे मालगाड़ी के इंजन की चपेट में आने से कंचनजंगा एक्सप्रेस के पीछे के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्घटना के तुरंत बाद रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि टक्कर इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की थी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने



दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक जांच टीम भी गठित की है, जिन्होंने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल कर दी है।पांच अधिकारियों ने मालगाड़ी चालक पर सिग्नल के साथ-साथ गति प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जबकि एक ने असहमति जताते हुए कहा है कि न्यू जलपाईगुड़ी रेलडिवीजन का परिचालन विभाग रानीपतरा (आरएनआई) और चत्तर हाट जंक्शन (कैट) के बीच मार्ग की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय करने में विफल रहा है।अधिकांश लोगों का मानना ??है कि मालगाड़ी द्वारा कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने की घटना मालगाड़ी चालक दल (चालक, सहायक चालक और गार्ड) द्वारा खतरनाक स्थिति में स्वचालित सिग्नल को पार करने और ट्रेन की अत्यधिक गति बनाए रखने के नियम का पालन करने में विफलता के कारण हुई होगी। एनजेपी डिवीजन के मुख्य लोको इंस्पेक्टर (सीएलआई) ने अपने असहमति नोट में कहा कि 17 जून को सुबह 5.50 बजे से ऑटोमेटिक और सेमी-ऑटोमेटिक सिग्नल काम नहीं कर रहे थे। अधिकारी ने रेलवे नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में, पूरे सेक्शन (आरएनआई और कैट के बीच का रूट) को एब्सोल्यूट ब्लॉक सिस्टम (आरएनआई और कैट के बीच एक बार में केवल एक ट्रेन को अनुमति देने की प्रणाली) में बदल दिया जाना चाहिए था। दुर्घटना से पहले क्या हुआ, इसका विवरण देते हुए जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि कंचनजंगा एक्सप्रेस 17 जून को सुबह 8.27 बजे रानीपात्रा स्टेशन से दो प्राधिकरण पत्रों टी/ए 912 और टी369 (3बी) के साथ रवाना हुई थी। न्यू जलपाईगुड़ी के एक रेलवे सूत्र ने कहा, टी/ए 912 ने चालक को सभी लाल सिग्नल पार करने की अनुमति दी और इसमें किसी गति का उल्लेख नहीं किया गया था। दूसरी ओर, टी369 (3बी) में उल्लेख किया गया था कि चालक आरएनआई स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद 15 किमी प्रति घंटे की गति से दो सिग्नल पार करेगा। जांच रिपोर्ट के अनुसार, यही दो प्राधिकरण पत्र उस मालगाड़ी को भी जारी किए गए थे जो सुबह 8.42 बजे रानीपतरा स्टेशन से रवाना हुई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कंचनजंगा एक्सप्रेस एक दोषपूर्ण सिग्नल पर खड़ी थी, तभी मालगाड़ी ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। जांच अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में पैसेंजर ट्रेन के पांच डिब्बे और मालगाड़ी के ग्यारह डिब्बे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच में दो शव फंसे हुए थे, जिन्हें कोच का हिस्सा काटकर निकाला गया। जांच रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि दुर्घटना के समय मालगाड़ी किस गति से चल रही थी। अब रेलवे सुरक्षा आयुक्त विस्तृत जांच कर रहे हैं।

## मैं मौजूदा पुलिस बल के साथ राजभवन में सुरक्षित नहीं हूं: बंगाल के राज्यपाल



कोलकाता,एजेन्सी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने आज कहा कि उन्हें कोलकाता के राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस की मौजूदा टुकड़ी की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है।उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। हालांकि, वे अभी भी राज्यपाल भवन में ड्यूटी पर हैं।राज्यपाल बोस ने प्रेस से कहा, मेरे पास यह मानने के कारण हैं कि वर्तमान प्रभारी अधिकारी और उनकी टीम की मौजूदगी मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।उन्होंने कहा, मैंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सूचित किया है कि मैं राजभवन में कोलकाता पुलिस के साथ असुरक्षित महसूस करता हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## भाजपा ने डीएच में नेता को निलंबित किया, बगदाह में विद्रोह का सामना करना पड़ा

कोलकाता,एजेन्सी। अभिषेक बेनेर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोकसभा के उम्मीदवार अभिजीत दास को राज्य में चुनाव बाद हुई हिंसा की जांच कर रही भाजपा की केंद्रीय तथ्यान्वेषी टीम के खिलाफ कथित तौर पर प्रदर्शनों का नेतृत्व करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। दास ने दावा किया कि उन्हें कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है, लेकिन भाजपा की अनुशासन समिति ने उन्हें



एक महत्वपूर्ण बैठक से अनुपस्थित रहने, चुनाव बाद की हिंसा के पीड़ितों के काम में बाधा डालने और पार्टी कार्यकर्ताओं को केंद्रीय नेतृत्व से भिड़ने के लिए उकसाने का हवाला देते हुए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। रविवार को भाजपा का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव बाद की हिंसा की रिपोर्ट का आकलन करने के लिए डायमंड हार्बर के अल्ताबेरिया गया था, जहां उन्हें स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा, जिसे कथित तौर पर दास ने भड़काया था। दास ने कहा, मुझे किसी अस्थायी निलंबन या कारण बताओ नोटिस के बारे में जानकारी नहीं है। हालांकि, मुझे पता है कि राज्य नेतृत्व केंद्रीय परिषद के सदस्य को निलंबित या कारण बताओ नोटिस जारी नहीं कर सकता। मेरा सवाल यह है कि अगर पार्टी ने वास्तव में ऐसा कोई निर्णय लिया था, तो आधिकारिक पत्र सार्वजनिक कैसे हुआ? जबकि मैं अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर में 7 लाख से अधिक वोटों से जीतने के तरीके को उजागर करने के लिए अदालत जाने की तैयारी कर रहा हूं, ये कार्रवाई मुझे अपमानित करने की कोशिश की तरह लगती है। मैं मीडिया के माध्यम से पार्टी के फैसले के बारे में जान रहा हूं। अगर कोई इस तरह से गोपनीय दस्तावेज लीक करता है, तो वह अभिषेक के इशारे पर काम कर रहा है। मेरा निलंबन और कारण बताओ नोटिस भी उनके द्वारा रची गई साजिश हो सकती है। शायद कोयला और मवेशी तस्करी का पैसा हमारे पास पहुंच रहा है, उन्होंने कहा। एक अन्य घटनाक्रम में, भाजपा विधानसभा उपचुनाव के लिए बिनय बिस्वास - जिन्हें कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बाहरी करार दिया है - की उम्मीदवारी को लेकर बगदाह में विद्रोह जैसा लग रहा है। बागियों ने स्थानीय आरएसएस सदस्य और स्कूल शिक्षक सत्यजीत मजूमदार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुना है। मजूमदार ने अपना अभियान शुरू कर दिया है। बिस्वास की उम्मीदवारी से स्थानीय स्तर पर असंतोष फैल गया, जिसके कारण हेलेनचा हाई स्कूल में एक बैठक हुई, जिसमें बागी कार्यकर्ताओं ने धमकी दी कि अगर बिस्वास को नहीं बदला गया तो वे निर्दलीय उम्मीदवार को मैदान में उतारेंगे। समय सीमा बीत जाने के बाद मजूमदार को चुना गया। इस मुद्दे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष समीर बिस्वास ने इस्तीफा दे दिया, हालांकि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। जिला अध्यक्ष देवदास मंडल ने मामले को सुलझाने का भरोसा जताया है। इस बीच, बगदाह के पूर्व विधायक बिस्वजीत दास ने आरोप लगाया कि भाजपा के उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में शामिल वित्तीय लेनदेन के कारण पार्टी में गुटीय विवाद पैदा हो गया है। तृणमूल ने सांसद ममता बाला ठाकुर की बेटी मधुपर्णा को बगदाह से मैदान में उतारा है, जो भाजपा विधायक बिस्वजीत के तृणमूल में शामिल होने और बोनगांव लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद खाली हुई थी।

# जून में 20 प्रतिशत कम बारिश मानसून ने पकड़ी रफ्तार

## इन राज्यों में खत्म होगा लोगों का इंतजार

**कोलकाता,एजेन्सी।** देश में भीषण गर्मी चरम पर है. जून महीने में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाके तप रहे हैं. महीने की शुरुआत यानी 1 जून से मानसून ने देश में दस्तक दी थी. उम्मीद जताई जा रही थी कि मानसूनी बारिश जमकर भिगोएगी, लेकिन ऐसा फिलहाल होता नहीं दिखा. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, देश में मानसून अवधि की शुरुआत के बाद से 20 फीसदी बारिश कम दर्ज की गई है. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, देश में 1 से 18 जून के बीच केवल 64.5 मिमी बारिश हुई है. यह लंबी अवधि के 80.6 मिमी के औसत (स्क्र) से 20 प्रतिशत कम है. उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से 70 प्रतिशत कम 10.2 मिमी बारिश हुई है. इसके अलावा मध्य भारत में सामान्य से 31 प्रतिशत कम 50.5 मिमी, दक्षिण प्रायद्वीप में सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक 106.6 मिमी तथा पूर्व एवं उत्तर-पूर्व भारत में सामान्य से 15 प्रतिशत कम 146.7 मिमी बारिश हुई रिकॉर्ड की गई है.



### यहां आने वाला है मानसून

भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार तीन से चार दिन में मिलने वाले हैं. मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ी है. मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में मानसून के आने की स्थिति बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, झारखंड के कुछ हिस्सों में बन रही है.

### ऐसे हुई मानसून की शुरुआत

देश में मानसून की स्थिति 1 जून से बनी थी. आईएमडी ने बताया कि 19 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में पहुंच गया था. 26 मई को चक्रवात रेमल के साथ ही मानसून दक्षिण के अधिकांश हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के मध्य के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया था. 2 से 6 दिन पहले 30 मई को मानसून ने केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में दस्तक दे दी थी. 12 जून को मानसून ने केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और गोवा के सभी हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के अधिकतर क्षेत्रों, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा के कुछ भागों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के अधिकतर हिस्सों, सिक्किम और सभी पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी थी.

## बांग्लादेश में सांसद की हत्या के सबूत मिटाने के लिए मीट ग्राइंडर का इस्तेमाल

**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाल सीआइडी ने दावा किया है कि अजीम अनवर (56) की हत्या के बाद आरोपियों ने उनके शरीर के अंगों को काटा और मांस को पीसने के लिए मीट ग्राइंडर का इस्तेमाल किया, ताकि शव को बिना कोई निशान छोड़े ठिकाने लगाया जा सके। जांचकर्ताओं ने खुलासा किया कि संदिग्धों में से एक सियाम हुसैन ने कोलकाता के न्यू मार्केट की एक दुकान से 2,200 रुपये में ग्राइंडर खरीदा था। ग्राइंडर का इस्तेमाल कथित तौर पर सबूतों को नष्ट करने के लिए किया गया था। सीआईडी ??सूत्रों ने दावा किया कि ग्राइंडर से पूरा मांस नहीं काटा जा सका, इसलिए छोटे-छोटे टुकड़ों को न्यू टाउन अपार्टमेंट के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया गया, जहां सांसद रह रहे थे। सीआईडी ने सेप्टिक टैंक से करीब पांच किलोग्राम मांस बरामद किया, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया और यह पहले ही पता चल चुका है कि यह नर और मानव का है। जासूस उन सटीक स्थानों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जहां से हत्या के हथियार खरीदे गए थे, ताकि वे संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर सकें और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का उपयोग करके एक मजबूत मामला बना सकें। इस बीच, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख मोहम्मद हारुनोर रशीद ने कहा कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए जेनेदाह जिले के अवामी लीग के महासचिव सैदुल करीम मिंटू से पार्टी विधायक की हत्या के बारे में उनकी जानकारी के बारे में पूछताछ की जाएगी। रशीद ने कहा कि मिंटू को रिमांड पर रखा गया है और अधिकारी जांच करेंगे कि क्या वह हत्या का वित्तपोषक या भड़काने वाला था। ढाका पुलिस द्वारा अदालत में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ के दौरान मिंटू ने आरोपी शिमुल भुइयां के साथ नियमित संपर्क में रहने की बात स्वीकार की थी। उन्होंने कहा कि 16 मई की रात करीब 10.30 बजे मिंटू ने एमपी के अपहरण के बारे में शिमुल से



व्हाट्सएप पर बात की थी। अगले दिन शिमुल और आरोपी काजी कमाल अहमद बाबू एक कार के अंदर गुप्त रूप से मिले और अनार के अपहरण और उसके बाद हत्या के साथ-साथ पैसे के लेन-देन और संबंधित मामलों पर चर्चा की। सीआईडी ??ने अब अनार और सेलेस्टी रहमान के बीच की पूरी बातचीत को बरामद कर लिया है और यह भी पता लगा लिया है कि यह सियाम ही था जिसने सांसद की हत्या के बाद उनके व्हाट्सएप संदेशों को संभाला था। एजेंसी ने ढाका पुलिस से अनुरोध किया है कि वे एक अन्य महिला का पता लगाएं और उसे नोटिस भेजें जो इस साल की शुरुआत में कोलकाता की यात्रा के दौरान अनार के साथ थी। सूत्रों ने दावा किया कि यह महिला आरोपी सेलेस्टी के साथ संदेश साझा करती पाई गई। उन्होंने कहा, उससे पूछताछ करने से हमें आपराधिक साजिश की सीमा का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

## बंगाल के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल होलोंग बंगले में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**पीटीआई, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में मौजूद जलदापाड़ा राष्ट्रीय उद्यान के हॉलोंग बंगला में आग लग गई। इस जगह को हॉलोंग टूरिस्ट लॉज भी कहा जाता है। मंगलवार रात 9 बजे आग लगी। आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियों को लगाया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

### कोई व्यक्ति हताहत नहीं

गनीमत रही की इस घटना में किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई। संपत्ति को हुए नुकसान का अभी पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रीय उद्यान बंद होने के कारण लॉज में कोई पर्यटक नहीं था। बता दें कि हॉलोंग बंगला , लकड़ी के निर्मित एक बंगला है।

## राशन वितरण घोटाले को लेकर बंगाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता से पूछताछ

**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता से बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में पूछताछ की। उनके अकाउंटेंट भी दस्तावेजों के साथ केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय गए थे। पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद रितुपर्णा ने कहा कि उन्हें कुछ दस्तावेजों के साथ केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों से मिलने के लिए कहा गया था, जो उन्होंने जमा किए थे। रितुपर्णा ने कहा, ईडी के अधिकारी मुझसे खुश हैं कि मैंने सहयोग किया। उन्होंने जो दस्तावेज मांगे थे, मैंने जमा कर दिए हैं। बाकी हिस्सा एजेंसी और मेरे बीच का है, जिसे मैं सार्वजनिक रूप से नहीं कह सकती। ईडी ने अभिनेत्री को 5 जून को तलब किया था, लेकिन निजी कारणों से अमेरिका में होने के कारण रितुपर्णा ने केंद्रीय



एजेंसी के अधिकारियों से समय मांगा था। ईडी सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी उनके बैंक खाते में किए गए कुछ लेनदेन के स्रोतों की पुष्टि करना चाहती थी। गौरतलब है कि पांच साल पहले बंगाली अभिनेत्री ईडी कार्यालय गई थीं, जब उन्हें रोजवैली चिटफंड घोटाले से कथित संबंध के लिए केंद्रीय एजेंसी ने तलब किया था। उल्लेखनीय है कि करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में पूर्व राज्य मंत्री ज्योतिप्रिया मलिक, बनगांव के पूर्व मेयर शंकर आध्या और स्थानीय दबंग शेख शाहजहां तथा व्यवसायी बकीबुर रहमान समेत तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई दिग्गज नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शंकर घोष ने कहा, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता एक बहुत लोकप्रिय बंगाली अभिनेत्री हैं। केंद्रीय एजेंसी को जरूर कुछ मिला होगा जिसके लिए उन्हें तलब किया गया है।टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता एक अभिनेत्री हैं और उनका टीएमसी से कोई संबंध नहीं है, जिसके बारे में जो भी कहा जाएगा, वह उनके वकील द्वारा किया जाएगा।

## पत्नी की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ता के शव का पोस्टमार्टम करने का निर्देश, पुलिस कस्टडी में हुई थी मौत

- **मृतक के परिवारवालों ने दावा किया है कि पुलिस की यातना के कारण भाजपा कार्यकर्ता की मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई है।**

**कोलकाता,एजेन्सी।** बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के डेबरा में भाजपा कार्यकर्ता संजय बेरा की मौत के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने बुधवार को मृतक की पत्नी और उनके एक प्रतिनिधि की उपस्थिति में कोलकाता स्थित सरकारी अस्पताल एसएसकेएम में



अनुभवी डाक्टर की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने थाना व जेल के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने के साथ गुरुवार तक गिरफ्तारी के दस्तावेज जमा करने का आदेश भी दिया है। पुलिस अधीक्षक से कोर्ट ने पूरी घटना की रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई अगले बुधवार को होगी। मृतक के परिवारवालों ने दावा किया है कि पुलिस की यातना के कारण भाजपा कार्यकर्ता की मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई है। उन्होंने हाई कोर्ट से सीबीआइ जांच की भी मांग की। उधर, बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने चार जून को संजय बेरा को गिरफ्तार किया था। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वहां से उन्हें मेदिनीपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उन्हें 11 जून को न्यायिक हिरासत में वापस भेजा गया था। इसके बाद फिर उन्हें अस्पताल भेजा गया और मंगलवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस बहाना बना रही है कि गिरने से उनके सिर में चोट लगी थी।

## संक्षिप्त समाचार



### दाता मिर्जा हलीम शाह के नौवें उर्स पर हुई चादरपोशी

**साहेबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के रजवाड़ा हलीमपुर गांव में दाता मिर्जा अब्दुल हलीम शाह रहमतुल्ला अलैह का नौवां उर्स बुधवार को हुआ। इस दौरान दूर-दूर से आये अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी की और अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर आयोजित जलसा में मौलाना सुल्तान रजा सीवानी, मौलाना शहादत हुसैन ने दाता मिर्जा अब्दुल हलीम शाह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वहीं, शायरे इस्लाम गुंचा मुजफ्फरपुरी, असद एकबाल समेत अन्य ने अपने कलाम से समां बांध। मौके पर आयोजन कमेटी के डॉ. असलम आजाद, मनौवर हुसैन, अब्दुल रसीद, आबिद हुसैन, मो. समीर अहमद, नौशाद आलम, मो. सलामुद्दीन, मो. मेराज, मो. अरबाज, अजीमुल्लाह हैदरी आदि थे।

### नाबालिग लड़की बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर/बोचहां।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पूर्व अपहृत 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को पुलिस ने बुधवार रात बरामद किया। साथ ही अपहर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस बावत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस को दिए गए बयान में लड़की की मां ने बताया है कि वह 11 जून को गांव से दूर शरफुद्दीनपुर गुदरी बाजार पर घर का सामान लेने गई हुई थी। उनकी 15 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी, इसका फायदा उठाकर बसंत शाह के पुत्र अमित कुमार ने उसका अपहरण कर लिया। काफी खोज करने के बाद जब नहीं मिली फिर थाने में आवेदन दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि लड़की बरामद हो गई है। आरोपित लड़के को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को लड़की का 164 का बयान कराया जाएगा।

### एनएच 80 पर लगा चार घंटे जाम, स्कूली बच्चो को हुई परेशानी



**मुजफ्फरपुर/कहलगांव।** कहलगांव-घोघा के बीच एनएच 80 के निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर प्रतिदिन वाहनों की लंबा जाम लग रहा है। बुधवार को सुवह छ बजे से 10 बजे तक जाम लगा रहा। जाम में सैकड़ो गाड़ियां फंसी रही। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। जाम के कारण स्कूल वैन भी स्कूल तक समय से नहीं पहुंच पा रही है।

बुधवार को सीनियर बच्चों के स्कूल खुले थे। गुरुवार से सभी वर्ग के स्कूली बच्चों की पढ़ाई शुरू हो रही है। जिसको लेकर छात्रों और अभिभावकों को और भी परेशानी होगी। अभिभावकों ने बताया कि आमापुर के समीप एनएच निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको लेकर छर्री लोड गाड़ियों का काफिला सुवह होने पर नो इंट्री लगने के पहले शहर में प्रवेश कर गया। जिसको लेकर आमापुर के समीप दोनो ओर से वन वे सड़क जाम हो गया और देखते ही देखते दोनो ओर भारी वाहनों की कतार लग गई। जाम में स्कूली बच्चों की कई गाड़ियां भी फंस गई। सड़क निर्माण कर रही कंपनी ढलाई करने वाली जगह पर 100 मीटर दूरी पहले ही अवरोध लगा देती है। जिससे भारी वाहनों को अगल बगल करने में भी परेशानी होती है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि सिंन्हा ने बताया कि सड़क निर्माण की वजह से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। निर्माण कंपनी को जाम नहीं लगे इस पर ध्यान देने को कहा गया है।

# सेटर और बिचौलियों के लेनदेन की जांच शुरू, पटना के एक अड्डे पर 14 करोड़ की डिलिंग







**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में जितने भी संदिग्ध या सेटर या बिचौलियों की भूमिका निभाने वालों के नाम सामने हैं, उनके बैंक खातों और वित्तीय लेनदेन की जांच की जा रही है। इस पूरे धंधे में जितने पैसों की डील हुई है, सभी पहलुओं पर तफ्तीश की जा रही है। अंतिम रूप से किसके पास कितना पैसा पैसा पहुंचा, किसने बाजार से कितनी उगाही की है, इसकी जांच भी साथ-साथ चल रही है।

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि अधिकांश पैसे की लेनदेन नगद में ही हुई है। हालांकि इसमें जितने पैसे की डील हुई थी, उसमें बड़ी संख्या में राशि ट्रांसफर होकर सेटरों के पास पहुंच गई है।

यह कितनी राशि है, इसकी सटीक जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस मामले के खुलासे के बाद मुख्य अड्डा रामकृष्णा नगर स्थित लर्न्ड एंड प्ले स्कूल के अलावा कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी के दौरान करीब डेढ़ दर्जन चेक बरामद हुए हैं। ये चेक मुख्य रूप से एडवांस या टोकन मनी के तौर पर ली गई राशि से संबंधित थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद यानी प्रश्न-पत्र लड़ने के बाद भी बड़ी संख्या में छात्रों से राशि वसूल कर ली गई है।

### पूछताछ में बड़ा खुलासा

इस मामले में गिरफ्तार हुए सिकंदर प्रसाद यादवेंदु समेत 13 मुख्य आरोपितों से पूछताछ में यह भी स्पष्ट हुआ है कि पैसे सीधे या किसी एक व्यक्ति के माध्यम से मुख्य सेटर तक नहीं पहुंचे। बल्कि कई चैनलों के माध्यम से गए हैं, जिसमें रास्ते में हर किसी ने अपना-अपना कमीशन काटकर राशि मुख्य सेटर तक पहुंचाई गई है।

अब तक की जांच में ठोस सबूत के तौर पर रामकृष्णा नगर वाले निजी स्कूल में रटवाए जा रहे करीब 40 छात्रों के बारे में ही सटीक जानकारी मिली है। यहां प्रत्येक छात्रों से औसतन 35 लाख रुपये के आसपास वसूली गई है। कुछ छात्रों ने ही पूरी राशि का भुगतान नहीं किया था। इस आधार पर 14 करोड़ की डिलिंग सिर्फ इसी स्थान पर हुई है।

### लेनदेन की जानकारी एकत्र करने में छूट रहे पसीने

राज्य में अन्य कई स्थानों पर इस प्रश्न-पत्र को व्हाट्स एप के माध्यम से भेजने की बात सामने आई है। उन स्थानों से राशि की जमकर उगाही हुई है। जांच एजेंसी को सभी स्थानों पर राशि के लेनदेन की जानकारी एकत्र करने में पसीने छूट रहे हैं। हालांकि इस मामले में सबूत एकत्र किया जा रहा है। कुछ मुख्य सेटरों ने प्रश्न-पत्र बाहर से मंगवाने के लिए काफी निवेश भी किया है। हालांकि, पूरे मामले की अभी तफ्तीश चल रही है।

## शिक्षिका मर्डर केस में आरोपी प्रेमी गिरफ्तार, लोकेशन के आधार पर दिल्ली से धराया

### 21 मई को मर्डर के बाद जलाया था शव



**कटिहार।** कटिहार पुलिस को एक महीने पहले प्राणपुर थाना क्षेत्र में हुए लेडी टीचर मर्डर केस में बड़ी कामयाबी हाथ लगी हैं। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी हलचल रॉय को डगरूआ चेक पोस्ट के समीप से गिरफ्तार कर लिया हैं।

जिसके बाद गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल टेस्ट कराकर जेल भेज दिया हैं। आपको बता दें कि 21 मई को सनकी आशिक ने स्कूल जाते वक्त शिक्षिका की चाकू मारकर हत्या कर दी थी फिर पेट्रोल छिड़ककर आग भी लगा दिया था।

लोकेशन के आधार पर पकड़ा

कटिहार एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों प्राणपुर थाना क्षेत्र के पकड़िया में स्कूल जाने के दौरान लेडी टीचर यशोदा कुमारी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी और फिर जब इससे भी दिल ना भरा तो पेट्रोल छिडककर जला शव को जला डाला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया था ।

आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद गोरखपुर के रास्ते दिल्ली चला गया लेकिन एक चूक से आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके मोबाइल को सर्विलांस पर रखा था और जैसे ही वह ऑन हुआ कि पुलिस ने धड़ दबोचा ।

उन्होंने बताया कि आरोपी का पीड़िता से प्रेम संबंध था लेकिन साल भर पूर्व इस मामले में दरार आ गयी थी । दोनों पक्षों के बीच प्राणपुर थाने में एफआईआर भी दर्ज कराया गया था ।

मामले की जांच कर रही पुलिस

एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया हैं और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी हैं ।

### शौच के लिए गए युवक की बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मधुबनी।** मधुबनी के बासोपट्टी थाना क्षेत्र में बाइक चोर लगातार बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। बुधवार की दोपहर फेंट हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे बाइक को खड़ा कर शौच के लिए गए एक युवक का बाइक चोरी कर ली गई। पीड़ित युवक की पहचान हरलाखी प्रखंड के खिरहर गांव निवासी लाल साह के रूप में की गई।

पीड़ित ने अपने आवेदन में उसने उल्लेख किया है कि वह बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी बाइक बीआर 32 ए एच 6772 से ससुराल से अपने घर जा रहा था। जहां हनुमान मंदिर से कुछ दूरी पर शौच महसूस होने पर वह अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर शौच के लिए चला गया। जब वह लौटा तो उसका बाइक वहाँ नहीं था। उसे आशंका है की उसकी बाइक की चोरी कर ली गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कराई जा रही है।

## अधिवक्ता डबल मर्डर के विरोध में काला फीता लगाकर वकीलों ने किया काम

**छपरा।** बिहार राज्य विधिक परिषद पटना के निर्णय के आलोक में छपरा विधि मंडल के सभी अधिवक्ताओं ने बुधवार को काला फीता लगाकर न्यायिक कार्य किया। 12 जून को घर से न्यायालय आने के क्रम में अधिवक्ता राम अयोध्या प्रसाद यादव व उनके पुत्र सुनील कुमार यादव की हत्या पर रोष जताते हुए बिहार विधिक परिषद पटना ने काला बिल्ला लगाकर काम करने का निर्णय लिया था। निर्णय के आलोक में छपरा विधि मंडल के अध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद व महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व अधिवक्ताओं ने काला फीता लगाकर न्यायालय का कार्य किया। अधिवक्ता पिता-पुत्र के हत्या कांड में सभी नामजद आरोपियो को गिरफ्तार करने की मांग जल्द सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ताओं ने पुलिस को अल्टीमेटम भी दिया है। काला बिल्ला लगाकर कार्य करने वाले वकीलों ने कहा कि यह न्यायपालिका पर सीधा हमला है। इस कांड में जो भी संलिप्त हैं उनको पुलिस स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा भी दे ताकि फिर भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार से भी 25-25 लाख की मुआवजा राशि मृतक वकीलों के परिजनों को देने का भी आग्रह किया। अधिवक्ता मिथिलेश कुमार सिंह, देवभूषण सिंह, डॉ धनंजय सिंह, अरुण कुमार सिंह, अमरेश नारायण सिंह,शिव प्रकाश सुमन, रणविजय सिंह,चंद्रदीप सिंह, संजय सिंह,राजीव कुमार शर्मा ,विभूति नारायण सिंह, दुर्गेश बिहारी, राजेश प्रताप, रामाधार गिरी, दीनानाथ सिंह, विवेकानंद गिरी, देवेंद्र कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, शंभू नाथ सिंह, नीरज श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, प्रभात रंजन, अंकुर प्रकाश, पंकज कुमार सिंह,पप्पू ठाकुर , त्रिलोकी सिंह, प्रकाश रंजन नीकु ने भी काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध प्रकट किया। वही विधि मंडल के पूर्व महामंत्री रवि रंजन प्रसाद सिंह ने कहा कि अधिवक्ता हत्याकांड को लेकर अधिवक्ताओं ने जो एकजुटता दिखाई है, वह सराहनीय है। आंदोलन को निर्णायक मोड़ देने के लिए आगे भी सभी वकील एकजुट रहेंगे।

## बिहार के मौसम में मॉनसूनी राहत, पटना-मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में बारिश से गर्मी घटी



**पटना।** प्रचंड गर्मी से तपते बिहार वासियों के लिए राहत की खबर है। बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक कई जिलों में मानसून की बारिश होने से मौसम सुहावना हो रहा है। आज भी किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार समेत कई जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी पटना में के दानापुर और मुजफ्फरपुर में गुरुवार की सुबह अच्छी बारिश हुई। देर रात पूर्णिया, किशनगंज में तो गुरुवार की सुबह बारिश के साथ तेज पूर्वा हवा के झोंको ने लोगों को तरो ताजा किया मौसम का मिजाज बदल गया है। बक्सर में अहले सुबह तीन बजे झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सीमांचल के रास्ते बिहार में मॉनसून ने बिहार में एंट्री मार दी है। बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है। खरीफ की बुआई के लिए बारिश वरदान है। खासकर धान का बिचरा गिराने का काम अब शुरू हो जाएगा।

जिन जिलों में बारिश हुई है वहां मौसम सुहावना हो गया है। मोतिहारी और गोपालगंज में देर रात और गुरूवार की सुबह झमाझम बारिश हुई। मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, किशनगजं, अररिया और बक्सर से भा बारिश होने की खबर है। राजधानी पटना के दानापुर में हल्की बारिश हुई। इन जिलों में मॉनसूनी बारिश से गर्मी घट गई है जिससे उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को काफी राहत मिल रही है। दरभंगा और कैमूर में वर्षा हुई है। किशनगंज के सभी प्रखंडों में 62 मिलीमीटर से 201 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। अररिया में भी सामान्य से मध्यम बारिश दर्ज हुई है। इसके अलावा जिले के जहानाबाद, सुपौल, सीतामढ़ी, सहरसा और खगड़िया जिलों में मॉनसून की बारिश होने पर चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

इधर आज भी कई जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, सुपौल, कटिहार और पूर्णिया में 20 और 21 जून को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि 22 जून को इन जिलों के अलावा सीतामढ़ी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण में एक दो स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। राज्य के अन्य जिलों में विशेषकर उत्तर बिहार में 21 जून से 23 जून के बीच गरज तड़क के साथ बारिश हो सकती है।

पिछले 18 दिनों से पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमा पर इस्लामपुर में अटके मानसून करंट के प्रसार की परिस्थितियां अब तेजी से तैयार होने लगी हैं। इसके मुताबिक 21 से 22 जून तक बिहार में किशनगंज-पूर्णिया के रास्ते मानसून की दस्तक हो सकती है। मानसून के आगमन के साथ ही तापमान में चार डिग्री कमी आ सकती है।

## शहर में नालों पर अतिक्रमण करने वालों को होगी नोटिस

### मॉनसून की तैयारी को लेकर नाला उड़ाही में जुटा निगम प्रशासन

**छपरा।** नाला पर अतिक्रमण करने वाले अब बख्शे नहीं जाएंगे। अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर नोटिस की जायेगी। फिर अतिक्रमण को शीघ्र खत्म किया जायेगा। नगर निगम प्रशासन ने मॉनसून के पहले नाला उडाही व शहर की साफ-सफाई के कार्यों को गति देने के क्रम में बाधक बने तत्वों पर कार्रवाई का मन बनाया है। इसी क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त सुमित कुमार ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में निगम के कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने बताया कि साफ सफाई, एनजीटी, स्ट्रीट लाइट के कार्यो की भौतिक व वित्तीय कार्यो की भी समीक्षा की गई जिसमें शहर की नाला उड़ाही के क्रम मे नाला पर अतिक्रमण करने वालों लोगों को नोटिस करके अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया गया। इसका अनुश्रवण नगर प्रबंधक वेद प्रकाश वर्णवाल के द्वारा किया जाएगा ताकि आगामी मानसून में शहर के लोगों को जल- जमाव से मुक्ति मिल सके। सफाई एजेंसी को शहर के सभी नालों की सफाई पूर्ण कराकर प्रतिवेदन देने को कहा गया। खनुआ नाला की सफाई जल्द से जल्द पूरा करने को आदेश दिया गया ताकि मानसून के पहले पानी का बहाव सुचारू रूप से हो सके। श्याम चक भगार व कटसा मे बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का भौतिक तथा वित्तीय प्रगति के बारे मे कार्यों की भी समीक्षा की गई । श्यामचक भगार पर हो रहे कार्य के जमीन का बाउंड्री वाल कराने के लिए कनीय अभियंता अभय कुमार को आदेश दिया गया। कटसा मे बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य दो दिनों के अंदर चालू कराने के लिए संबंधित एजेंसी को आदेश दिया गया। नगर आयुक्त कटसा में बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो मे शिथिलता पर एजेंसी के खिलाफ काफ़ी सख्त दिखे। एजेंसी को संबंधित लिपिक द्वारा कड़ा पत्र देने को कहा गया। वेपकॉस एजेंसी के कार्यो मे लापरवाही के पर नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की । मालूम हो कि वेपकोस एजेंसी को लेगेसी वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य करना है। दो दिनों के अंदर कार्य को चालू करने के लिए संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया। तिरंगा लाइट, स्ट्रीट लाइट की समीक्षा वार्ड वाइज की गयी। शहर के सभी वार्डो में लगी नयी लाइट व मरम्मती कर लगे लाइट की समीक्षा की गई। नोडल पदाधिकारी स्ट्रीट लाइट अभय कुमार को आदेश दिया गया कि वे सभी लगे लाइट का भौतिक सत्यापन कर अनुश्रवण करेंगे ताकि शहर को चकाचक किया जा सके । किसी की अप्रिय घटना शहर मे न हो सके। बैठक में बुडको कार्यपालक अभियंता विकास कुमार , सहायक अभियंता राज श्री, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल,कनीय अभियंता अभय कुमार,सफाई एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## शहर के होटल में छापेमारी, एक साथ पकड़े गये 19 युवक-युवती

### भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित होटल में सभी पहुंचे थे



**छपरा।** शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में भगवान बाजार थाना अध्यक्ष व महिला पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी कई होटलों में की गयी। वहीं प्रगति नगर जाने वाले रोड में स्थित होटल में जब पुलिस की टीम पहुंची तो होटल के अंदर एक साथ 19 युवक-युवती मौजूद थे। होटल संचालक से जब थाना अध्यक्ष ने इन सभी का नाम पता मांगा तो उसमें कई के नाम पता भी उपलब्ध नहीं थे। सभी को थाने लाया गया। पुलिस ने होटल के रजिस्टर को जब्त कर लिया है। पूछताछ के बाद सभी को बांड भरवा कर उनके अभिभावक को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि होटल से लाये गये युवक-युवतियों में टाउन थाना क्षेत्र, रिविलगंज व आसपास के थाना क्षेत्र के रहने शामिल थे। आपको बता दें कि यह जांच भगवान बाजार थाना पुलिस ने रेंडमली की थी। इसके पूर्व में भी कई होटलों पर रात में छापामारी की जा चुकी है और छापामारी के दौरान हत्याकांड के अभियुक्त भी पकड़े गए थे । बाद में उन्हें संबंधित थाने को सौंप दिया गया। एसपी के आदेश पर टाउन थाना और भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित होटल पर अक्सर जांच व छापेमारी चलती है। छापामारी दल में भगवान बाजार थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सिंह व अन्य महिला पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान कोई भी आपत्तिजनक स्थिति में नहीं पाए गए थे और ना ही आपत्तिजनक सामान मिला है। होटल से जिन लोगों को थाने लाया गया, वे सभी बालिग बॉयफ्रेंड व गर्लफ्रेंड थे। सत्यापन करने के बाद सभी बालिग पाए गए और बांड भरवा कर सभी को उनके परिजन को सौंप दिया गया।

### मढ़ौरा में उत्कर्ष फाइनेंस कर्मी की हत्या का प्रयास

**छपरा/मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर में लोन का रुपया वसूली करने गये उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस के एक कर्मी की हत्या का प्रयास किया गया। इस दौरान उक्त कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा और इसकी घटना की सूचना मढ़ौरा पुलिस को दी। इस मामले में मढ़ौरा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित कर्मचारी गोपालगंज के फुलवरिया थाना के बनरहां निवासी जनार्दन बैठा ने बताया कि वे शिल्हौरी स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में क्रेडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं तथा ओल्हनपुर व शाहपुर गांव में लोन का उपाय वसूल करने गये थे। वहां से वसूली का रुपया बाइक के डिक्की में रखकर ओल्हनपुर निवासी मनीषा देवी व सुमन देवी के यहां रुपया वसूली करने गये और लोन का किस्त जमा करने को कहा?। इसी बात पर उक्त दोनों महिलाओं ने कहा कि दूसरे दिन जमा होगा जिसका उक्त कर्मी ने विरोध करते हुए कहा कि कंपनी का ऐसा कोई नियम नहीं है। इस बात पर बादल नट अपने बहनोई राकेश नट के साथ उनके ऊपर लाठी से हमला कर दिया । जब उक्त कर्मी ने उनका लाठी पकड़ लिया तो आरोपी दाब व चाकू लेकर जान से मारने के उद्देश्य से हमला कर दिया। जिससे उक्त कर्मी बुरी तरह जख्मी हो गया।

# एक दिन सांस लेने व छोड़ने से नहीं बनेगा स्वस्थ समाज, नियमित योग करने की है जरूरत - विजय दास

**चरही** - भारत देश ऋषि, मुनियों का देश रहा है। भारत देश में योग की महत्व आज से नही बल्कि वर्षो पुराना से लोगों के जीवन में प्रचलित है। फिलहाल 21 जून को पूरा देश योग दिवस मनायेगा, लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व छोड़ने से स्वस्थ समाज की उम्मीद करना बेईमानी होगी। योग नित्यदिन करने की जरूरत है ,ताकि हमारा घर, हमारा समाज व हमारा देश स्वस्थ बन सके। योग दिवस के दिन लोगों को योग के फायदे के बारे में बतलाने का काम किया जाता है। आम लोगों के स्वास्थ्य से जुडी विद्या अब सरकारी कार्यालय तक पहुंचाया जा रहा है। लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व छोड़ने से समाज व देश परिपक्व समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। उसके लिए हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। फिलहाल एक दिन ( 21 जून) पूरे भारत देश योग दिवस मनाया जाता है जिससे देश व समाज फिट नही रह सकता हैं। इसके लिए हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। देश के प्रधानमंत्री ने जिस तरह से भारत में उपजी योग विद्या को लोगों के अपने जीवन में फिर ढ़ालने का काम करवाया है। उससे



देश ही नही समाज सशक्त बनकर उभर सकता है। आधुनिक समय में अपनी दौड़ती भागती जिंदगी से हटा लिया है। जिंदगी बीमार बनकर जब बोझ बनने लगी तो फिर से उसे जीवन का एक अंग बनाने का कोशिश की जा रही है। विश्व भर में योग को फिर से पुनर्जीवित करने का श्रेय निः संदेह भारत के योग गुरुओ को जाता है। जिसके प्रयास से लोग अनुलोम-विलोम, कपालभाति ,प्राणायाम ,ध्यान आसन कर रहे है। एक दिन हाथ हिलाने से कोई व्यक्ति स्वस्थ नही बन सकता है। इसे निरंतर करने की जरूरत है। आम लोगों तक योग सूत्र के महत्व को बताने की आवशयक्ता है ताकि इस विश्वव्यापी अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाया जा सके। फिलहाल हम सभी को एक लक्ष्य व एक लय के साथ नियमित योग करने की जरूरत है जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण करवाया जा सके। वर्तमान समय में योग की महत्व इस कदर बढ़ रहा है की अगर समय रहते पूरा समाज पूरा देश योग की परिभाषा को समझ व इसकी महत्व को समझने लगेंगे तो पूरा समाज ,पूरा देश स्वस्थ व शशक्त समाज का निर्माण हो सकता है।

## सारथी सहायता संगठन ने दो दिवंगत चालक के आश्रितों को दिया 17 लाख 90 हजार का चेक



**चौपारण।** सारथी सहायता संगठन के दो सारथी सदस्य जिनका फरवरी 2024 में वाहन दुर्घटना से मृत्यु हो गई थी। सारथी सहायता संगठन की ओर से दोनो के आश्रितों को गुरुवार को संगठन के कार्यालय हरी मार्केट चौपारण में दिवंगत सारथी स्व बालेश्वर शर्मा हथगड़ा बरही निवासी के धर्म पत्नी शांति देवी को 8 लाख 95 हजार एवं सारथी स्व बिरजू प्रसाद वर्मा कोडरमा तिलैया निवास के धर्म पत्नी गुरिया देवी को समर्पित किया। जिसमें 7.5 लाख बीमा कंपनी इफको टोकियो द्वारा एवं 1 लाख 45 हजार संगठन के सभी सदस्यों के सहयोग से दिया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष गौतम सिंह ,कोर कमेटी सदस्य इंद्रदेव सिंह, मृत्युंजय सिंह ,नगीना सिंह,सदस्य अमरजीत सिंह, अनुज कुमार सिंह, संजीत कुमार राणा,अजीत कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह,परोपकार सिंह, पंकज कुमार शर्मा, रामप्रवेश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मिथलेश निलेश कुमार, सौरव कुमार, मनोज कुमार सिंह एवं बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य मौजूद थे।

## रिद्धि इंटरप्राइजेज दूकान का किया गया शुभ उद्घाटन



**चरही** – रिद्धि एंटरप्राइजेज प्लंबर दुकान का विधिवत पूजा अर्चना कर गुरूवार को आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के हाथों पिता काटकर शुभ उद्घाटन किया गया। दूकान संचालक मनोज कुमार ने कहा कि चरही क्षेत्र में इस तरह के प्लंबर दुकान खोलने से चरही के अगल-बगल सहित अन्य गांव के लोगों के लिए समान खरीदारी में काफी सहूलियत मिलेगा। इससे पहले समान को खरीदने के लिए हजारीबाग या रामगढ़ शहर जाना पड़ता था, अब अपने शहर में उचित दामों पर गुणवत्ता पूर्वक सामान रिद्धि इंटरप्राइजेज मे उपलब्ध मिलेगा । इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सुरेंद्र महतो, केन्द्रीय सदस्य लालचंद महतो, शशि महतो, सुखदेव महतो समेत कई अन्य लोगों ने शामिल हुए।

## अज्ञात शव का किया गया अंतिम संस्कार

**हज़ारीबाग़** - शहर के मुक्तिधाम सेवा संस्थान के नीरज कुमार और उनकी टीम के द्वारा गुरूवार को खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में एक अज्ञात शव का अंतिम संस्कार उसके धर्म के मुताबिक किया गया। इससे पूर्व शव की पहचान को लेकर प्रावधानों के मुताबिक उसे मुक्तिधाम सेवा संस्थान के द्वारा मेडिकल कालेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में करीब 120 घंटे से अधिक समय तक सुरक्षित रखा गया था। लेकिन पांच दिनों तक शव का पहचान नहीं हो पाने के बाद अंतत-गुरूवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि विगत 15 जून को जिले के चौपारण थाना के द्वारा एक अज्ञात शव को बरामद किया गया था। जिसकी पहचान नहीं हो पाई थी। ऐसे में थाना प्रभारी दीपक सिंह के विशेष आग्रह पर शव को पहचान के लिए 72 के बजाए 120 घंटे तक सुरक्षित रखा गया। फिर गुरूवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अज्ञात शव के अंतिम संस्कार में चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह, राम प्रसाद, रामलखन, पुण्य प्रकाश, अशोक, सुरेन्द्र, गणेश और विकास ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### कोंग्रेस नेता मुन्ना सिंह की अगुवाई में बेस पंचायत के

## जारा टोला डुबकिया में 25 केवीए ट्रांसफार्मर कराया गया उपलब्ध

**कटकमदाग** – कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से क्षेत्र के



ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया क्षेत्र में लगातार हाथियों का आना-जाना बना रहता था, जिससे जंगली इलाका होने के कारण अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने मुन्ना सिंह का आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ काफी हद तक कम होंगी। मुन्ना जी ने आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और जनता के हित में कार्य करते रहेंगे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सांसद मनीष जायसवाल ने किया स्वागत

**हज़ारीबाग़** – भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुरुवार को हजारीबाग



परिसदन सभागार में आगमन हुआ। जहां पहले से जनसमस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बैठक कर रहें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उनसे शिष्टाचार भेंट किया और हजारीबाग की धरती पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका कार्यकर्ताओं संग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की धरती पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया।

## बरही, चौपारण में जीटी रोड निर्माण से जुड़ी समस्याओं को जल्द समाधान करने का सांसद ने दिया सख्त निर्देश

**हज़ारीबाग़** – सांसद का शपथ लेने से पूर्व ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक्टिव और एक्शन मोड में नजर आये। गुरुवार की सांसद मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव संग जिले के बरही अनुमंडल के जल समस्या तथा राष्टीय राजमार्ग के चौडीकरण से उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों के आलाधिकारियों से सर्किट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भीषण गर्मी में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेषकर बरही और चौपारण में जल्द से जल्द जलापूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। विभिन्न पंचायतों में संचालित जल नल योजना की त्रुटियों को जल्द दूर करके पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी करने की बात कही। राज्य सरकार द्वारा प्रति पंचायत में निर्धारित पांच चापाकलों के निर्धारित स्थलों पर नियमानुसार लगाने की बात कही। इसके लिए किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं आकर कार्य करने को हिदायत दिया। बरही अनुमंडल क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निजात के लिए खराब जलमीनर का तत्काल मरम्मती, खराब चापानल का मरम्मती, बंद पड़े जलापूर्ति योजना को चालू करने तथा गांवों में एसएलडब्लूएल के अंतर्गत



बनाए गए सोख्ता, गड्ढा, नाडेप का शीघ्र भुगतान करने को निर्देशित किया गया। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावां स्कूल खराब चापानल को यथाशीघ्र बनवाने का निर्देश दिया।

इस दौरान बरही, चौपारण, पदमा के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, मनोज कुमार मुंडारी, सहायक अभियंता बरही अनुमंडल निखिल कुमार, जेई, चौपारण, बरही और पदमा के विमल कुमार , जिला समन्वयक मनीष कुमारसहित अन्य लोग मौजूद रहें । मौके पर विशेष रूप से सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज यादव, विधायक अमित यादव , जिप सदस्य एक राकेश रंजन, जिप सदस्य आरती कौशल, बरही सदर जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता ,प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया सुनीता देवी, अर्चना हेमरोम, ममता कुमारी,संतोष सिंह, पप्पू रजक, खीरु यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, कैलाश पासवान, मोहन साव, तुलसी यादव, अमित साहु, रमेश ठाकुर, बिजय यादव, गुरुदेव गुप्ता ,राजकुमार भुइंया, नरेश पासवान,वार्ड सदस्य इन्दर देव ठाकुर ,बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष अमित साहू ,रितेश गुप्ता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**हज़ारीबाग़** – 20 जून, गुरुवार को जे के लक्ष्मी सीमेंट ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया के 91वां जन्मदिवस की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स के अध्यक्ष निर्मल जैन सीनियर सेल्स ऑफिसर निशांत कुमार प्रतिष्ठा के संचालक अमित कुमार × विशाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ अमित कुमार ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात आदर्श सिन्हा, सुशांत प्रकाश, गौरव कुमार अनीश कुमार प्रदीप प्रसाद दीपक कुमार रवि शंकर कुमार सुमित कुमार बृज बिहारी विकास कुमार सिंह, आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

शिविर को सफल बनाने में निर्मल जैन, निशांत कुमार, अमित कुमार, पूजा गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष कुमार, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, युवा समाजसेवी सन्नी सौरभ ,पूनम कुजूर अजीत कुमार गोपाल प्रसाद मारखम कॉलेज के सहयोगी छात्र सोनू कुमार मनीष कुमार सिया सिन्हा सीमा कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## विश्वविद्यालय मे योग दिवस पर योगाअभ्यास आज



**हज़ारीबाग़** – 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से विनोबा भावे विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के अन्तर्गत संचालित योग विभाग द्वारा 21 जून को युसेट परिसर मे योग अभ्यास का कार्यक्रम का आयोजन होगा। योग अभ्यास योग विभाग के प्राध्यापक अभिषेक कुमार द्वारा कराया जाएगा। योग दिवस को सफल आयोजन के लिए विभाग मे तैयारी की जा रही है । विनोवा भावे विश्वविद्यालय के योग विभाग के निदेशक डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि कल युसेट परिसर मे योग दिवस का कार्यक्रम किया जा रहा है। आज 6-30 बजे सुबह से कार्यक्रम होगा। इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य योग दिवस कार्यक्रम के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्टीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। अब पहले से लोग योग पर जायदा से ज्यादा ध्यान दे रहे है । इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के कई शिक्षक, कर्मी शामिल होंगे। साथ ही कई विभाग के छात्र भी शामिल होंगे। यह जानकारी योग विभाग के निदेशक डॉक्टर अमित कुमार सिंह ने दिया।

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

### लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर, ससमय पूर्ण करेंः उपायुक्त

**हज़ारीबाग़** – ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास निर्माण को पहली क़िस्त की राशि अविलंब जारी करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य



संतोषजनक है,तो उन्हें दूसरी क़िस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर न रखें। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कम प्रगति वाले प्रखंडों से जवाब तलब कर जल्द से जल्द प्रथम व द्वितीय किश्त की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। अबूआ आवास में ग्रामीणों द्वारा पीलिंथ तक के कार्यों की जीओ टैग फोटोग्राफ व डॉक्यूमेंट अपलोडिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अबूआ आवास से संबंधित सभी लंबित कार्य को पूर्ण करें वरना वेतन निर्गत पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर चल रही कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पी.डी जेनरेशन को भी बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा से संबंधित कार्यों ने किसी भी प्रकार का मशीन का प्रयोग न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद नें शोककुल परिजनों से किया मुलाकात

**हज़ारीबाग़** – सदर प्रखंड के चुटियारो पंचायत के सरौनी गांव के अर्जुन महतो के पुत्र मनोज प्रसाद की मृत्यु ट्रेन की पटरी पर गिरनें से हो गई। श्री प्रसाद ने कहा कि बहुत ही हृदय विदारक घटना है। सूचना पाते हैं शोकाकुल परिजनों से मुलाकात किया।मृत्यु की सूचना पाकर मन व्यथित हैं। उन्होनें कहा कि दो छोटें मासूम बच्चे है जिन्हें पता भी नही उनके पिता का साया सदैव के लिए उठ गया। प्रदीप प्रसाद नें कहा कि इस दुख की घडी में हमारी संवेदना परिजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि देवगंत आत्मा को शांति प्रदान



करें। मौकें पर भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष रामचंन्द्र कुशवाहा, चुटियारों पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेश रजक, अधिवक्ता श्री प्रकाश झा,पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, बिरजू रवि, शंकर सिन्हा, रामावतार शर्मा, राजू प्रसाद, अमृत पासवान, विजय राम, प्रभु दयाल कुशवाहा, राजेश यादव शहित दर्जनों लोगों उपस्थित थें।

## कुमारधुबी स्टेशन में व ट्रेनों मे मोबाइल चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा




एग्यारकुंड। कुमारधुबी पुलिस ने कुमारधुबी बाजार समीप डॉ मनोरंजन क्लिनिक के समीप बंद शौचालय के पास घूम रहा एक युवक को बुधवार को शक के आधार पर पकड़ा। पूछताछ व जांच के क्रम में उसके पैकेट से उसके पास से रेडमी का नीला रंग के टच मोबाइल , ओप्पो कंपनी का सिल्वर रंग का टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शौचालय के पास से अभिषेक कुमार उम्र 19 वर्ष बाघाकुड़ी काली मंदिर निवासी को पकड़ा गया है। जो चोरी के दो मोबाइल को बिक्री करने घूम रहा था । पूछताछ में उसके पास से बरामद मोबाइल का कागजात नही दिया गया। दोनो मोबाइल कुमारधुबी स्टेशन में हटिया गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्ज का बुधवार को अभिषेक कुमार प्रसाद को जेल भेज दिया है।

## नापोखुर्द के सैकड़ो युवाओं और महिलाओ ने थामा आजसू पार्टी का दामन

बड़कागांव। प्रखंड के नापो पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजन किया गया। अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस सम्मेलन समारोह में रौशनलाल चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी में अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए विरजू कुमार और विमला देवी के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पार्टी मे सामिल हुए। सभी को मुख्य अतिथि रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। मौके पर सभी नए सदस्यों को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के जनता को विश्वास दिलाता हूं कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी वर्ग के



लोगों की भरोसा टूटने नहीं दूंगा। पार्टी का सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से बिरजू कुमार,विमला देवी,राहुल कुमार,सविता देवी,ममता देवी, आशा कुमारी,दीपा कुमारी,अनीता देवी,बबलू कुमार, कृष्णा साव, बालमुकुंद साव, सुरेंद्र कुमार, कुंदन साव,अनिल साहू, देख लाल कुमार साव, प्रकाश कुमार, संजय कुमार साहू, बीरबल कुमार साव,चुरामन साव,( डोकाटांड ) विकास कुमार,संदीप साहू, शिवदयाल कुमार, सोनू कुमार,अनिल ठाकुर,सुनील साव, रामदेव साव, विशाल कुमार, रामदेव दास, प्यारी कुमार साव, सविता देवी, उपेन्द्र कुमार, पुष्पा देवी, पूनम देवी, लीला देवी, सीताराम साव, सूरज कुमार, सुनीता देवी,सहित सैकड़ों लोगों ने रोशन लाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने एक स्वर मे कहा की आने वाला विधानसभा चुनाव मे रौशनलाल चौधरी को विधायक बनाने मे पूरी ताकत झोंक देंगे। अब बड़कागांव रौशनलाल से ही क्षेत्र रौशन होगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान,जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव, छोटू कुमार, कैशर आलम,आजसू के पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक को झटका, आगरा कॉलेज की बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज से हटाए; 5 सदस्य हटाए गए

आगरा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में शासन ने आगरा कॉलेज की बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में फेरबदल किया है। सबसे बड़ा झटका विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को लगा। विधायक समेत 5 को ट्रस्टीज से बाहर किया गया है। 35 सदस्यों यथावत रहेंगे। बीते दिनों आगरा कॉलेज प्राचार्य की नियुक्ति के लिए बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में विवाद की स्थिति थी। ट्रस्टीज के सदस्यों ने बुधवार को मंडलायुक्त से जल्द बैठक कराने की मांग की है। शासन ने विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, अधिवक्ता सुरेंद्र गुप्ता,




डॉ. अनुराग शर्मा, श्रुति सिंघल को ट्रस्टीज से हटा दिया है। संजीव भारद्वाज का बीते दिनों निधन होने से इनका नाम भी हटाया है। सुभाष ढल, अशोक अरोड़ा, सर्वेश वाजपेयी, निर्मल गिरि, दीपक खरे, गिरिजाशंकर शर्मा, पूरन डावर, हरिओम शर्मा, डॉ. एंड्रयू प्रकाश, प्रमोद शर्मा, मुकेश गुप्ता, भगवान सिंह शर्मा, सुनील उपाध्याय, गंगा धाकड़, ओमस्वरूप गर्ग, टीएन अग्रवाल, देवेंद्र चाहर, भूपेंद्र ठाकुर, डॉ. यादवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश सहगल, प्रतुल भार्गव, संजय कपूर, सूरज शर्मा, सुनीता पाठक, मीना बंसल, किशोर खन्ना, डॉ. तरुण शर्मा, वीरेंद्र दीक्षित, डॉ. भगवान दास दक्ष, दिलीप वर्मा, दीपक अग्रवाल, श्याम बाबू शर्मा, सुनील वर्मा, हेमंत भोजवानी, सुनील कर्मचंदानी सदस्य बने हुए हैं। सुभाष ढल ने बताया कि मंडलायुक्त से ट्रस्टीज की बैठक बुलाने की मांग की है, इसके लिए जल्द प्रतिनिधि मंडल मुलाकात भी करेगा। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने बताया कि बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज से हटाए जाने की कोई जानकारी नहीं है। अभी मैं पार्टी के कार्य के चलते बांदा में हूं, आकर पता करता हूं।

## कोर्ट मैरिज करने कलेक्ट्रेट पहुंचे युवक को उठा ले गए परिजन

### बोले- युवती ने बेटे पर कर रखा तंत्र-मंत्र

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कलेक्ट्रेट में कोर्ट मैरिज के लिए पहुंचे युवक-युवती के परिजन आमने-सामने आ गए। युवक के परिजन युवक को जबरन उठा ले गए। कोर्ट मैरिज नहीं होने दी। युवक के परिजन का आरोप था कि युवती ने लड़के पर तंत्र-मंत्र कर दिया है। युवक और युवती दोनों बालिग हैं। मलपुरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। कलेक्ट्रेट में यह ड्रामा देख लोगों की भीड़ जुट गई। युवक को कलेक्ट्रेट से ले जाते समय एक युवक ने पीछे से उसके हाथ पकड़े हुए थे। युवक का पिता पीछे-पीछे चल रहा था। परिजन का आरोप है कि युवती पहले से विवाहित है। जबकि युवती का कहना है कि उसकी एडिट फोटो किसी ने फेसबुक पर डाल दी, जिसमें एक युवक उसकी मांग भर रहा है। यह फोटो फर्जी है। युवती के परिजन युवक से युवती की शादी के लिए तैयार थे। इसलिए वह युवक व युवती के साथ कोर्ट मैरिज में शामिल होने कलेक्ट्रेट आए थे।

## मां के हत्यारोपित पुत्र की जमानत खारिज, अवैध संबंध के शक में की थी हत्या

**कौशांबी।** जिला जज अनुपम कुमार ने की अदालत ने संदीपनघाट थाना क्षेत्र के चायल निवासी मां के हत्यारोपित पुत्र की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज दी है। आरोपी के खिलाफ अवैध संबंधों के चलते अपनी मां की हत्या करने का आरोप है। वादी अभियोजन के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र के चायल निवासी नत्थू का परिवार संदीपनघाट थानाक्षेत्र के कोइलहा गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। 30 अप्रैल 2024 की रात करीब आठ बजे नत्थू के लडके अजय का अपनी मां संगीता देवी के अवैध संबंध को लेकर झगड़ा हो गया। आवेश में आकर अजय ने संगीता का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अजय अपने एक रिश्तेदार की मदद से शव को पास के यूके लिप्टस के बगीचे में छिपाकर फरार हो गया। मामले में संगीता के दूसरे बेटे जैकी ने अपने सगे भाई अजय के खिलाफ अपनी मां संगीता देवी की गला दबाकर हत्या कलने का नामजद अभियोग पंजीकृत कराया था।

# शोध छात्रा पहुंची न्यायालय, दिल्ली हाईकोर्ट ने यूजीसी, एएमयू, मंत्रालय और प्रोफेसर से मांगा जवाब

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) की शोध छात्रा के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने यूजीसी, एएमयू, शिक्षा मंत्रालय और प्रोफेसर से जवाब मांगा है। कोर्ट ने नोटिस देकर एक महीने में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। दरअसल, छात्रा ने गाइड की नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। छात्रा के अधिवक्ता हिलाल उद्दीन ने बताया कि छात्रा ने आरोप लगाया है कि गाइड की नियुक्ति एक प्रोफेसर की सिफारिश के आधार पर की गई थी, जो वर्तमान में उनके यौन उत्पीड़न के लिए उन पर मुकदमा चल रहा है। याचिका में कहा गया है कि आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने प्रोफेसर को यौन उत्पीड़न के आरोप से बरी कर दिया था जिसके बाद छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराई और अब मामले की सुनवाई अदालत में चल रही है। इसके बाद एक नए मार्गदर्शक, विशेषकर एक महिला, की नियुक्ति की मांग की गई।



याचिका में यह भी कहा गया है कि पिछले साल अगस्त में हुई एक बैठक में एडवांस्ड स्टडीज एंड रिसर्च कमेटी ने एक नए गाइड को नियुक्त किया, जो छात्रा के खिलाफ दायर काउंटर एफआईआर में गवाह है। याचिका में तर्क दिया गया है कि पीएचडी पर्यवेक्षक की नियुक्ति एएमयू अध्यादेशों के अनुसार एएमयू के संबंधित विभाग के बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) की शक्तियों के भीतर है, न कि सीएएसआर के अधिकार क्षेत्र में, जो एक पूरी तरह से अलग संस्था है। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका शोध का समय एएमयू अधिकारियों के अनुचित, अन्यायपूर्ण, गैरकानूनी और मनमाने कार्यों के कारण थीसिस जमा किए बिना 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हो गया। उन्होंने कोर्ट से अपने शोध के समय को सद्भावना के तौर पर कम से कम 10 महीने बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## काशीपुर गांव में आरडीए करवाएगा नई जेल का निर्माण

### 275 करोड़ की आएगी लागत, किसानों से भी खरीदेंगे जमीन




**रामपुर, एजेंसी।** रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) काशीपुर गांव के पास 275 करोड़ रुपये की लागत से जेल का निर्माण कराएगा। इसके लिए सभी विभागों की एनओसी मिल गई है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण की कवायद जल्द ही शुरू हो जाएगी। आरडीए करीब 19 साल बाद अपनी पहली कॉलोनी के निर्माण की ओर कदम बढ़ा रहा है। आरडीए की मंशा राधा रोड पर चीनी मिल की जगह पर जेल के लिए प्रस्तावित जमीन पर कॉलोनी विकसित करने की है। जेल की 66 एकड़ जमीन को आरडीए अपने कब्जे में लेकर उस पर कॉलोनी बनाना चाहता है। जिलाधिकारी व आरडीए के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसके बदले प्रशासन की ओर से स्वार रोड पर स्थित काशीपुर गांव के पास की जमीन पर नई जेल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रशासन की ओर से तैयार कराए गए प्रस्ताव के अनुसार रामपुर में नई जेल का निर्माण 275 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। नई जेल आरडीए के माध्यम से तैयार कराकर कारागार विभाग की सुपुर्द की जाएगी। नई जेल आधुनिक सुविधाओं व सुरक्षा से लैस होगी। प्रशासन की ओर से तैयार कराए गए इस प्रस्ताव पर सभी विभागों की मुहर लग चुकी है। सभी विभागों की एनओसी मिलने के बाद आरडीए ने फाइल शासन को भेज दी है। शासन से मंजूरी मिलते ही आरडीए आवासीय कॉलोनी के साथ ही नई जेल का निर्माण भी शुरू कर देगा।

### किसानों से भी जमीन खरीदेगा प्रशासन

काशीपुर में जेल के निर्माण के लिए यूं तो सरकारी जमीन ही काफी है, लेकिन नियमानुसार जेल बनाने के मानकों को पूरा कराने के लिए प्रशासन ने आसपास की जमीन खरीदने के लिए 12 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा है।

**क्षमता से दोगुनी बंदी हैं जिला कारागार में–** जिला कारागार में 450 बंदियों को रखने की क्षमता है, लेकिन यहां पर करीब एक हजार से ज्यादा बंदी रह रहे हैं। नई जेल बनने से जहां जेल की क्षमता के साथ सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी।

## नौ साल पहले जेल भिजवाने की रंजिश में हुई थी हत्या, दो को उम्रकैद , सबूतों के अभाव में दो बरी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में रंगदारी के मुकदमे में जेल भिजवाने की रंजिश में नौ साल पहले दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या के दो दोषियों को अपर जिला जज प्रथम राजेश चौधरी ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 22-22 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी धनराशि मृतक के भाई को मिलेगी। सबूतों के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया गया है। फरार एक आरोपी की फाइल अलग कर दी गई है। कर्नलगंज स्थित कतरन के कारखाने में 18 अप्रैल 2015 को फैयाज हुसैन भाई सरफराज उर्फ मुन्ने व एक महिला कारीगर लाजो के साथ काम कर रहे थे। तभी कोहना थाना क्षेत्र के एलनगंज कालोनी निवासी तफसीर और बजरिया निवासी नसीर उर्फ लाल बादशाह पहुंचे और तमंचे से सरफराज को गोली मारकर भाग निकले। सरफराज को हैलट ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। फैयाज ने कर्नलगंज थाने में तफसीर व नसीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



### दो लाख रुपये में दी थी हत्या की सुपारी

अगले दिन दूसरी तहरीर देकर हीरामन का पुरवा निवासी मो. समी उर्फ पापे के भी हत्या में शामिल होने की बात कही थी। पुलिस ने तफसीर और नसीर को गिरफ्तार किया तो उन्होंने बताया कि सरफराज के रिश्तेदार हीरामन का पुरवा निवासी नूर आलम उर्फ मुंडन उर्फ मुन्ना ने दो लाख रुपये में सरफराज की हत्या की सुपारी दी थी।

### 12 गवाह कोर्ट में पेश किए गए

हत्या में इस्तेमाल तमंचों को उन्होंने फूलवाली गली निवासी नईम के कारखाने में छिपाया था और वहीं खुद भी छिप गए थे। इस पर पुलिस ने तफसीर, नसीर, मो. समी, नूर आलम व मो. नईम के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि अभियोजन की ओर से मृतक के भाई फैयाज समेत 12 गवाह कोर्ट में पेश किए गए।

## कोयला से लदी मालगाड़ी में लगी आग, 12 किलोमीटर तक परेशान रहा चालक

**कौशांबी , एजेंसी।** प्रयागराज के करछना से कोयला लादकर कानपुर जा रही मालगाड़ी के बोगी नंबर 25 में आग लग गई। भरवारी में डीएफसी लाइन से ट्रेन आगे के लिए बढ़ी तो लोको पायलट ने बोगी संख्या 25 से धुआं उठता देखा। लोको पायलट ने गार्ड से संपर्क कर न्यू शुजातपुर रेलवे स्टेशन मास्टर से संपर्क कर ट्रेन को रुकवाया। सूचना पर पहुंचे फायरकर्मियों ने किसी तरह दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद मालगाड़ी को कानपुर के लिए रवाना कर दिया गया है।

रविवार को प्रयागराज के करछना कस्बे से कोयला लोड कर गुड्स ट्रेन (दादरी स्पेशल)कानपुर के लिए 7:50 सुबह पर रवाना हुई। प्रयागराज स्टेशन होते हुए गुड्स ट्रेन सूबेदारगंज, मनौरी, सैयद सरावां, मनोहरगंज स्टेशन पार करते हुए भरवारी स्टेशन के बाईपास डीएफसीसी लाइन से होकर सुबह 10.35 बजे गुजरी। ट्रेन चालक गुलशन मधु ने ट्रेन की बोगी से धुआं निकलता देखा तो उसने गार्ड अब्दुल जैनुल से संपर्क किया। स्टेशन मास्टर को सूचना देने के बाद करीब 12 किलोमीटर दूर ट्रेन चालक ने ट्रेन को न्यू सुजातपुर रेलवे स्टेशन के आउटर में खड़ा किया। यहां सिराथू से पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रयागराज मुख्यालय में खबर देकर सिग्नल चालू कराने के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## शुगर मिल में हुए बवाल मामले में पूर्व विधायक समेत छह दोषी, 21 आरोपी बरी..



**रामपुर , एजेंसी।** शाहबाद की राणा शुगर मिल करीमगंज में 12 साल पहले हुए बवाल के मामले में कोर्ट ने शाहबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। दोषियों में एक महिला भी शामिल है। कोर्ट सभी दोषियों को बृहस्पतिवार को सजा सुनाएगी।

वहीं साक्ष्य के अभाव में 21 आरोपियों को बरी कर दिया गया। बवाल का यह मामला शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल का है। यहां गन्ना ले जा रहे किसानों का 15 जनवरी 2012 की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। इसके अगले दिन आक्रोशित किसानों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के दो अधिकारियों सहित कई कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, कुंवरपाल समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने यह मामला राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह की तहरीर पर दर्ज किया था। मुकदमे में आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी महिला संजू यादव से लूट के 10 हजार रुपये बरामद होने की बात कही थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट में 28 लोगों का ट्रायल चला। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई। बुधवार को इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया। सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश कर दिए। कोर्ट अब बृहस्पतिवार को इस मामले में दोषियों को सजा सुनाएगी।

### फैसला सुनते ही सन्न रह गए पूर्व विधायक

12 साल पुराने मामले में कोर्ट द्वारा पूर्व विधायक कांशीराम समेत छह को दोषी करार दिए जाने के बाद पूर्व विधायक समेत सभी दोषी सन्न रह गए। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने उन्हें कस्टडी में ले लिया, उसके बाद उनको जेल ले जाया ले जाया गया। इस दौरान विधायक समेत सभी छह दोषी नजरें बचाकर निकल गए। फैसला आने के दौरान पूर्व विधायक के परिवार के लोगों के साथ ही उनके समर्थक भी कोर्ट परिसर में पहुंच गए।

## मेरठ में कागजों में हो रहा कूड़ा निस्तारण

### सामने आई निगम की कारगुजारी, चुप्पी साध रहे अधिकारी

**मेरठ , एजेंसी।** कूड़ा गाड़ी में भ्रष्टाचार का मामला ठंडा हुआ नहीं कि नगर निगम की एक और कारगुजारी उजागर हो गई। मंगतपुरम में कूड़ा निस्तारण के लिए निगम एक तरफ ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया कर रहा है, दूसरी तरफ कागजों में 11 महीने से कूड़ा प्लांट चलना दर्शाया हुआ है। इसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ निगम ने एनजीटी में लगा दी है। मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। मंगतपुरम में प्लांट नहीं मिला, बल्कि वहां कूड़े के पहाड़ पर झोपड़ी बनाकर लोग रहते मिले। इसको लेकर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। मंगतपुरम में कूड़े का पहाड़ लगा है। सुपरटेक पामग्रीन, सूर्यापुरम, सूर्या पैलेस और पर्स रेजीडेंसी सहित कई कॉलोनी में रहने वाली 50 हजार की आबादी इससे परेशान है। स्वच्छ भारत मिशन ने मंगतपुरम से कूड़ा खत्म करने के लिए जून 2023 को निगम को 9.20 करोड़ रुपया दिया हुआ है। निगम ने कूड़ा निस्तारण के लिए ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया चला रखी है। अब टेंडर खुल गया, जिसमें तीन कंपनी ने हिस्सा लिया। 20 जून यानि आज तीनों कंपनी के अधिकारियों के साथ निगम अधिकारी मंथन करेंगे कि कूड़े का निस्तारण किस पद्धति से होगा। बुधवार को निगम का नया कारनामा उजागर हो गया। इसमें निगम ने मंगतपुरम में अगस्त 2023 से कूड़ा प्लांट चालू होना बताया, उसकी रिपोर्ट एनजीटी में प्रस्तुत की। निगम के अधिकारी आते हैं और बार-बार कूड़ा खत्म करने की चर्चा करके चले जाते हैं। कागजों में मंगतपुरम में कूड़े का प्लांट चलाने के पीछे निगम अधिकारियों का क्या मकसद है, इसका खुलासा तो विभागीय जांच के बाद होगा।

आज निगम में कैसे करेंगे अधिकारी मंथन

मंगतपुरम में कूड़ा कैसे खत्म करेंगे, इसको लेकर आज निगम में मंथन होगा। सवाल उठता है कि निगम ने लिखापढ़ी में मंगतपुरम में 11 महीने से कूड़े के निस्तारण के लिए प्लांट चला रखा है। ऐसी स्थिति में कंपनी के अधिकारी कूड़ा खत्म करने के लिए कैसे चर्चा करेंगे। करीब एक साल से टेंडर-टेंडर का खेल निगम में चल रहा है। फाइल गायब हो जाती तो कभी अधिकारियों की उदासीनता के चलते टेंडर नहीं हो पाया।

## अब रोजगार पाना हुआ आसान

### घर बैठे दे सकते हैं इंटरव्यू; एक लाख से अधिक युवाओं को मिलेगा लाभ

**बलिया , एजेंसी।** सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से लगने वाले रोजगार मेलों को अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए युवाओं को संगम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। कंपनी के अधिकारी संबंधित युवक से ऑनलाइन इंटरव्यू लेंगे और रोजगार मुहैया कराएंगे। जुलाई के अंतिम सप्ताह से इसकी शुरुआत होगी। इससे जिले के करीब एक लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिलने का अनुमान है। सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले बेरोजगार युवक– युवतियों की संख्या 70 हजार से अधिक है। जबकि हाल ही में शुरू हुए संगम पोर्टल पर अब तक 100 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। अब विभाग रोजगार मेलों का आयोजन नहीं करेगा। सीधे ऑनलाइन ही मेलों का आयोजन होगा। संगम पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ऑनलाइन ही इंटरव्यू होगा और रोजगार मिलेगा। इस संबंध में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के निर्देशक ने जिला सेवायोजन अधिकारी व जिलाधिकारी को पत्र जारी किया है।

### ये होगी पंजीकरण की प्रक्रिया

पत्र में निर्देशित किया गया है कि सरकारी व निजी संस्थानों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व फार्मा इंस्टीट्यूट, डिग्री कॉलेजों का एकीकृत संगम रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। संस्थानों को पंजीकरण के साथ ही प्लेसमेंट सेल भी बनानी होगी। इसमें उनके संस्थान में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्र– छात्राओं का पंजीकरण कराया जाएगा।

# प्रधानमंत्री खुद को कितना बदल पाएंगे, क्या शासन शैली में भी आएगा परिवर्तन!

## संपादकीय

## नीट से न्याय

नीट या मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को सुलझाने की कवायद जारी है, इसी कड़ी में सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन को चुनौती देने वाली सात याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। खास यह कि एक याचिका में इस बार के नीट-यूजी परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की गई है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अलावा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी या एनटीए से भी जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 8 जुलाई को बड़े फैसले की उम्मीद है। अब तक के घटनाक्रम से यह तो बिल्कुल साफ हो गया है कि इस बार की प्रवेश परीक्षा में कुछ बड़ी कमियां रह गई हैं। इस बात के भी स्पष्ट संकेत हैं कि परीक्षा के साथ कोई न कोई गंभीर खिलवाड़ हुआ है। यह सुखद है कि एनटीए ने भी ग्रेस मार्क्स के खेल पर ध्यान दिया है और 1,563 छात्रों को फिर टेस्ट में बैठना पड़ेगा। टेस्ट का यह फैसला न्यायोचित है, जिन बच्चों के साथ ग्रेस मार्क्स की वजह से नाइंसाफी हुई है, उन्हें अब न्याय मिलने की संभावना बढ़ गई है। बहरहाल, पूरी परीक्षा को नकार देने की कवायद ठीक नहीं है। लाखों विद्यार्थियों ने बहुत संसाधन और समय लगाकर परीक्षा दी है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं होते, वे फिर से परीक्षा की मांग करते हैं, पर यहां किसी भी परीक्षा को न्यायोचित ढंग से ही देखना चाहिए। यहां भावना के ज्यादा मायने नहीं हैं। परीक्षा नियम-कायदे का मामला है, उसकी गुणवत्ता के साथ किसी भी तरह का समझौता किसी अन्याय से कम नहीं है। बहरहाल, कहीं न कहीं कुछ अन्याय हुआ है, तभी तो जगह-जगह उच्च न्यायालयों में परीक्षा को चुनौती दी गई है और एनटीए उचित ही चाहता है कि तमाम मामलों की सुनवाई एक ही जगह सर्वोच्च न्यायालय में हो। कोई आश्चर्य नहीं, एनटीए की ऐसी ही मांग पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया है। इस पर भी 8 जुलाई को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ को पूरी कड़ाई के साथ प्रश्नपत्र लीक और कदाचार की सुनवाई करनी पड़ेगी। एक बड़ा खतरा यह है कि अगर कदाचार का सहारा लेने वाले माफिया अभी बच गए, तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा पर हमेशा के लिए दाग लग जाएगा। यह संभव है कि इस कदाचार में एनटीए के भी कुछ लोग लिप्त रहे हों, अत- एनटीए की जांच पैनल पर कितना भरोसा किया जाए, यह फैसला अदालत को ही करना चाहिए। यह मांग शायद उचित है कि जांच अदालत की निगरानी में होनी चाहिए। अपने देश में मेडिकल की पढ़ाई का खर्च कई निजी संस्थानों में करोड़ों रुपये में पहुंच गया है।

## टेस्ट मैच के खिलाड़ी नीतीश! अंतिम गेंद तक बनाते हैं रणनीति

राजनीति में कोई हमेशा न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन। इस बात का एहसास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने धुर विरोधी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दो-दो बार सरकार बना कर पुष्ट कर डाला। 'अविश्वसनीय राजनीति' के साथ नेशनल पॉलिटिक्स में सीधी दखलंदाजी वाली पाली पर विराम लगाते ही, नीतीश कुमार की चुप्पी को सियासी गलियारों में आवाज मिलने लगी है। इस आवाज को तब बल मिला, जब एक फ्लाइट में सफर कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने बगल में बिठा लिया। ये वो समय था, जब केंद्र में मंत्रियों की संख्या और विभाग को लेकर जदयू की राजनीति के स्वर मध्यम हो गए थे। नीतीश कुमार दो ध्रुवी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। काफी संयमित होकर हर छोर की राजनीति के साथ समन्वय बना कर चलते हैं। हाल ही में फ्लाइट में तेजस्वी यादव को पीछे से अपने साथ बिठाने का कोई एक मकसद नहीं था। एक तो भाजपा का कान खड़खड़ाए और दूसरा ये कि धुर विरोधी तेजस्वी यादव से संवादहीनता न आए। नीतीश कुमार की राजनीति का एक पहलू ये भी है कि संख्या बल का दबाव सहयोगी दल पर बना रहे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी के 'पीएम पद का ऑफर' वाले बयान को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। इस बयान का मतलब इंडिया गठबंधन की तरफ एक खिड़की खोलना भी है। वैसे भी क्रिकेट की भाषा में बात करें तो नीतीश कुमार टेस्ट मैच के खिलाड़ी रहे हैं। बल्लेबाजी धीमी करते हैं। ट्वेंटी-ट्वेंटी की तरह हर बॉल पर छक्का मारने की फिराक में नहीं रहते। ये नीतीश कुमार की डिफेंसिव तकनीक है।

(रामचंद्र गुहा)

करीब एक साल पहले यानी 1 जुलाई, 2023 को इसी पेज पर छपे एक लेख में मैंने लिखा था कि मुझे भारतीय लोकतंत्र में बदलाव की उम्मीद है। मुझे लगता था कि लोकसभा में किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिलेगा। हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री स्वाभाविक रूप से सत्तावादी हैं। उनकी पार्टी को आम चुनावों में दो बार मिले बहुमत से उनके व्यक्तित्व के इस पहलू को बल मिला है। हालांकि जुलाई 2023 में या उसके कुछ महीनों बाद तक मैं संशय में था कि यह उम्मीद सच होगी या नहीं। फरवरी, 2024 में 'फॉरेन अफेयर्स' में छपे एक लेख में प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना की गई थी। मैंने टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'इंडिया' गठबंधन को मोदी और भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। हां, इतनी उम्मीद की जा सकती है कि 'इंडिया' गठबंधन संसद में भाजपा के बहुमत में सेंध जरूर लगा सकता है। उसके कुछ समय बाद उत्तर भारत को बहुत करीब से जानने वाले पत्रकार अनिल माहेश्वरी ने मुझे बताया कि विपक्ष न सिर्फ संसद में भाजपा के बहुमत में सेंध लगाएगा, बल्कि उसे खत्म भी कर देगा। 25 फरवरी, 2024 को अनिल माहेश्वरी ने मुझे लिखा, मैं इस बात को लेकर डरा हुआ हूं कि आपकी उम्मीद गलत हो सकती है। वामपंथी और उदारवादी जमीनी हकीकत को समझ नहीं पाए और भाजपा को लगभग 230 सीटें मिल सकती हैं। एक सप्ताह बाद फिर माहेश्वरी ने यह लिखा, मोदी अपने राजनीतिक स्वभाव में तानाशाही गुणों के साथ अनिर्णय से ग्रस्त हैं। यह बात मेरे इस कथन को मजबूत करता है कि भाजपा की ताकत 230 सीटों तक कम हो सकती है। 18 मार्च को माहेश्वरी ने पुन- मुझे एक ई-मेल भेजा, जिसमें लिखा था, भाजपा को 230 सीटें मिलेंगी, जिनमें उत्तर प्रदेश में 80 में से 30 सीटें शामिल हैं। राहुल गांधी की क्षमताओं के बारे में मेरे मन में कई तरह की आशंकाएं हैं, फिर भी वह एकमात्र ऐसे गैर-भाजपाई नेता हैं, जो सड़क पर उतरे हैं और अच्छी-खासी भीड़ को अपनी ओर खींचने में सफल रहे हैं। अनिल माहेश्वरी ने चुनाव शुरू होने से एक महीने पहले यह भविष्यवाणी कर दी थी। जुलाई, 2023 में मैंने आशा के विपरीत उम्मीद जताते हुए कहा था कि गठबंधन की सरकार आएगी। भारत बहुत बड़ा और विविधताओं वाला देश है। इसे सहयोग और सलाहों के बिना चलाया ही नहीं जा सकता है। हालांकि संसद में ज्यादा बहुमत होने से सत्ता पक्ष में अहंकार आ जाता है। बहुत अधिक बहुमत वाला प्रधानमंत्री अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है, विपक्ष का अनादर करता है, प्रेस पर लगाम लगाता है, संस्थानों की स्वायत्तता को खत्म करता है और नहीं तो कम से कम राज्य के हितों और अधिकारों की अनदेखी करता है। खासतौर पर उन राज्यों की, जहां किसी और पार्टी का शासन रहता है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले मैंने इंदिरा और राजीव गांधी की सरकारों को देखा है, जिनमें प्रचंड बहुमत के कारण सत्तावादी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लक्षण मिलते हैं। दूसरी तरफ मैंने गठबंधन सरकारों को भी देखा है, जब प्रेस और न्यायपालिका अधिक स्वतंत्र थे और नियामक संस्थाओं पर नियंत्रण करने की कोशिश कम थी। 1989 से 2014 के बीच किसी भी एक पार्टी को संसद में बहुमत नहीं मिला था। इस दौरान सात प्रधानमंत्री हुए, जिनमें से चार- वीपी सिंह, चंद्रशेखर, देवगौड़ा और गुजराल दो साल से भी कम समय तक कार्यालय में रहे। दूसरी तरफ, तीन प्रधानमंत्रियों ने पांच साल के कार्यकाल पूरे किए, जिनमें नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह शामिल हैं। अब मोदी तीसरे कार्यकाल में उन प्रधानमंत्रियों की श्रेणी में आ गए हैं, जिन्होंने बिना पूर्ण बहुमत के सरकार चलाई। हालांकि उनसे पहले के प्रधानमंत्रियों ने अपने अनुभव और स्वभाव के चलते प्रभावी तरीके से सरकार चलाई। नरसिम्हा राव ने प्रधानमंत्री बनने से पहले इंदिरा और राजीव गांधी की कैबिनेट में लंबे समय तक काम किया। वाजपेयी प्रधानमंत्री बनने से पहले मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी की सरकार में विदेश मंत्री रहे। मनमोहन सिंह ने भी प्रधानमंत्री के पद पर आने से पहले नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में काम किया था। इसके अलावा राव, वाजपेयी और मनमोहन ने सरकार से बाहर रहते हुए विपक्षी सांसदों की भूमिका भी निभाई। एक प्रचारक और पार्टी के संगठनकर्ता के तौर पर मोदी ने कई वर्षों तक अन्य लोगों के साथ या उनके अधीन भी काम किया, लेकिन जब से उन्होंने चुनावी राजनीति में कदम रखा, वह कभी भी मात्र विधायक या सांसद नहीं रहे। यहां तक कि राज्य या केंद्रीय स्तर पर मंत्री भी नहीं रहे। 2001 से उन्होंने खुद को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के रूप में ही देखा है। पिछले कुछ सालों में उन्होंने खुद को बॉस, टॉप बॉस, सोल और सुप्रीम बॉस के रूप में देखा है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसने एक बहुत बड़े पंथ का निर्माण किया है या एक ऐसा नेता, जो अपने दम पर पहले अपने राज्य और फिर देश को समृद्धि के शिखर पर ले जाएगा। राज्य और केंद्र, दोनों जगहों पर उन्होंने किसी भी नई परियोजना के शुरू होने या उसके पूरे होने का हमेशा श्रेय लिया, चाहे वह पुल हो, हाईवे हो, रेलवे स्टेशन हो, खाद्य सब्सिडी हो या कुछ और। नरसिम्हा राव और वीपी सिंह का व्यक्तित्व आत्मसंतुष्ट और संयमित था। वाजपेयी का व्यक्तित्व अधिक करिश्माई था, लेकिन उन्होंने कभी भी खुद को पार्टी का केंद्र-बिंदु नहीं माना, अपनी सरकार या देश का तो बिल्कुल भी नहीं। इस तरह देखा जाए तो ये तीनों ही अपने अनुभव और स्वभाव के आधार पर कैबिनेट के सहयोगियों और विपक्ष के साथ सलाह-मशविरा कर काम करने के लिए तैयार रहते थे। देखा जाए तो प्रधानमंत्री को स्वयं जीत की हैट्रिक लगाने की पूरी उम्मीद थी, इसलिए उन्होंने इस बात की घोषणा पहले ही कर दी थी कि नए सिरे से पदभार संभालने पर वह पहले सौ दिनों के एजेंडे पर तेजी से काम करेंगे। 'द इकोनोमिक टाइम्स' ने 10 मई को इस बात का दावा किया कि 'मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों के एजेंडे में 50 से 70 लक्ष्य निर्धारित करेंगे।' ध्यान देने योग्य बात है कि यहां अपेक्षा की गई थी कि पिछले तेईस वर्षों से गांधीनगर और नई दिल्ली जो कुछ चल रहा था, सब कुछ वैसे ही बना रहेगा। हालांकि जिस मोदी 3.0 की बात की गई, वह अप्रत्याशित तरीके से एनडीए 2.0 निकला। इस बात से यह सवाल उठता है कि क्या बहुमत के बिना मोदी कैबिनेट मंत्रियों, अपने सांसदों के प्रति नरम रवैया अपनाने में, विपक्ष को सम्मान देने में और उन राज्यों की सरकारों को, जहां सरकार उनकी पार्टी की नहीं है, उन्हें सम्मान देने में राव एवं मनमोहन का अनुकरण कर सकते हैं। इन सवालों के जवाब मिलने में शायद कई महीने या साल लग सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही नरेंद्र मोदी अपनी शासन-शैली में बदलाव लाएंगे।

> *जैसे कि संसद में बहस के लिए ज्यादा समय देंगे, दूसरी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपालों के हस्तक्षेप को कम करेंगे। उनके वरिष्ठ मंत्री या स्वयं मोदी भी मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित नहीं करेंगे। हालांकि उनकी शासन-शैली में कोई बदलाव आएगा या नहीं, यह कहना अभी संभव नहीं है। उनकी प्रवृत्ति सत्ता का केंद्रीकरण करने की रही है।*

## प्यासी दिल्ली पर लड़ाई हुई सियासी

(पुष्पेंद्र कुमार)

दिल्ली में पानी की किल्लत पर एक तरफ तो आम जनता परेशान है तो वहीं दूसरी तरफ राजनीति भी इसे लेकर बेचैन है। भारतीय जनता पार्टी आज दिल्ली सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर गई है। दिल्ली में पानी की कितनी कमी है, इस बात को केवल वही समझ सकता है जिसे टैंकर आने के बाद बाल्टी और डब्बे लेकर उस टैंकर के पीछे भागना पड़ता है। आइए अब जानते हैं कि दिल्ली हर साल जल संकट से क्यों जूझती है और पानी कहां से मिलता है। दिल्ली में इस समय पारा काफी हाई है। इसी वजह से पानी की मांग लगातार बढ़ती ही जा रही है और भूजल का स्तर भी काफी नीचे जा चुका है। इसके साथ ही दिल्ली के ट्यूबवेल और रेनी कुएं, आसपास की नदियां सूख गई हैं। इसके अलावा जल प्रदूषण भी एक बड़ी वजह है। नदियो, झीलों और दूसरे जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण की वजह से उनका पीने लायक नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी में रोजाना 129 करोड़ गैलन पानी की जरूरत होती है और दिल्ली जल बोर्ड केवल 1000 एमजीडी पानी ही उत्पादन करता है। दिल्ली के पास पानी का खुद का कोई भी सोर्स नहीं है। इसी वजह से उसे पड़ोसी राज्यों के भरोसे पर रहना पड़ता है। डीजेबी के आंकड़ो के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को रोजाना 129 करोड़ गैलन पानी की जरूरत होती है और ज्यादातर पानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब से मिलता है। दिल्ली को हरियाणा से यमुना नदी से, पंजाब से रावी-ब्यास नदी के अलावा भाखड़ा-नांगल और उत्तर प्रदेश से गंगा नदी से पानी मिलता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश से ऊपरी गंगा नहर के जरिए गंगा नदी से दिल्ली को 470 क्यूसेक (लगभग 254 एमजीडी) पानी मिल जाता है। हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले दो चैनल- कैरियर लाइन्ड चैनल और दिल्ली सब ब्रांच यमुना और रावी-ब्यास नदियों से पानी की आपूर्ति करते हैं। दिल्ली का जल संकट कोई आज की बात नहीं है। यह विवाद करीब 3 दशक पहले शुरू हुआ था। साल 1995 में दिल्ली के लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने के लिए एक पर्यावरणविद कमोडोर सुरेश्वर धारी सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। उन्होंने कोर्ट में एक पीआईएल दायर की थी। सिन्हा ने इस याचिका में कहा कि यमुना नदी के पानी के प्रवाह को ठीक बनाने की मांग की थी। सिन्हा ने तर्क दिया कि पीने के पानी को बाकी किसी दूसरी चीजों के मुकाबले ज्यादा तवज्जों दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सिन्हा के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए पानी का अधिकार दूसरी बाकी चीजों से ज्यादा जरूरी है। दिल्ली ज्यादा पानी की हकदार है। इसके अलावा कोर्ट ने हरियाणा को आदेश दिया कि पूरे साल दिल्ली को जरूरी मात्रा में पानी देना होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नहर प्रणाली में रिसाव को बंद करके राजधानी की बढ़ती पानी को जरूरतों को पूरा करने के लिए दिल्ली और हरियाणा के बीच में एक जरूरी पहल की शुरुआत की। दिल्ली में जल संकट को लेकर सियासी दल एक-दूसरे पर हमला बोलने में लगे हुए हैं। एक तरफ जहां बीजेपी मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी लगातार बीजेपी को टारगेट करने में जुटी हुई है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि टैंकर माफियाओ पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। अगर यह दिल्ली सरकार के हाथ में होता तो बहुत पहले ही लगाम लग चुकी होती। उन्होंने आगे कहा कि टैंकर माफिया पर लगाम इसलिए नहीं लगाई जा रही है क्योंकि हरियाणा पुलिस और दिल्ली पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है। आतिशी ने यह भी आरोप लगाया कि राजधानी में पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है। आतिशी ने कहा कि साउथ दिल्ली में पाइपलाइन में साजिशन 6 बोल्ट काटे गए, दिल्ली में पानी की परेशानी बढ़ाने के लिए षड्यंत्र हो रहा है। इस षड्यंत्र के कारण साउथ दिल्ली में आज 25 फीसदी पानी की कमी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के जल संकट के मुद्दे पर कहा कि राज्यों के बीच में यमुना जल का बंटवारा एक बेहद ही जटिल मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5407


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5406

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5407



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5406 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | | सा | के | त |
| ग | म | न | | बा | त | | पा |
| दं | | दा | वा | | हिं | स | क |
| बा | ब | र | | गा | दु | र | |
| | र | | रे | | स्ता | | भू |
| अ | सी | म | | सो | नी | प | त |
| टू | | शा | ना | | | | ना |
| ट | ह | ल | ना | | श | प | थ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार मिलेगा। । नौकरी पेशा और व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा और आपका पद भी बढ़ेगा। किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ होगा और भविष्य के लिए योजना भी करेंगे। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

### वृष
आज कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। लेकिन आप अपने सद्व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। निवेश से अच्छा धन लाभ होगा और संपत्ति खरीदने की योजना सफल होगी।

### मिथुन
आज पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें। प्रिय एवं महान पुरूषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलेगा।

### तुला
आज अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे। आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों से मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है। सायंकाल से देर रात तक देव दर्शन का लाभ लेंगे।

### वृश्चिक
आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा हो सकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रूपए पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, अन्यथा धन फंस सकता है। नया बिजनस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा रहेगा। दुकानदार पूरे दिन व्यस्त रहेंगे।

### धनु
आज राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी। व्यापारी प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा, जिससे अच्छा लाभ होगा। नौकरी पेशा जातक किसी दूसरी कंपनी में इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जिनसे भविष्य में अच्छा लाभ भी होगा।

### कर्क
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलने से समय पर कार्य पूरा करेंगे और अपने कामकाज से संतुष्ट रहेंगे। पिताजी की मदद से नई संपत्ति व वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी।

### सिंह
आज जीवन के स्तर में सुधार आने की संभावना है। आप पैसों की बचत करने में सक्षम होंगे और कारोबार के लिए बनाई गईं योजनाओं के सफल होने की संभावना भी है। किसी संपत्ति के खरीद फरोख्त के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा लेकिन पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### कन्या
आज वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। व्यापारियों के लिए उच्च सफलता के योग बन रहे हैं और व्यापारिक योजनाएं पूरी होंगी। नौकरी पेशा जातकों को किसी दूसरी कंपनी से अच्छा ऑफर मिल सकता है।

### मकर
आज आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन, सम्मान, यश व कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। नौकरी पेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सेल्स व मार्केटिंग से जुड़े जातकों को अच्छा फायदा होगा और अपने टारगेट पूरा कर पाएंगे। सायंकाल के समय प्रियजनों से भेंट और मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज आय के नए स्रोत बनेंगे और किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलेगा। साझेदारी में बिजनस करने से अच्छा फायदा होगा और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। बिजनस करने वालों को वाक्पटुता विशेष सम्मान दिलाएगी। कामकाज में भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### मीन
आज अटके धन की प्राप्ति होगी और धन संचय करने में सफलता भी मिलेगी। नौकरी पेशा जातक अगर नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो आपको शानदार अवसर मिलेंगे। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। इस राशि के व्यापारी प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे।



समत्वं योग उच्यते।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर करें मन की बेचैनी दूर

**चिंता, तनाव या किसी शारीरिक समस्या के कारण मन में बहुत बेचैनी रहती है। कहीं ऐसा तो नहीं कि दिमागी झंझावतों की वजह से आप रातभर करवटें बदलते रहते हों। मन की बेचैनी को दूर करके मन को शांत रखना चाहते हैं तो योग दिवस पर आपके लिए हम लाए हैं मात्र 5 ऐसे उपाय जो आपकी मन की शांति को बढ़ा देंगे।**

### ये तीन प्राणायाम करें

चंद्रभेदी, सूर्यभेदी और भ्रामरी प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। इन्हें आसानी से सीखा जा सकता है।

### योगासन

योगासनों में जानुशिरासन, सुप्तवज्रासन, पवनमुक्तासन, पश्चिमोत्तानासन, उष्ट्रासन, ब्रह्ममुद्रा या फिर रोज सूर्य नमस्कार करें।

### ध्यान करें

यदि उपरोक्त में से कुछ भी नहीं कर सकते हैं तो प्रतिदिन 10 मिनट का ध्यान करें।

### श्वास प्रश्वास

यदि उपरोक्त में से कुछ भी नहीं कर सकते हैं तो श्वास प्रश्वास की ये स्टेप करें। सबसे पहले पेट तक गहरी श्वास लें। फिर उससे दोगुने समय तक रोककर रखें और अंत में जितनी देर तक छोड़ते सकते हैं छोड़े। ऐसा कम से कम 10 बार तक करें।

### योग निद्रा

प्राणायाम में भ्रामरी और प्रतिदिन पांच मिनट का ध्यान करें। आप चाहें तो 20 मिनट की योग निद्रा लें जिसके दौरान रुचिकर संगीत पूरी तन्मयता से सुनें और उसका आनंद लें। यदि आप प्रतिदिन योग निद्रा ही करते हैं तो यह रामबाण साबित होगी।



## 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष

**21 जून को पूरे विश्व में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। भारत देश में योग दिवस का एक अपना ही अलग महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की परम्पराओं को समाहित करता है। भारत देश में योग का प्राचीन समय से ही अहम स्थान है। पतंजलि योग दर्शन में कहा गया है कि - योगश्चित्तवृत्त निरोधः अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।**




# मनुष्य की समता और ममता को मजबूती प्रदान करता है योग

हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। इस साल पूरे विश्व में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। भारत देश में योग दिवस का एक अपना ही अलग महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की परम्पराओं को समाहित करता है। भारत देश में योग का प्राचीन समय से ही अहम स्थान है। पतंजलि योग दर्शन में कहा गया है कि - योगश्चित्तवृत्त निरोधः अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो ह्रदय की प्रकृति का संरक्षण ही योग है। जो मनुष्य को समरसता की ओर ले जाता है।

योग मनुष्य की समता और ममता को मजबूती प्रदान करता है। यह एक प्रकार का शारारिक व्यायाम ही नहीं बल्कि जीवात्मा का परमात्मा से पूर्णतया मिलन है। योग शरीर को तो स्वस्थ्य रखता ही है इसके साथ-साथ मन और दिमाग को भी एकाग्र रखने में अपना योगदान देता है। योग मनुष्य में नए-नए सकारात्मक विचारों की उत्पत्ति करता है। जो कि मनुष्य को गलत प्रवृति में जाने से रोकते हैं। योग मन और दिमाग की अशुद्धता को बाहर निकालकर फेंक देता है। योग व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। योग मानसिक नियंत्रण का भी माध्यम है। हिन्दू धर्म, बौध्द धर्म और जैन धर्म में योग को आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाता है। योग मन और दिमाग को तो एकाग्र रखता है ही साथ ही साथ योग हमारी आत्मा को भी शुध्द करता है। योग मनुष्य को अनेक बीमारियों से बचाता है और योग से हम कई बीमारियों का इलाज भी कर सकते हैं। असल में कहा जाते तो योग जीवन जीने का माध्यम है।

श्रीमद्भागवत गीता में कई प्रकार के योगों का उल्लेख किया गया है। भगवद गीता का पूरा छठा अध्याय योग को समर्पित है। इसमें योग के तीन प्रमुख प्रकारों के बारे में बताया गया है। इसमें प्रमुख रूप से कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग का उल्लेख किया गया है। कर्म योग- कार्य करने का योग है। इसमें व्यक्ति अपने स्थिति के उचित और कर्तव्यों के अनुसार कर्मों का श्रद्धापूर्वक निर्वाह करता है। भक्ति योग- भक्ति का योग। भगवान के प्रति भक्ति । इसे भावनात्मक आचरण वाले लोगों को सुझाया जाता है। और ज्ञान योग- ज्ञान का योग अर्थात ज्ञान अर्जित करने का योग। भगवत गीता के छठे अध्याय में बताए गए सभी योग जीवन का आधार है। इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। भगवद्गीता में योग के बारे में बताया गया है कि - सिद्धध्यसिद्धध्यो समोभूत्वा समत्वंयोग उच्चते। अर्थात दुःख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र, शीत और उष्ण आदि द्वन्दों में सर्वत्र समभाव रखना योग है। दुसरे शब्दों में कहा जाए तो योग मनुष्य को सुख-दुःख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र, शीत और उष्ण आदि परिस्थितियों में सामान आचरण की शक्ति प्रदान करता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात योग से कर्मो में कुशलता आती हैं। वास्तव में जो मनुष्य योग करता है उसका शरीर, मन और दिमाग तरोताजा रहता है और मनुष्य प्रत्येक काम मन लगाकर करता है।

27 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में अपने पहले संबोधन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की जोरदार पैरवी की थी। इस प्रस्ताव में उन्होंने 21 जून को ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'' के रूप में मान्यता दिए जाने की बात कही थी। मोदी की इस पहल का 177 देशों ने समर्थन किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में इस आशय के प्रस्ताव को लगभग सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। और 11 दिसम्बर 2014 को को संयुक्त राष्ट्र में 193 सदस्यों द्वारा 21 जून को ''अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी दिवस प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय है। पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया और पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन करोड़ों लोगों ने विश्व में योग किया जो कि एक रिकॉर्ड था।

योग दिवस में 'सूर्य नमस्कार' व 'ओम' उच्चारण का कुछ मुस्लिम संगठन विरोध करते रहे हैं। असल में कहा जाए तो 'ओम' शब्द योग के साथ जुड़ा हुआ है। इसे विवाद में तब्दील करना दुर्भागयपूर्ण है। लेकिन इसे हर किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता। इसलिए योग करते समय लोगों को 'ओम' उच्चारण को अपनी धार्मिक मान्यता की आजादी के अनुसार प्रयोग करना चाहिए। अगर किसी का धर्म ओम उच्चारण की आजादी नहीं देता तो उन्हें बिना ओम जाप के योग करना चाहिए। लेकिन योग को किसी एक धर्म से जोडकर विवाद पैदा नहीं करना चाहिए। आज के समय में योग को भारत के जन-जन तक योग को पहुंचाने में योग गुरु बाबा रामदेव, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर सहित अनेकों ऐसे महापुरुषों का अहम् योगदान है। इनके योग के क्षेत्र में योगदान की वजह से ही आज भारत के घर-घर में प्रतिदिन योग होता है।

भगवद्गीता के अनुसार - तस्माद्दयोगाययुज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम। अर्थात कर्त्व्य कर्म बंधक न हो, इसलिए निष्काम भावना से अनुप्रेरित होकर कर्त्तव्य करने का कौशल योग है। योग को सभी लोगों को सकारात्मक भाव से लेना चाहिए। कोई भी धर्म-संप्रदाय योग की मनाही नहीं करता। इसलिए लोगों को योग को विवाद में नहीं घसीटना चाहिए। योग बुध्दि कुशाग्र बनाता है और संयम बरतने की शक्ति देता है। योग की जितनी धार्मिक मान्यता है। उतना ही योग स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है। योग से शरीर तो स्वस्थ्य रहता है ही साथ ही साथ योग चिंता के भाव को कम करता है। और मनोबल भी मजबूत करता है। योग मानसिक शांति प्रदान करता है और जीवन के प्रति उत्साह और ऊर्जा का संचार करता है। योग मनुष्य में सकारात्मकता तो बढाता है ही, साथ ही साथ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढाता है। इसलिए लोगों को इस तनाव भरे जीवन से मुक्ति पाने के लिए योग करना चाहिए। और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।



# 2000 वर्ष पुराना है भारत में योग का इतिहास

**योग का उद्भव भारत से ही माना जाता है। भारत में स्वामी विवेकानंद ने योग की शुरुआत बहुत पहले कर दी थी। स्वामी जी ने अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में योग का संदेश संपूर्ण विश्व को दिया था। योग पर आधारित पुस्तकों का संग्रह आज भी भारत के राष्ट्रीय संग्रहालयों में मिलता है। योग भारत के पास प्रकृति की एक अमूल्य वस्तु है।**

## योग के फायदे

### मानसिक तनाव से छुटकारा

सुबह के समय योग करने का सबसे ज्यादा असर व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर होता है। प्रातः योग करने से दिन भर के मानसिक तनाव से छुटकारा मिल जाता है एवं सभी कार्य आसानी एवं सरलता से हो जाते हैं।

### वजन कम करने में सहायक

योग वजन घटाने में अत्यधिक सहायक है। सूर्य नमस्कार, योग का ऐसा अंग है जो वजन कम करने में अत्यंत सहायक है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से व्यक्ति का 10 ग्राम तक वजन कम होता है।

### डाईबिटीज रोगियों के लिए जरुरी

कहा जाता है कि डाईबिटीज एक ऐसी बीमारी है जो कभी ठीक नहीं होती। लेकिन ऐसा नहीं है, योग और प्राणायाम से इस बीमारी का इलाज भी संभव है। योग के नियमित अभ्यास से डाईबिटीज जैसी बीमारी से राहत पाई जा सकती है।

### मन प्रसन्न

प्रतिदिन सुबह के समय योग करने से मन दिन भर प्रसन्न रहता है, साथ ही मानसिक शांति भी मिलती है। मानसिक रोगों को दूर कर प्रसन्न रहने के लिए यह एक बेहतरीन उपाय है।

### आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी

योग से मस्तिष्क सक्रिय होता है और शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि होती है, जिससे व्यक्ति का मन किसी भी कार्य में व्यवस्थित रूप से लगा रहता है एवं उसके सभी काम समय पर होने से उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

## योग का महत्व

आज के समय में सभी के जीवन में योग का बहुत अधिक महत्व है। वर्तमान में बढ़ती बीमारियों से निपटने के लिए योग बहुत जरुरी है। जिस प्रकार डाईबिटीज के मरीज के लिए दवा जरुरी है, ठीक उसी प्रकार जीवन में योग बहुत आवश्यक है। प्रातः काल का समय, योग करने का सही समय माना जाता है। सुबह के समय योग करने से व्यक्ति के मस्तिष्क की सभी इंद्रियां भलीभंति गतिमान होती हैं, जिससे व्यक्ति का मन एकाग्र होकर कार्य करता है। योग एक ऐसी साधना है, जिसका जीवन में होना बहुत जरुरी है। योग एक ऐसी दवा है, जो बगैर खर्च के रोगियों का इलाज करने में सक्षम है। वहीं यह शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है, यही कारण हैं कि युवाओं द्वारा बड़े पैमाने पर जिम और एरोबिक्स को छोड़कर योग अपनाया जा रहा है।

## योग का भविष्य

भारत के लिए बहुत गर्व की बात है की संपूर्ण विश्व में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आज के समय में योग का उज्जवल भविष्य सामने है। वर्तमान में योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ती जा रही है, जिससे आने वाले समय में योग का स्तर और व्यापक होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। योग अब विदेशों में भी अपनाया जा चुका है जो यह दर्शाता है कि योग अब अंतराष्ट्रीय स्तर विकसित हो चुका है।

## योग की सावधानियां

- योग सुबह या शाम के समय करना ज्यादा बेहतर होगा।
- योग हमेशा खाली पेट करें।
- योग अपने शरीर के हिसाब से करें। जो आसन आप कर सकते हैं वही आसन करें।



# हार्मोनल इंबैलेंस ही नहीं पाचन से जुड़ी दिक्कतें भी दूर करता है कपालभाति

**ब्रीदिंग एक्सरसाइज को योग का खजाना कहा जाता है। इसे करने से न सिर्फ हार्मोनल इंबैलेंस बल्कि पाचन से जुड़ी कई दिक्कतें भी दूर हो सकती हैं। ऐसी ही एक एक्सरसाइज का नाम है कपालभाति। आइए जानते हैं कपालभाति प्राणायाम करने से शरीर को मिलते हैं कौन से फायदे।**

### डाइजेस्टिव सिस्टम को बनाएं मजबूत

कपालभाति डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाकर गैस, एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याओं में भी राहत देता है।

### दिल के लिए अच्छा

कपालभाति प्राणायाम फेफड़ों, स्प्लीन, लीवर, पैनक्रियाज के साथ-साथ दिल के कार्य में सुधार करता है। यह न केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बल्कि धमनी के अवरोध को दूर करने में भी मददगार है।

### नर्वस सिस्टम

यह नवर्स सिस्टम यानि तंत्रिका तंत्र के लिए भी बहुत अच्छा प्राणायाम माना जाता है। इसे करते समय होने वाली पंपिंग से ब्रेन के सेल्स में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ जाता है। कई महिलाओं को कपालभाति करते समय बीच में उबासी आती है। उबासी आने का मतलब यह है कि ब्रेन के सेल्स बहुत थके हुए हैं और जब ऑक्सीजन जाता है तब वह रिलैक्स हो जाते हैं।

### हार्मोंस बैलेंस

यह रिप्रोडक्टिव सिस्टम के लिए भी बहुत अच्छा होता है। इसके नियमित अभ्यास करने से ब्लड की सप्लाई यूट्रस, फैलोपियन ट्यूब और ओवरीज में बढ़ती है, जहां पर साफ-सफाई का काम हो जाता है। जैसे कि पीसीओडी होने पर सिस्ट बन जाते हैं। यह सिस्ट हार्मोनल इंबैलेंस के कारण बनते हैं। लेकिन जब कपालभाति प्राणायाम किया जाता है तब इससे हार्मोंस बैलेंस होते हैं।

### ग्लोइंग त्वचा

कपालभाति शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है। जिससे आपकी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार होता है और त्वचा ग्लोइंग बनती है।



# सात साल बाद साथ आएंगे कबीर खान ऋतिक रोशन?



ऋतिक रोशन इन दिनों यशराज फिल्म्स के साथ अपनी अगली फिल्म वॉर 2 की शूटिंग कर रहे हैं। इसी बीच ऋतिक के प्रशंसकों के लिए एक और बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक रोशन सात साल बाद वापस से कबीर खान के साथ नई फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं। नई रिपोर्ट ने सामने आने के बाद से ही ऋतिक और कबीर के प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। कबीर खान अपनी सामाजिक रूप से जागरूक व्यावसायिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक और कबीर कई विचारों पर चर्चा कर रहे हैं और पिछले कुछ महीनों में कई बार मिल चुके हैं। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, बातचीत अभी प्राथमिक चरण में है, लेकिन वे एक साथ नई फिल्म बनाने पर चर्चा कर रहे हैं और उम्मीद है कि वे सफल भी होंगे। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है। सूत्र ने आगे बताया, ऋतिक आमतौर पर किसी प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अपने निर्देशकों के साथ काफी समय बिताते हैं, इसलिए इस समय निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन अब तक चीजें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जिस एक प्रोजेक्ट पर वे विचार कर रहे हैं वह पोस्ट एपोकैलिक थ्रिलर है।



# फिल्म न चलने पर बुरा तो लगता है

मुक्काबाज जैसी चर्चित फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री जोया हुसैन थिएटर की ट्रेनिंग लेकर आई हैं। उनकी फिल्म माघ –द विंटर विदिन फिल्म फेस्टिवलों में काफी सराही जा रही है। हाल ही में वह मनोज बाजपेयी के साथ भैयाजी में दिखीं। मुक्काबाज में विनीत कुमार के साथ काम कर चुकी जोया का कहना है, विनीत से मैंने बहुत कुछ सीखा, जहां तक भैयाजी मनोज बाजपेयी की बात है, तो दोनों में अपने काम को लेकर एक–सा समर्पण है। मनोज जी का के साथ तो काम करना अद्भुत रहा। भैयाजी उनकी सौवीं फिल्म है। मैं शुरू में काफी नर्वस थी, मगर मनोज जी और उनकी पत्नी शबाना जी ने मेरा बहुत खयाल रखा। मैं मानती हूं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा नहीं कर पाई। अब फिल्म बनाते हुए तो हर डिपार्टमेंट अपना बेस्ट ही देता है, मगर अब फिल्म को वैसा रिस्पॉन्स क्यों नहीं मिल पाया, इसके बारे में मैं कोई विश्लेषण नहीं कर सकती, मगर हां फिल्म न चलने पर बुरा तो लगता है।

**आउटसाइडर्स को ज्यादा रिजेक्शन फेस करना पड़ता है**

नकारे जाने की प्रक्रिया के बारे में वे कहती हैं, मैंने काफी रिजेक्शन फेस किया है। हम जैसे आउटसाइडर्स के साथ तो ये बहुत होता है। कई बार आप किसी रोल के लिए तीन–चार महीने देते हैं, मगर आपको बताया नहीं जाता कि आप सिलेक्ट हुए हैं या नहीं? वो टंगे रहना बहुत खलता है। फिर आप कहीं पढ़ते हैं कि जिस रोल के लिए आप इतनी मेहनत कर रहे थे, उसमें किसी और को ले लिया गया है। शुरू में जब मेरे साथ ऐसा हुआ, तो मैं बहुत दुखी हो जाती थी। आप भी सोच में पड़ जाते हैं कि क्यों वर्कआउट नहीं हुआ? आप क्यों रिजेक्ट हो गए? उसके बाद ये बहुत रेगुलर होने लगता है। आपको इतना ज्यादा रिजेक्शन का सामना करना पड़ता है कि उसको आपको अपनाना पड़ता है। वरना आप जी नहीं पाते।

**हम दोस्तों ने मिलकर बनाई है माघ द विंटर विदिन**

अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में वे कहती हैं, मैं अपने दो–तीन अच्छे प्रोजेक्ट्स के इंतजार में हूं। दिबाकर बनर्जी के साथ मैं एक फिल्म कर रही हूं। एक ओटीटी वाली मूवी भी है। मैंने आमिर बशीर के साथ भी एक अच्छी फिल्म की है, जो कश्मीर पर आधारित है। फिल्म का नाम है माघ्द विंटर विदिन। मेरी भूमिका काफी भावनात्मक और दमदार है। पिछले साल बुसान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर भी हुआ और इसने वहां बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी जीता। यह फिल्म हम दोस्तों ने मिलकर बनाई है।



# दीपिका बनीं 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री!

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। दीपिका की फिल्म कल्कि 2898 एडी भी जल्द रिलीज होने वाली है। ऐसे में दीपिका के प्रशंसकों को उनकी आगामी साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी और उनके घर में आने वाले नन्हें मेहमान का बेसब्री से इंतजार है। दीपिका 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। दीपिका ने आलिया भट्ट, कंगना रनौत, प्रियंका चोपड़ा और ऐश्वर्या राय बच्चन को पीछे छोड़ते हुए इस सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया है। हैरानी की बात यह है कि इस सूची में एक भी दक्षिण भारतीय अभिनेत्री का नाम शामिल नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फोर्ब्स द्वारा आईएमडीबी की मदद से तैयार की गई सूची में, दीपिका पादुकोण भारत में 2024 की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्री के रूप में उभरीं हैं, जिनकी कथित फीस प्रति फिल्म 15 करोड़ रुपये से 30 करोड़ रुपये है। उनके बाद अभिनेत्री से राजनेता बनी कंगना रनौत हैं। इमरजेंसी की अभिनेत्री प्रति फिल्म 15 करोड़ रुपये से 27 करोड़ रुपये लेती हैं। प्रियंका चोपड़ा जोनास प्रति फिल्म 15 करोड़ रुपये से 25 करोड़ रुपये की कथित फीस के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं। कैटरीना कैफ चौथे स्थान पर हैं। टाइगर 3 स्टार प्रति फिल्म 15 करोड़ रुपये से 25 करोड़ रुपये लेती हैं। आलिया भट्ट कथित तौर पर 10 से 20 करोड़ रुपये प्रति फिल्म की मांग के साथ पांचवें स्थान पर हैं। सूची में अन्य नाम करीना कपूर खान का भी हैं, जो कथित तौर पर प्रति फिल्म 8 करोड़ से 18 करोड़ रुपये लेती हैं। श्रद्धा कपूर, जो कथित तौर पर प्रति फिल्म 7 करोड़ से 15 करोड़ रुपये लेती हैं और विद्या बालन प्रति फिल्म 8 करोड़ से 14 करोड़ रुपये का भुगतान लेती हैं। 2024 की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की सूची में अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अनुष्का कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 8 करोड़ से 12 करोड़ रुपये लेती हैं, जबकि पोन्नियिन सेलवन स्टार ऐश्वर्या प्रति फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपये फीस लेती हैं।



# ऋचा चड्ढा और अली फजल की गर्ल्स विल बी गर्ल्स फ्रांस और ब्रिटेन में होगी रिलीज

ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के शानदार और पावर कपल कहे जाते हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में है तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें कि उनकी इस फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं, जिसमें सनडांस फिल्म फेस्टिवल में जीत भी शामिल है।

**फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक का है इंतजार**

अपनी फिल्म को लेकर ऋचा ने कहा, हमें यह देखकर काफी गर्व महसूस होता है कि गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे।

**भारतीय ऑडियंस भी इस साल के अंत में देख सकेंगे फिल्म**

ऋचा ने ये भी कहा, फिल्म हाल ही में सनडांस फिल्म फेस्टिवल के यूके चैप्टर में भी दिखाई गई। अब हम उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब भारतीय ऑडियंस भी इस साल के आखिर में इसे देख सकेंगे।

# श्रद्धा ने राहुल मोदी के साथ किया रिश्ता कंफर्म?



**श्रद्धा कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री, सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा सक्रिय रहती हैं। वह अक्सर अपनी दिल की बातें फैंस के साथ साझा किया करती हैं।**

श्रद्धा इन दिनों एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। इस बार वह अपनी किसी फिल्म की वजह से नहीं, बल्कि निजी जिंदगी की वजह से चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि वह कथित रूप से तू झूठी मैं मक्कार के लेखक राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों की तरफ से इस बात की आधारिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन हाल ही में श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे एक बार फिर से कयासों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल, श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ एक सेल्फी पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है। तस्वीर के साथ श्रद्धा ने लिखा, दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार। यह पहला मौका है जब अभिनेत्री राहुल के लिए सार्वजनिक तौर पर ऐसा कुछ पोस्ट किया है। इस साल की शुरुआत में दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। कई मौकों पर दोनों को एक साथ भी देखा गया। वहीं, अभिनेत्री को गले में एक चेन पहने हुए भी देखा गया, जिस पर पहला अक्षर आर लिखा था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह उन्हें राहुल ने उपहार में दी होगी।



# मेरे लिए बहुत जरूरी है कि मेरी गर्लफ्रेंड या पत्नी महत्वाकांक्षी हो

**क्यूट चॉकलेटी हीरो रोहित सराफ इन दिनों अपनी फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनके साथ ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना भी हैं। फिल्म के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ पर बातें करते हुए उन्होंने कहा- मेरे लिए बहुत जरूरी है कि मेरी जो गर्लफ्रेंड या पत्नी हों, वो बहुत महत्वाकांक्षी हो। अपने क्यूट चॉकलेटी लुक और प्यारे किरदारों से युवा पीढ़ी का दिल लूटने वाले ऐक्टर रोहित सराफ अब लोगों को इश्क-विश्क के प्रेमजाल में बांधने आ रहे हैं।**

**अपनी वेब सीरीज मिसमैच्ड के बाद अब आप बड़े पर्दे पर प्यार की कहानी लेकर आ रहे हैं। आपके लिए प्यार के क्या मायने हैं? ये किरदार आपसे कितना समान या अलग है?**

मैं तो ओल्ड स्कूल रोमांस में यकीन रखता हूं। मेरा मानना है कि प्यार ऐसा होना चाहिए कि जब आप घर जाएं तो सुरक्षित, सिक्योर, सहज महसूस करें। आप उस रिश्ते में बिल्कुल वैसे रह सकें, जैसे आप हैं। वो मेरे लिए प्यार है। अभी तो मैं सिंगल हूं पर मैं चाहूंगा कि मेरा रिलेशनशिप जब भी हो, ऐसा हो कि मैं उसमें सुरक्षित महसूस कर सकूं। रही बात फिल्म में मेरे किरदार राघव की तो वह मुझसे बहुत अलग है। वह जिंदगी में बहुत ही कन्फ्यूज है।

**आप खुद आज की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, फिर भी ओल्ड स्कूल रोमांस में यकीन करते हैं। फिर, फिल्म में किस तरह के नए रोमांस की बात हो रही है?** हमारी पीढ़ी असल में मिलेनियल्स वाली है, इसलिए हमें वो पहले वाला प्यार ही समझ में आता है। जबकि, फिल्म में हम जेन जी की बात कर रहे हैं। इस पीढ़ी में प्यार, रिलेशनशिप काफी अलग होता हैं। पहले तो उनके टैग्स ही अलग होते हैं। पहले के जमाने में अगर आप प्यार में हैं तो आपको पता है कि ये प्यार है। एक क्लैरिटी होती थी कि प्यार है या नहीं है। अभी ये क्लैरिटी नहीं होती क्योंकि शायद ऑप्शन बहुत ज्यादा हैं तो इस पीढ़ी में कंफ्यूजन ज्यादा है।

**प्यार के रिश्ते में कौन सी चीज आप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं कर सकते? और आप अपने पार्टनर में क्या खूबियां चाहते हैं?**

प्यार के रिश्ते में मैं बेईमानी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं कर सकता। मेरे लिए रिश्ते में सम्मान होना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, मेरे लिए बहुत जरूरी है कि मेरी जो गर्लफ्रेंड या पत्नी हों, वो बहुत महत्वाकांक्षी हो। यह एक ऐसी क्वॉलिटी है जो मुझे बहुत पसंद है। मुझे ऐसे महत्वाकांक्षी लोग, जो जिंदगी में कुछ करना चाहते हैं, कुछ पाना चाहते हैं, कुछ बदलाव लाना चाहते हैं, वे बहुत उत्साहित करते हैं तो मेरी चाहूंगा कि मेरी पार्टनर में भी ये खूबी हो। मेरे घर पर तीन बहनें हैं, मेरी मां हैं, भाभी हैं और भतीजी है तो मेरे इर्द–गिर्द सब स्ट्रॉन्ग औरतें रही हैं, तो मेरे लिए बहुत अहम है कि भविष्य में जो भी मेरी पार्टनर या पत्नी हो, वो बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी और आत्मनिर्भर हो क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि अगर वो ऐसी नहीं होगी तो मुझे उसमें इंट्रेस्ट होगा।

# करण जौहर और सलमान खान की विरासत संभालने को तैयार अनिल कपूर



बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन रिलीज की पूरी तैयारी कर चुका है। जियो सिनेमा पर इसके प्रसारण में भी अब बस तीन दिन ही बचे हैं। इस कार्यक्रम में इस बार अभिनेता अनिल कपूर होस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। 'टैगलाईन 'अब सब बदलेगा' के साथ बिग बॉस ओटीटी 3 इस बार अपने प्रशंसकों के लिए कई इंटरैक्टिव फीचर्स लेकर आया है जैसे ऑडियन्स टेकओवर, जिसके तहत दर्शक घर में होने वाले फैसलों को प्रभावित कर सकते हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर ने कहा, ''अगर आपको लगता है कि आपने बिग बॉस में सब कुछ देख लिया है, तो एक बार फिर से सोचिए। इस सीजन मैं आपके लिए सबसे बेहतरीन स्टॉप्स लेकर आ रहा हूं। अनिल कपूर ने कहा, बिग बॉस का यह सीजन अब तक का सबसे मसालेदार सीजन होगा।

संक्षिप्त समाचार

## अमेज़न ने एलेक्सा-कम्पैटिबल स्मार्ट होम डिवाइस पर 70 प्रतिशत तक की छूट के साथ घोषणा की 'स्मार्ट होम डेज़' की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेज़न ने एलेक्सा के साथ इको स्मार्ट स्पीकर, एलेक्सा स्मार्ट होम कॉम्बो और फिलिप्स, डायसन, एमआई, पैनासोनिक, क्यूबो, विप्रो, एटमबर्ग, सीपी प्लस, टीपी-लिंक और होममेट जैसे ब्रांडों के 1200 से अधिक एलेक्सा स्मार्ट होम डिवाइस पर 70 प्रतिशत तक




की छूट के साथ 'स्मार्ट होम डेज़' की घोषणा की है। ग्राहक 15 जून से 21 जून 2024 के दौरान, स्मार्ट लाइट, प्लग, पंखे, टीवी से लेकर सिक्योरिटी कैमरा, डोर लॉक, एसी, वॉटर हीटर और एयर प्यूरीफायर तक, अमेज़न डॉट इन पर कई तरह के एलेक्सा- कम्पैटिबल डिवाइस खरीदारी कर सकते हैं।

भारत में ग्राहक अपने कम्पैटिबल स्मार्ट होम एप्लायंस को नियंत्रित करने के लिए अपने रोज़मर्रा के जीवन में एलेक्सा का उपयोग तेज़ी से कर रहे हैं। अंग्रेज़ी, हिंदी या हिंग्लिश में सरल वॉयस कमांड, जैसे एलेक्सा गीज़र चला दो, एलेक्सा, 15 मिनट के बाद एसी बंद कर दो, या एलेक्सा, हॉल की लाइट डिम कर दो के ज़रिये, वे एलेक्सा के साथ काम करने वाले कई तरह के स्मार्ट होम उत्पाद का सहजता से उपयोग कर सकते हैं ताकि रोज़मर्रा के जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।

## अमेजन ऑफिस है या जेल, टॉयलेट जाने और पानी पीने पर पाबंदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन अपने कर्मचारियों को कथित तौर पर टायलेट ब्रेक भी नहीं देता। हरियाणा के मानेसर में अमेजन इंडिया के गोदाम से जुड़ी ऐसी एक न्यूज रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। आयोग ने कहा कि अगर रिपोर्ट सच है, तो यह श्रम कानूनों का उल्लंघन है।




टीओआई की खबर के मुताबिक रिपोर्ट में मजदूरों ने कहा कि उनसे यह शपथ कराई गई कि जब तक उनका काम का टार्गेट पूरा नहीं हो जाता, वे न तो टॉयलेट ब्रेक लेंगे और न ही वॉटर ब्रेक। इस केस की प्रोसिडिंग के मुताबिक, हरियाणा के मानेसर में अमेजन इंडिया के एक गोदाम में 24 वर्षीय एक मजदूर से यह प्लेज कराने को कहा गया कि जब तक वह 24 फीट लंबे 6 ट्रकों से सारे पैकेज उतार नहीं लेता, तब तक वह शौचालय नहीं जाएगा और न ही पानी का ब्रेक लेगा, जब तक कि उनकी टीम का 30 मिनट का टी ब्रेक समाप्त नहीं हो जाता।

**शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं-** इस मामले की कार्यवाही में 16 मई को एक टीवी चैनल पर आई रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें दिखाया गया कि पिछले महीने गोदाम की इनबाउंड टीम ने 8 बार शपथ ली थी। कर्मचारियों ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गोदाम से निकलने वाले सामानों को हैंडल करने वाली आउटबाउंड टीम को रोजाना उसके टार्गेट की याद दिलाई जाती थी।

# स्विस बीमा कंपनी ज्यूरिख की इंडिया में एंट्री

## कोटक के जनरल इंश्योरेंस में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्विस बीमा कंपनी ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक से 5,560 करोड़ रुपये (670 मिलियन डॉलर) की डील पूरी हो गई है। इस डील के तहत ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। बता दें नवंबर 2023 में इस डील का ऐलान किया गया था।

इस सौदे के साथ ज्यूरिख भारत में प्रवेश करने वाली पहली विदेशी बीमा कंपनी बन गई है। क्योंकि, 2021 में 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत तक विदेशी स्वामित्व की अनुमति देने के लिए एफडीआई नियमों में संशोधन किया गया था। मार्च 2024 तक कोटक महिंद्रा बैंक के पास बीमा सहायक कंपनी में 875 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी की 100 प्रतिशत इक्विटी थी।




वित्त वर्ष 2024 में कोटक जनरल की मोटर इंश्योरेंस से कुल प्रीमियम आय 748 करोड़ रुपये और हेल्थ इंश्योरेंस से 620 करोड़ रुपये की इनकम हुई थी। ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप के सीईओ (एशिया-प्रशांत) तुलसी नायडू ने कहा, कोटक जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण ज्यूरिख के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रोथ मार्केट में लीडिंग रोल बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। ज्यूरिख के लिए यह एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम है।

उन्होंने आगे कहा, भारत का बीमा बाजार अपार संभावनाएं प्रदान करता है और कोटक के साथ मिलकर हम इसके विकास का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।हमारे पास वैश्विक स्तर, कॉम्प्लेक्स रिस्क मैनेजमेंट बंधन में मजबूत विशेषज्ञता, डिजिटल क्षमताएं और बीमा सुरक्षा अंतर को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी नेतृत्व है। हमारा लक्ष्य भारतीय ग्राहकों के बीच फ्लैक्सिबिलिटी पैदा करना है।

### ब्याज आय पर कर राहत की वकालत

सबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी। फिलहाल, बैंकों को तब कर काटना पड़ता है जब सभी बैंक शाखाओं में जमा राशि से ब्याज आय एक वर्ष में 40,000 रुपये से अधिक हो।

बचत खातों के मामले में, 10,000 रुपये तक अर्जित ब्याज कर से मुक्त है। खारा ने कहा, अगर बजट में ब्याज आय पर कर के मामले में कुछ राहत दी जा सके तो यह जमाकर्ताओं के लिए एक प्रोत्साहन होगा। आखिरकार, बैंकिंग क्षेत्र देश में पूंजी निर्माण के लिए जुटाई गई जमा का उपयोग करता है।

## अगर आपके पास हैं नालको-सेल के शेयर तो बेचकर निकल लीजिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पोर्टफोलियो में दो सरकारी कंपनियों नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड हैं, तो इन्हें फौरन बेचकर निकल लीजिए। इसे हम नहीं कह रहे बल्कि घरेलू ब्रोक्रेज कंपनी प्रभुदास लीलाधर ने अपने एक नोट में कहा है। ब्रोक्रेज ने नाल्को को सेल रेटिंग के साथ 141 का टार्गेट प्राइस दिया है, जो आज सुबह के प्राइस 185.40 रुपये से करीब 23 फीसद कम है। अगर प्रभुदास लीलाधर के नोट पर भरोसा करें तो यह शेयर आने वाले कुछ दिनों में करीब 44 रुपये प्रति शेयर का नुकसान करा सकता है। बता दें नाल्को एक नवर प्रतिशत कंपनी है। इसकी स्थापना 7 जनवरी, 1981 को भुवनेश्वर में की गई थी। यह कंपनी खनन, धातु और बिजली में एकीकृत और विविध प्रचालनों वाली एक श्रेणी 'ए' का सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

# नोकिया ने एचएमडी 105 डिवाइस को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की

### शुरू किया नया कैम्पेन- 'भरोसा वही, शुरुआत नई'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचएमडी ने अपने बहुप्रतीक्षित एचएमडी 105 डिवाइस को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी के शानदार उत्पादों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, एचएमडी 105 दरअसल एक बड़ी तकनीकी छलांग को दर्शाता है, क्योंकि इसमें लोगों को मिलती है शानदार परफॉर्मेंस, बेहद आकर्षक डिज़ाइन और ऐसी बेमिसाल खूबियां जो इसे इंडस्ट्री में सबसे आगे खड़ा




करती हैं। फ़ोन इनबिल्ट यूपीआई एप्लिकेशन के साथ आता है, जो एचएमडी फ़ोन की विश्वसनीयता को यूपीआई की सुविधा और पहुँच के साथ जोड़ता है, जिससे उपयोगकर्ता स्मार्टफ़ोन के बिना भी सुरक्षित और सहज रूप से यूपीआई भुगतान लेनदेन कर सकते हैं। एचएमडी 105 फ़ोन उद्योग की अग्रणी विशेषताओं के साथ आता है। इनमें शामिल हैं बेहतरीन मल्टीमीडिया सुविधाएं, वॉयस असिस्टेंस और इमर्सिव क्लैरिटी, बेहतर विजिबिलिटी और बड़ा डिस्प्ले। फ़ोन एक साल की रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ भी आता है, जो इसे उपयोगकर्ताओं के लिए एक विश्वसनीय विकल्प बनाता है।

एचएमडी ग्लोबल के वाइस प्रेसिडेंट-इंडिया और एपीएसी रवि कुंवर ने एचएमडी 105 की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''एचएमडी 105 और एचएमडी 110 स्टाइलिश नए डिजाइन और यूपीआई क्षमताओं के साथ भारत में लॉन्च होने वाले हमारे पहले फीचर फोन हैं। ये डिवाइस आसान और उपयोगी तकनीक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। फीचर से भरपूर एचएमडी 105 और एचएमडी 110 का उद्देश्य डिजिटल फासले को दूर करना और हमारे फीचर फोन श्रेणी के भीतर सभी के लिए वित्तीय पहुंच को बढ़ाना है। ये फोन हमारी 'कम में ज्यादा' की फिलॉस्फी के अनुरूप हैं और इसके साथ ही हम अपनी मल्टी-ब्रांड यात्रा जारी रखते हैं।''

एचएमडी 105 की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं- यूजर्स के लिए बेहतर अनुभव- मॉडर्न डिज़ाइन और खूबसूरती से सजा यह फोन यूजर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करता है। फोन का पिछला हिस्सा टेक्सचराइज्ड है और इसके अनूठे कर्व्स फोन को मजबूती देते हैं। ये खूबियां आपके हाथ में आरामदेह महसूस करने और चलते-फिरते आपकी जेब में आसानी से फिट होने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई हैं।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड को सीआरजेई लिमिटेड से सोफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेन्ट के लिए 20 मिलियन यूएस डॉलर का सब कॉन्ट्राक्ट मिला

**नाशिक, एजेंसी।** कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट डेवलपमेन्ट सेक्टर की जानीमानी कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जो इससे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) ने सीआरजेई (इस्ट अफ्रीका) लिमिटेड की ओर से 20 मिलियन यूएस डॉलर का महत्वपूर्ण सबकॉन्ट्राक्ट प्राप्त किया है। सीआरजेई पूरे अफ्रीका में रेलवे और फाइव-स्टार होटेल्स बनाने वाली आधुनिक कंपनी है।

यह महत्वपूर्ण कॉन्ट्राक्ट सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के सिविल इंजिनियरिंग सेगमेंट पर ध्यान देता है और केबीसी ग्लोबल के लिए बडी उपलब्धि दिखाता है. यह कॉन्ट्राक्ट केबीसी ग्लोबल की पूर्ण स्वामित्व वाली केन्याई सहायक कंपनी, कार्डा इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के माध्यम से सुरक्षित किया गया था, जो अफ्रीकी बाजार में कंपनी के विस्तार को रेखांकित करता है।

KARDA CONSTRUCTIONS BUILDERS & DEVELOPERS (KBC GLOBAL LTD)

यह कॉन्ट्राक्ट अंतरराष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में केबीसी ग्लोबल की बढ़ती क्षमताओं और प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालता है। यह परियोजना अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो अफ्रीका महाद्वीप के विकास में एक प्रमुख कंपनी बनने की दिशा में उसका पहला बड़ा कदम है। इस उपलब्धि के साथ, केबीसी ग्लोबल क्षेत्र के महत्वाकांक्षी विकास और विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए, पूर्वी अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो भारत के नासिक में रेसिडेंन्शियल और रेसिडेन्शियल-कम ऑफिस प्रोजेक्ट्स के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो सेगमेन्ट्स में काम करती हैः रेसिडेन्शियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स का निर्माण और विकास, और कोन्ट्रेक्च्युअल प्रोजेक्टस। कंपनी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-2 इस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति 2, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं।

कंपनी ने स्थानिक और अंतरराष्ट्रीय बाजारों दोनों में विस्तरण के लिए रणनीतिक योजनाए की भी घोषणा की है। अप्रैल, 2024 के महिने में बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने एफसीसीबी के इश्यू के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बांडों को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी। 4 जून, 2024 को कंपनी ने घोषणा की है कि उसने अप्रैल और मई 2024 के दौरान अपनी रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट हरि कुंज मेफ्लावर से 12 यूनिट्स का कब्जा सफलतापूर्वक सौंप दिया है।

# जयन्त चौधरी ने आईटीआई और एनएसटीआई में ब्लेंडेड लर्निंग की अनुशंसा की

### डीजीटी से फ्लेक्सी एमओयू पार्टनरशिप और ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के माध्यम से इंडस्ट्री कोलैबोरेशन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)जयन्त चौधरी ने प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के संचालन की व्यापक समीक्षा की और डीजीटी, इसकी योजनाओं और इसके संस्थानों की गहन समझ हासिल करने के लिए एक इमर्सिव सेशन में भाग लिया। इनमें इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई), नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई), द नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीट्यूट (निमी) और द सेंट्रल स्टाफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसटीएआरआई) शामिल हैं। यह सेशन भारत में संपूर्ण कौशल विकास इकोसिस्टम के उन्नयन और पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने डीजीटी द्वारा लंबे समय से चले आ रहे स्किलिंग इकोसिस्टम में से एक को पुनर्जीवित करने, उसकी कल्पना करने तथा पिछले दशक में 5000 से अधिक संस्थानों को जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आईटीआई की अपनी इक्विटी तो है, लेकिन उन्हें नए सिरे से फोकस करने की जरूरत है। उन्होंने आईटीआई और एनएसटीआई में ब्लेंडेड लर्निंग की अनुशंसा की तथा डीजीटी से फ्लेक्सी एमओयू पार्टनरशिप और ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के माध्यम से इंडस्ट्री कोलैबोरेशन बढ़ाने का आग्रह किया।

मंत्री ने युवाओं को प्रासंगिक कौशल से सुसज्जित करने और इनोवेशन एवं उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने में आईटीआई और एनएसटीआई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश




डाला। उन्होंने स्टेट-ऑफ-द आर्ट इंफ्रास्ट्रक्टर और टेक्नोलॉजी के साथ आईटीआई को आधुनिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने करिकुलम को अपडेट करने, कोर्स ड्यूरेशन की समीक्षा करने और आज की मार्केट डिमांड, विशेष रूप से उभरते क्षेत्रों में उनकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई पहलों पर भी चर्चा की। डीजीटी इकोसिस्टम के प्रदर्शन और संचालन की समीक्षा करते हुए, श्री जयन्त चौधरी ने इन संस्थानों से एडवांस कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और प्रशिक्षकों के लिए निरंतर प्रोफेशनल डेवलपमेंट की योजना बनाने के साथ-साथ उन्हें लेटेस्ट इंडस्ट्री ट्रेंड के साथ अपडेट रखने के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम और सर्टिफिकेशन शुरू करने का आग्रह किया।

मंत्री ने एक मजबूत स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम बनाने के लिए सरकारी निकायों, उद्योग भागीदारों और शैक्षणिक संस्थानों को शामिल करते हुए एक कोलैबोरेटिव अप्रोच अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण संस्थानों और रोजगार के अवसरों के बीच संबंध सुधारने की रणनीतियों पर चर्चा की गई, जिसमें क्षेत्रीय कौशल आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया और स्थानीय रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए स्थानीय उद्योग साझेदारी को बढ़ावा दिया गया। डिजिटल पहल भी समीक्षा का मुख्य केंद्र रही, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-लर्निंग टूल को इंटीग्रेट करने पर चर्चा की गई।

# एनएमडीसी ने हैदराबाद में नई अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास सुविधा का उद्घाटन किया

### अनुसंधान और विकास के लिए पिछले 5 वर्षों में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने आज खनिज प्रसंस्करण और टिकाऊ इस्पात प्रौद्योगिकी में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए हैदराबाद के पाटनचेरू में अपने नए अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्र का उद्घाटन किया। नवरत्न कंपनी ने पिछले 5 वर्षों में अनुसंधान और विकास में 150 करोड़ रुपये से अधिक का रणनीतिक निवेश किया है और अनुसंधान एवं विकास केंद्र के नए भवन के निर्माण में 50 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

पाटनचेरू में आठ एकड़ में फैले इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन एनएमडीसी के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन); श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनएमडीसी के और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




वर्ष 1970 से खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र में योगदान दे रहे एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास को यूनिडो और डीएसआईआर दोनों ने घरेलू और वैश्विक उद्योग को इसके ज्ञान और प्रौद्योगिकी अंतरण के लिए उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में मान्यता दी है। अनुसंधान एवं विकास केंद्र में विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा संचालित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं जो सुस्थिर खनिज प्रौद्योगिकी और अयस्क बेनीफिशिएशन में नवाचार को बढ़ावा देती हैं।

नवनिर्मित एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र में परिष्कृत उपकरणों की एक श्रृंखला है, जिसमें एक स्वचालित मिनरल एनालाइजर और स्वचालित फ्यूजन बीड आधारित एक्स-रे फ्लोरेसेंस (एक्सआरएफ) एनालाइजर शामिल हैं, जो विभिन्न खनिजों के सटीक और कुशल लक्षण वर्णन को सुनिश्चित करते हैं। केंद्र में पेलेटाइजेशन अध्ययन के लिए एक समर्पित सुविधा है, जो वाणिज्यिक पेलेट संयंत्रों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण आंकडे उत्पन्न करेगी। इससे न केवल एनएमडीसी की आंतरिक आवश्यकताओं और क्षमताओं में वृद्धि होगी, बल्कि खनिज प्रसंस्करण और पेलेट उत्पादन में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करके इस सेक्टर को भी लाभ होगा। नई अनुसंधान एवं विकास सुविधा का उद्घाटन करते हुए, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, अनुसंधान और विकास के माध्यम से एक सुस्थिर भविष्य की दिशा में भारतीय खनन उद्योग को नवाचार और नेतृत्व करने की हमारी जिम्मेदारी को अपनाते हुए, हमने एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र के दरवाजे खोल दिए हैं। नवाचार और प्रेरणा के लिए आगे बढते हुए हम यहां केवल अनुसंधान में निवेश नहीं कर रहे हैं बल्कि हम भारत के भविष्य के लिए निवेश कर रहे हैं।

# जेनसोल इंजीनियरिंग 1,340 करोड़ रुपये की बैटरी एनर्जी स्टोरेज प्रोजेक्ट के लिए सफल बोलीदाता बनी

**अहमदाबाद , एजेंसी।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसई- 542851) (एनएसई), सोलर पावर इंजीनियरिंग, सर्विसेज और कंस्ट्रक्शन सर्विसेज तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में लीडिंग, 250 मेगावाट/500 मेगावाट स्टैंडअलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड से परियोजना के लिए एक सफल बिडर (बोलीदाता) के रूप में उभरा है। यह प्रोजेक्ट गुजरात राज्य की डिस्कॉम पीक और ऑफ-पीक घंटों के दौरान ऑन-डिमांड बेसिस पर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई करेगी, जिससे सोलर घंटों से परे रिन्यूएबल एनर्जी की उपलब्धता बढ़ेगी, इससे एनर्जी स्टोरेज खरीद दायित्वों को पूरा किया जाएगा और ग्रिड का लचीलापन बढ़ाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट हर दिन दो चार्ज/डिस्चार्ज साइकिल्स के लिए 250 मेगावाट/500 मेगावाट एनर्जी देगी। जीयूवीएनएल के निर्णय पर समान नियम और शर्तों पर 250 मेगावाट/500 मेगावाट की दूसरी किश्त देने का एक ग्रीनशू ऑप्शन है; ग्रीनशू ऑप्शन के प्रयोग के मामले में यह प्रोजेक्ट 500 मेगावाट / 1000 मेगावाट तक पहुंच सकता है, जिससे संभावित रूप से 12-वर्षीय बैटरी एनर्जी स्टोरेज परचेज एग्रीमेंट कार्यकाल में लगभग 2680 करोड़ रुपये का टोटल रेवेन्यू उत्पन्न होगा।

भारत में बीईएसएस के भविष्य और इस क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में जेनसोल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में आशावाद व्यक्त करते हुए, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल सिंह जग्गी ने कहा कि, यह जेनसोल के लिए गर्व का क्षण है। जीयूवीएनएल बीईएसएस प्रोजेक्ट के लिए यह लैंडमार्क न केवल रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में जेनसोल की विशेषज्ञता और विश्वसनीयता को उजागर करता है बल्कि हमारे भविष्य के प्रयासों के लिए एक स्पष्ट दिशा भी निर्धारित करता है। यह इनोवेटिव और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के माध्यम से भारत के एनर्जी ट्रांजिशन गोल्स का समर्थन करने के लिए जेनसोल की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। भारत में बीईएसएस बाज़ार तेजी से विकास के लिए तैयार है, और जेनसोल इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे है। इस परियोजना को सुरक्षित करने से हम रिन्यूएबल एनर्जी लैंडस्केप में एक लीडिंग इंडस्ट्री प्लेयर के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत करते हुए, भारत में बीईएसएस के भविष्य को आगे बढ़ाते हुए, इंडियन एनर्जी मार्केट पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने में सक्षम होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हंगरी को हराकर जर्मनी ने यूरो कप के नॉकआउट चरण में किया प्रवेश



**लीपजिग(एजेंसी)।** जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में अपने घरेलू मैदान में खेल रहे मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। वहीं स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के बीच खेला गया मुकाबला भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

### आज टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से होगा इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना



**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया। अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0 . 90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जाएगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिए 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। साल्ट एक बार फिर कप्तान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरूआत दिलाना चाहेंगे।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार में 42 रन बनाने वाले बटलर अब तक चार पारियों में 91 रन ही बना सके हैं। जॉनी बेयरस्टो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। इससे पहले वह कुल 46 रन ही बना सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने हालांकि कगिसो रबाडा की रफ्तार और केशव महाराज की फिरकी का सामना करने की चुनौती होगी। दोनों ने अमेरिका के खिलाफ बीच के और डैथ ओवरों में संयम और अनुशासन के साथ गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।

दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटोन डिकॉक का फॉर्म में लौटना भी शुभ संकेत है जिन्होंने अमेरिका के खिलाफ 40 गेंद में 74 रन बनाए। इंग्लैंड ने सुपर आठ चरण का पहला मैच यहीं खेला था जिसका उसे फायदा मिलेगा। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 200 रन के भीतर रोक दिया। आदिल रशीद ने 5.25 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की जबकि जोफ्रा आर्चर ने 12 डॉट गेंदें डाली।

# भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन की अचानक मौत, चौथी मंजिल से गिरे, अनिल कुंबले हैरान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** एक ओर जहां भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 में आज अफगानिस्तान के खिलाफ जंग की तैयारी कर रही है तो दूसरी ओर क्रिकेट वर्ल्ड कप झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की मौत हो गई है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्होंने अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। उनकी मौत की खबर से भारतीय क्रिकेटरों में शोक है। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने हैरानी जताई है। पुलिस के अनुसार, पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन गुरुवार को अपने अपार्टमेंट के बाहर मृत पाए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- ऐसा माना जा रहा है कि 52 वर्षीय डेविड जूड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए, जिससे आत्महत्या का संदेह पैदा हो गया। उन्होंने आगे कहा कि आगे की जांच जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्रिकेटर पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे।





उन्होंने बताया कि पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। क्रिकेटर ने 1996 में भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले थे। बता दें कि वह कर्नाटक की उस टीम का हिस्सा थे, जिसमें अनिल कुंबले, वेंटकेश प्रसाद, डोडा गणेश और जवागल श्रीनाथ दोनों खेलते थे। उन्होंने कुल 39 फर्स्ट क्लास मैच खेले। वह अपने घर के पास ही एक क्रिकेट अकैडमी चलाते थे। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर लिखा-मेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। बहुत जल्दी चले गए बेनी! उल्लेखनीय है कि उन्होंने कर्नाटक के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेला। उन्होंने 1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र में केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिरोज शाह कोटला में एकमात्र टेस्ट मैच में डेब्यू किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 39 मैचों में 28.63 की औसत और 47.4 की स्ट्राइक रेट से 125 विकेट लिए। वह एक निचले क्रम के बल्लेबाज थे, जिनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक शतक भी था।

**जय शाह और गौतम गंभीर ने जताया शोक** - भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा- हमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। 33 लिस्ट ए खेलों में, उन्होंने 41 विकेट लिए। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का उनका आखिरी मैच 2015 में कर्नाटक प्रीमियर लीग में था। गौतम गंभीर ने लिखा, %डेविड जॉनसन के निधन से दुखी हूं। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति दे।

**157.8 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंद फेंककर हैरान कर दिया था** - 16 अक्टूबर 1971 को जन्मे डेविड जॉनसन ने 1990 के दशक के मध्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जॉनसन ने अक्टूबर 1996 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। जॉनसन के करियर का सबसे शानदार पल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान 157.8 किमी/घंटा की गति से गेंदबाजी करना था। उनका आखिरी टेस्ट मैच 1996 में डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था। उन्होंने भारत के लिए वनडे मैच नहीं खेले।

## भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

### ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने पर निगाहें

**अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी।



नए नियम के अनुसार रैंकिंग से उन दो शीर्ष देशों को ओलंपिक कोटा दिया जाता है जो ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए कोटा हासिल नहीं कर सके। इस विश्व कप से पहले अंताल्या में फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर कराया गया था। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। क्वालीफाई नहीं करने वाले देशों में भारत को शीर्ष दो रैंकिंग में बने रहने के लिए टीम स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी ताकि वे कट हासिल कर सकें।

टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है। दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

विश्व कप का तीसरा चरण रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करने के लिए अंतिम मौका था। भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गयी। धीरज, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।

## न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता, एसए-20 भी दिलचस्प : केन विलियमसन



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** केन विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस टी20 लीग से इतर वह न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जायेगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है।

न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य है। विलियमसन ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर मीडिया से कहा, 'मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है लेकिन एसए 20 दिलचस्प लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा।

विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है लेकिन यह कहा कि अभी उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'मेरी प्राथमिकता न्यूजीलैंड के लिए खेलना है। तीन सप्ताह के दौरान मैं कुछ मैचों से बाहर रह सकता हूं। इसके मायने हैं कि वह जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 श्रृंखला नहीं खेलेंगे। वह हालांकि सितंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

इसके साथ ही भारत और श्रीलंका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'मैने न्यूजीलैंड की कप्तानी का पूरा मजा लिया है। मैं काफी उत्सुक हूं कि आने वाले समय में टीम नए कप्तान के साथ कैसा करती है और मैं भी उसका हिस्सा बना रहूंगा। 33 बरस के विलियमसन ने अपने करियर को लेकर कोई समय सीमा तय करने से इनकार करते हुए कहा, 'अभी कहना मुश्किल होगा। मैं फिट और फॉर्म में रहना चाहता हूं, प्रदर्शन में सुधार करते रहना चाहता हूं। जब तक मैं योगदान दे सकता हूं, इस टीम का हिस्सा बने रहना चाहूंगा।

### साल्ट ने इस खिलाड़ी को दिया धमाकेदार पारी का श्रेय, कहा- उन्होंने मुझ पर से दबाव हटा दिया

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया। साल्ट ने अपनी धमाकेदार पारी का श्रेय साथी जॉनी बेयरस्टो को दिया जिन्होंने उन पर से दबाव हटा दिया जिससे उन्हें मैदान पर खुलकर खेलने का मौका मिला।

मैच के बाद साल्ट ने कहा, एक समय ऐसा भी था जब मैंने बहुत अधिक गेंदों का सामना नहीं किया, बाउंड्री सूख गई थी, लेकिन जॉनी (बेयरस्टो) ने अपनी सोची-समझी बल्लेबाजी से मुझ पर से दबाव हटा दिया, उनकी पारी बहुत महत्वपूर्ण थी। सलामी बल्लेबाज ने बताया कि बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था। साल्ट ने 16वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड के खिलाफ 4, 6, 4, 6, 6 और 4 रन बनाए। उन्होंने कहा, मुझे यहां बल्लेबाजी करना पसंद है, लेकिन मैं टीम की जीत में योगदान देकर अधिक खुश हूं। बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ खेलना मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि किसी समय गति आएगी, एक छोर पर हवा चल रही थी, एक छोटी बाउंड्री थी और मैंने खुद को उनका सामना करने के लिए तैयार किया (शेफर्ड के खिलाफ उनके 30 रन के ओवर में)।

वेस्टइंडीज की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आठ मैचों की जीत का सिलसिला खत्म हो गया क्योंकि इंग्लैंड ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया। शानदार डेथ बॉलिंग के साथ वेस्टइंडीज को 180 रनों पर रोकने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने 67 रनों की ओपनिंग साझेदारी करके टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

टी-20 वर्ल्ड कप

## फिल साल्ट की आक्रामक पारी से बने कई रिकॉर्ड्स



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को बृहस्पतिवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17 . 3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड ने इस मैच में दो-चार नहीं बल्कि चार रिकॉर्ड अपने नाम किए। आइए इस रिकॉर्ड्स पर नजर डाल लेते हैं-

### टी20 विश्वकप में इंग्लैंड की सबसे बड़ी जीत का अंतर (विकेट के हिसाब से)

- भारत के खिलाफ 10 विकेट से, एडिलेड, 2022 एस.एफ.
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 विकेट से, दुबई, 2021
- बांग्लादेश के खिलाफ 8 विकेट से, अबू धाबी, 2021
- ओमान के खिलाफ 8 विकेट से, नॉर्थ साउंड, 2024
- वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 विकेट से, ग्रॉस आइलेट, 2024

### टी20 में फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज

इन्सः 9
रनः 478
औसतः 68.28
एसआरः 186.71
50/100ः 2/2
चौके/छक्केः 34/32

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 में साल्ट ने लगभग हर चार गेंदों पर एक चौका या छक्का लगाया है।

### इंग्लैंड के बल्लेबाज द्वारा किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे अधिक छक्के (टी20आई)

32 - फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज
26 - इयोन मोर्गन बनाम न्यूजीलैंड
25 - जोस बटलर बनाम ऑस्ट्रेलिया
24 - जोस बटलर बनाम दक्षिण अफ्रीका

### इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज टी20आई में सबसे अधिक रन

478 - फिल साल्ट (9 पारी)
423 - एलेक्स हेल्स (13 पारी)
422 - क्रिस गेल (14 पारी)
420 - निकोलस पूरन (15 पारी)
390 - जोस बटलर (16 पारी)

### टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

116* - एलेक्स हेल्स बनाम स्रु चटगाँव, 2014
101* - जोस बटलर बनाम स्रु शारजाह, 2021
99* - ल्यूक राइट बनाम अफगानिस्ता , कोलंबो आरपीएस, 2012
87* - फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज ग्रोस आइलेट, 2024
86* - एलेक्स हेल्स बनाम भारत, एडिलेड, 2022

### टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज के लिए सबसे लंबी जीत का सिलसिला

8 - 2024 (आज यह सिलसिला खत्म हुआ)
7 - 2012-2013
5 - 2017
4 - 2015-2016

### पुरुषों के टी20 विश्व कप में सबसे महंगा ओवर

36 - स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड) बनाम भारत, डरबन, 2007
36 - अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान) बनाम वेस्टइंडीज, ग्रोस आइलेट, 2024
33 - जेरेमी गॉर्डन (कनाडा) बनाम अमेरिका, डलास, 2024
32 - इज़ातुल्लाह दौलतजई (अफगानिस्तान) बनाम इंग्लैंड, कोलंबो (आरपीएस), 2012
30 - बिलावल भट्टी (पाकिस्तान) बनाम ऑस्ट्रेलिया, मीरपुर, 2014
30 - रोमारियो शेफर्ड (वेस्टइंडीज) बनाम इंग्लैंड, ग्रोस आइलेट, 2024

# बुमराह का मुरीद हूं, उसे अपने एक्शन में किसी बदलाव की जरूरत नहीं:एम्बरोज

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिए वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं।

एम्बरोज ने कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिए सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, 'मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।



बुमराह के गेंदबाजी एक्शन से उनकी कमर पर काफी दबाव पड़ता है लेकिन एम्बरोज का मानना है कि हर तेज गेंदबाज को इस तरह के जोखिम से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुभव यही है कि दो गेंदबाज कभी एक जैसे नहीं होते। गेंदबाजों में समानता हो सकती है लेकिन वे बिल्कुल एक से नहीं होते। सभी की शैली जुदा होती है। हर तेज गेंदबाज को चोटिल होने का खतरा रहता है और यह सभी को पता होता है।

उन्होंने कहा, 'आपको अपना काम पूरी क्षमता के साथ करना होता है। फिर जो होगा, होगा। अगर उसे कोई गंभीर चोट लगती है तो ही उसे अपने एक्शन में बदलाव करना चाहिए। एम्बरोज ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी खेला जाने लगा है जिसका खेल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'अब खेल का व्यवसायीकरण हो गया है। इतना ज्यादा क्रिकेट खेला जा रहा है। एक श्रृंखला के बाद दूसरी श्रृंखला और फ्रेंचाइजी क्रिकेट अलग। यह रोमांचक है लेकिन इतना ज्यादा क्रिकेट चिंता का विषय है।

एम्बरोज ने सीमित ओवरों की क्रिकेट भी काफी खेली है लेकिन उनका मानना है कि लीजैंड टेस्ट क्रिकेट से ही निकलते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को तरजीह दी है। मैने वनडे और चार दिवसीय क्रिकेट भी खेला है लेकिन मेरे लिए वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं है। टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। अपने करियर के आखिर में आप लीजैंड तभी कहलाएंगे जब आपने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा किया हो।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पत्रकार की गोली मारकर हत्या




**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक वरिष्ठ पत्रकार की उनके घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के उक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को खैबर जिले के लांडी कोटल शहर में निजी खबरिया चैनल 'खैबर न्यूज के पत्रकार खलील जिबरान अपने मित्र के साथ अपने घर जा रहे थे, उसी दौरान मोटरसाइकिल से आये बदमाशों ने उनको निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि जिबरान की कार उनके घर के पास ही खराब हो गयी, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें घेर लिया और गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला एवं उनपर गोलियां दाग दीं। अधिकारी ने बताया कि इस हमले में जिबरान की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनका वकील मित्र घायल हो गया। उनके अनुसार हमले के बाद हमलावर वहां से भाग गये। उन्होंने बताया कि जिबरान को आतंकवादियों से धमकियां भी मिल चुकी थीं। जिबरान के मित्रों ने खैबर-पख्तूनख्वा राजमार्ग पर उनका शव राकर प्रर्दान किया। बाद में उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया, जिबरान कोटल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष भी थे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जिबरान के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदपुर ने प्रशासन को पत्रकार के हत्या के लिए जिम्मेदार अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। 'एसोसिएशन ऑफ इलेक्ट्रोनिक मीडिया एडिटर्स एंड न्यूज डायरेक्टर्स ने इस हत्या की कड़ी निंदा की और सरकार से जिबरान के हत्यारों को इंसाफ के कटघरे में लाने की मांग की।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन राजकीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे

**हनोई, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम दौरे पर हैं। उत्तर कोरिया का दौरा समाप्त कर गुरुवार को राष्ट्रपति पुतिन हनोई के नोई बाई एयरपोर्ट पर पहुंचे। रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ट्रान हॉन्ग हा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग सीपीवी केंद्रीय समिति के प्रमुख ली होआई ट्रंग और वियतनाम के डिप्टी विदेश मंत्री ले थी थू हैंग ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने वियतनाम के चार नेताओं से मुलाकात की, जिसमें राष्ट्रपति, देश की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव, प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के चेयरमैन का नाम शामिल हैं। वह सोवियत और रूसी यूनिवर्सिटी के स्नातकों से भी मिलेंगे। वियतनाम आने से पहले पुतिन उत्तर कोरिया के दौरे पर थे।

### दूसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे एस जयशंकर, पड़ोसी पहले नीति पर फोकस



**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को श्रीलंका पहुंचे। यह उनके लगातार दूसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। श्रीलंका दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। जयशंकर का कोलंबो पहुंचने पर श्रीलंका के विदेश राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल सेंथिल थोंडामन ने उनका स्वागत किया। एस जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा नए कार्यकाल में पहली बार कोलंबो पहुंचा हूं। गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल एस थोंडामन का शुक्रिया। शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों का बेसब्री से इंतजार है। विदेश मंत्री ने लिखा कि श्रीलंका, भारत की पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है। अपनी पड़ोसी पहले नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और हिंद महासागर में समुद्री सहयोगा भू-राजनीतिक ढांचा बनाने का है। एस जयशंकर ने बीती 11 जून को देश के विदेश मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कार्यभार संभाला था। जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया में आयोजित हुए जी7 शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए थे, लेकिन उस समय वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। वहीं श्रीलंका का दौरा उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। एस जयशंकर के श्रीलंका दौरे पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भारत की पड़ोसी पहले नीति के तहत यह यात्रा श्रीलंका को सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी के रूप में भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# फ्रांस में 12 साल की यहूदी लड़की से गैंगरेप : सभी आरोपी नाबालिग

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में एक 12 साल की नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप से पूरे देश में गुस्से का माहौल है। आरोप है कि लड़की के यहूदी होने की वजह से उसके साथ ये घटना हुई। पुलिस ने घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फ्रांस में इसी महीने 30 जून को चुनाव होंगे। चुनाव से पहले हुई इस घटना से दो समुदाय के बीच तनाव बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। फ्रांस में इजराइल और अमेरिका के बाद सबसे अधिक यहूदी रहते हैं। वही यूरोप में सबसे अधिक मुस्लिम फ्रांस में ही रहते हैं। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस के नजदीक कॉरबिवो सिटी में ये घटना हुई। घटना के बाद लड़की को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी जांच की गई। इसमें रेप की पुष्टि हुई।

**लड़की ने 2 आरोपियों की पहचान की :** नाबालिग ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को जब वह अपने घर के पास एक पार्क में अपने दोस्त के साथ बैठी थी तभी उसके पास 3 लड़के आए। ये सभी उसी की उम्र के थे। वे उसे एक शेड के पास खींच कर ले गए और उसके साथ गंदी हरकत की। इस दौरान वे सभी यहूदी विरोधी टिप्पणी भी कर रहे थे।

पुलिस सूत्र ने एएफपी को बताया कि तीनों आरोपी लड़के ने लड़की की पिटाई की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।




रिपोर्ट्स के मुताबिक नाबालिग लड़की ने 2 लड़कों की पहचान की है। इसके बाद तीसरे लड़के को भी पकड़ लिया गया।

**एक आरोपी को घर भेजा गया :** इन तीन आरोपियों में से दो की उम्र 13 साल और एक की उम्र 12 साल है। 12 साल के लड़के पर रेप का आरोप नहीं लगा है। उस पर हिंसा करने, यहूदी विरोधी टिप्पणी और मौत की धमकी देने का आरोप लगा है। 12 साल के आरोपी को घर भेज दिया गया है जबकि बाकी दोनों लड़कों को हिरासत में रखा गया है। फ्रांसासी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तीनों में से एक लड़का, पीड़ित लड़की का पूर्व प्रेमी है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान का खुलासा नहीं किया है।

**आरोपी ने कबूली गलती, कहा- लड़की ने धर्म छुपाया था :** रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी लड़क ने हमले की बात कबूल की है। उसने कहा कि उसने बदला लेने के लिए ऐसा किया क्योंकि लड़की ने उससे अपनी धार्मिक पहचान छिपाई थी। रिपोर्टस में ये भी कहा गया है कि आरोपी लड़के के फोन में पुलिस ने यहूदी विरोधी कंटेंट देखा गया है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। फ्रांस के यहूदी समुदाय के नेताओं ने इस घटना को लेकर चिंता जताई है। यहूदी नेता हैम कोर्सिया ने पोस्ट कर लिखा है कि फ्रांस में यहूदी विरोधी भावना जोरों पर है। वे इस घटना से भयभीत हैं। कॉरबिवो के मेयर जैक्स कोसोवस्की ने कहा कि इस घटना में शामिल किसी भी दोषी को माफ नहीं किया जाना चाहिए।

### इटली के खेत में काम करने वाले भारतीय की मौत

**रोम, एजेंसी।** इटली के लैटिना इलाके में खेतों में काम करने वाले भारत के 30 साल के कर्मचारी सतनाम सिंह की बुधवार को मौत हो गई है। खेत में घास काटते वक्त मशीन से सतनाम का हाथ कट गया। इसके बाद उसकी मदद करने की बजाय उसके मालिक ने उसे घर के पास एक सड़क किनारे अकेला छोड़ दिया। इसके बाद सतनाम की पत्नी और उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। फिर भारतीय कर्मचारी को एयर एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए राजधानी रोम के अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, यहां उसकी मौत हो गई। इटली के ट्रेड यूनियन ने कहा है कि हादसे के बाद सतनाम को कूड़े की तरह फेंक दिया गया। यह एक डरावनी फिल्म जैसा था। इटली की लेबर मंत्री मारीना कैल्डरोन ने घटना की निंदा की है। संसद में इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह घटना क्रूरता का उदाहरण है। भारतीय कामगार को गंभीर हालत में अकेला छोड़ दिया गया था। अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाएगी। इटली में मौजूद भारतीय दूतावास ने घटना पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दूतावास ने कहा कि उन्हें मामले की सूचना मिली है। एम्बेसी क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है।

### लैटिना में दुर्घटना के बाद भारतीय मजदूर को मरने के लिए छोड़ दिया गया, इटली की श्रम मंत्री ने की निंदा

**रोम, एजेंसी।** इटली में काम करने वाले एक भारतीय मजदूर की बुधवार को एक दुर्घटना के बाद सड़क किनारे मौत हो गई। इस हादसे में उसका हाथ भी कट गया। इटली की श्रम मंत्री मरीना कैलदेरोन ने इसे बर्बरतापूर्ण कृत्य बताया। मरने वाले भारतीय मजदूर की पहचान सतनाम सिंह के तौर पर की गई है। लैटिना में एक फार्म में काम करने के दौरान सोमवार को वह घायल हो गया था। बता दें कि लैटिना में हजारों भारतीय प्रवासी रहते हैं।

**इटली की श्रम मंत्री ने की घटना की निंदा :** संसद में इटली की श्रम मंत्री मरीना कैलदेरोन ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, लैटिना के ग्रामीण इलाके में काम वाला एक भारतीय श्रमिक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गया था और गंभीर परिस्थिति में छोड़ दिया गया, जिस वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, यह एक बर्बरतापूर्ण कृत्य है। श्रमिक मंत्री ने बताया कि इस मामले की कार्रवाई जारी है और उम्मीद है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाएगा।

मृतक बिना किसी वैध दस्तावेज के इटली में काम कर रहा था। जब वह घास काट रहा था तभी उसका हाथ मशीन से कट गया। संसद में इस घटना का जिक्र करते हुए मरीना कैलदेरोन ने कहा, इस घटना के बाद उसके सहयोगियों ने उसकी मदद करने के बजाय, उसे उसके घर के पास कूड़े के तैले की तरह फेंक दिया गया। उन्होंने इस परिस्थिति की तुलना एक डरावनी फिल्म से की।

**सेंटर लेफ्ट डेमोक्रेटि पार्टी ने घटना को सभ्यता की हार बताया :** पुलिस ने बताया कि मृत की पत्नी और उसके दोस्तों ने उन्हें बुलाया, जिसके बाद एक एयर एंबुलेंस घटनास्थल पर भेजा गया। लैटिना में पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, उसे एंबुलेंस के जरिए रोम के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सेंटर लेफ्ट डेमोक्रेटि पार्टी ने इस घटना का जिक्र करते हुए इसे सभ्यता की हार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यह गैंगमास्टरों के खिलाफ लड़ाई है। सम्मानजनक और मानवीय जीवन और कामकाजी परिस्थितियों के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### अब एयर न्यूजीलैंड के विमान में खतरनाक टर्बुलेंस; छत से टकराई केबिन क्रू, यात्री पर गिरी गर्म कॉफी

**वेलिंगटन, एजेंसी।** एयर न्यूजीलैंड की एक उड़ान को खतरनाक टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। इस टर्बुलेंस के कारण चालक दल के सदस्यों समेत कई यात्रियों का सिर विमान की छत से टकरा गया। यह घटना 16 जून की है, जब एयरबस ए320 वेलिंगटन से क्वींसटाउन के लिए उड़ान भर रहा था। इस हादसे के बाद यात्रियों ने अपना अनुभव साझा किया। सूजे नाम की एक यात्री ने कहा, उड़ान 15 मिनट तक हवा में थी, जब ड्रिंग कार्ट नीचे की तरफ गिरने लगा। जब कार्ट रुका तो विमान में एक तेज झटका लगा। इस दौरान चालक दल का एक सदस्य हवा में उड़ा और उसका सिर छत से टकरा गया। टर्बुलेंस के कारण एक यात्री पर गर्म कॉफी गिर गई। महिला यात्री ने कहा, इसमें आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं। आप बंधे हुए हैं। टर्बुलेंस आगे भी होगा। आपको गर्म कॉफी से जलने के बाद खुद निपटना होगा। मैं एक ठंडे बोतल को पकड़ने में कामयाब रही और उसे अपने ऊपर डालने लगी। मैंने जमीन पर गिरी चालक दल के सदस्य से बात करने की कोशिश की। मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं और भी बोतल का इस्तेमाल कर सकती हूं, क्योंकि मैं इस समय यही कर सकती थी। उन्होंने मुझे इसकी इजाजत दे दी। महिला के पास एक पैरामेडिक बैठा था, जिसने उसकी मदद की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि दोनों को विमान से उतार लिया गया है।

# राफा के रिहायशी इलाकों में आधी रात को घुसे इजरायली टैंक, कत्लेआम में 8 मासूमों की चली गई जान

**गाजा, एजेंसी।** गाजा के बाद इजरायली सेना ने अब राफा शहर में हमले तेज कर दिए हैं। एक दिन पहले बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी सेना को एक महीने की मोहलत देते हुए आदेश दिया था कि वे इस दौरान राफा से भी हमास का हर जर्रा मिटा दें। नेतन्याहू की सेना के मुताबिक, अब राफा में हमास की संख्या 2 हजार से थोड़ा ज्यादा है। हमास के खिलाफ इजरायली सेना कहर बनकर टूट चुकी है। देर रात इजरायली टैंक रिहायशी इलाकों में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस कत्लेआम में आठ मासूमों की जान चली गई।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, राफा के लोगों और फिलिस्तीनी चिकित्सकों के अनुसार, इजरायली टैंक बुधवार को गाजा पट्टी के राफा शहर के पश्चिमी हिस्से में अंदर तक आ गए। अंधाधुंध गोलीबारी में 8 लोगों की मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंक आधी रात को रिहायशी इलाकों में हमले के बाद उन स्थानों पर भी गए जहां, विस्थापितों के लिए राहत शिविर बनाए गए थे। इजरायली हमलावरों ने तंबुओं पर भी भारी गोलीबारी की। रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल का यह हमला राफा के तटीय क्षेत्र के पश्चिम में अल-मवासी इलाके में हुआ है। हर दिन खतरनाक हो रही जंग इजरायल और हमास के बीच युद्ध को आठ महीने से ऊपर का वक्त हो गया है और अभी तक लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। तमाम देश और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के भरसक प्रयास के बावजूद इजरायल और हमास के बीच शांति समझौता दूर की कौड़ी बन गया है।



इजरायल का करीबी और ताकतवर देश अमेरिका भी युद्धविराम नहीं कर पाया है। रसद के इंतजार में थे मासूम, इजरायली सेना कर दी फायरिंग हमास से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से राफा में इजरायली सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। इससे आम नागरिकों की बड़े पैमाने पर मौत हो रही है। हमास को टारगेट करने के चक्कर में आईडीएफ मासूमों को भी निशाना बना रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि बुधवार को तंबुओं और रिहायशी इलाकों पर हुए हमले में इजरायली सेना ने 12 फिलिस्तीनियों को मार डाला। सूत्रों ने बताया कि ये लोग घटना के दौरान सलाहुद्दीन रोड पर केरेम शालोम क्रॉसिंग के जरिए आ रहे सहायता सामान की प्रतिक्षा कर रहे थे, इस दौरान इजरायल ने इन पर हमला कर दिया। हमास पर हावी इजरायली सेना गौरतलब है कि इज़रायली सेनाओं ने गाजा के अधिकांश हिस्से को बर्बाद कर दिया है और अधिकांश फ़िलिस्तीनी क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया है, लेकिन अभी तक हमास का सफाया करने और इज़रायली बंधकों को मुक्त कराने के लिए आईडीएफ संघर्ष कर रही है।

## ईरान की सेना को बड़ा झटका, कनाडा की सरकार ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी संगठन घोषित किया

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की सरकार ने बुधवार को ईरान को बड़ा झटका देते हुए उसके सशस्त्र बल के एक अहम निकाय इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकी संगठन घोषित कर दिया। कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मामलों के मंत्री डोमिनिक लीब्लांक ने सरकार के फैसले का एलान किया। एक प्रेस विज्ञप्ति में कनाडा की सरकार ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कृत्यों और तथ्यों के आधार पर यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि ईरान की सेना आतंकी गतिविधियों में लिप्त है। वह जानबूझकर किसी के साथ मिलकर या किसी के निर्देश पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किया जाता है।

**आईआरजीसी की संपत्ति होगी जब्त**
कनाडा की सरकार का कहना है कि क्रिमिनल कोड के तहत आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने से कनाडा सख्त संदेश देगा कि कनाडा की सरकार आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए हर औजार का इस्तेमाल करेगी। कनाडा ने ये भी



कहा कि ईरान की सेना का आतंकी संगठनों हिजबुल्ला और हमास के साथ भी नाता है। कनाडा ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकी संगठन घोषित करने का मतलब ये होगा कि कनाडा के वित्तीय संस्थान जैसे बैंक और ब्रोकरेज फर्म आदि आईआरसीजी से जुड़ी संपत्ति को जब्त करेंगे। साथ ही किसी भी व्यक्ति या संस्था का आईआरजीसी से कोई भी समझौता या संबंध अपराध माना जाएगा।

**मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप**
कनाडा ने ईरान की सेना के निकाय इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया और कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था को अस्थिर करना चाहते हैं। कनाडा ने कहा कि आईआरजीसी पर प्रतिबंधों से साफ है कि कनाडा की सरकार ईरान की गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कोई दया नहीं करेगी। हमारी सरकार हमेशा मानवाधिकारों की समर्थक रही है और जो भी कनाडा या पूरी दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वॉशिंगटन पर चढ़ा योग का खुमार, प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य के साथ हुई शुरुआत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भी योग का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास की ओर से बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। योग और ध्यान सत्र में विभिन्न सामुदायिक संगठनों ने पूरे उत्साह के साथ इसकी खासियतें जानीं। कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उप-राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित भी किया।

**पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर कार्यक्रम :** कार्यक्रम पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के इतिहास से लोगों को रूबरू कराया। इसके जरिए लोगों को भारत की एकता और सद्भाव की भावना से भी रूरबरू कराया गया।

**इस साल की थीम स्वयं और समाज के लिए योग :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। इस साल की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। कार्यक्रम में रंगनाथन ने कहा कि योग समाज के उज्जवल भविष्य के लिए सद्भाव और संतुलन बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। इसीलिए 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।

**योग का अभ्यास दूर-दूर तक फैल चुका है :** रंगनाथन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए मसौदा प्रस्ताव भारत की ओर से प्रस्तावित किया गया था। रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था। सिंधु घाटी सभ्यता में अपनी शुरुआत के बाद से योग का अभ्यास दूर-दूर तक फैल चुका है। लगभग 5,000 साल बाद भी दुनियाभर में करोड़ों लोग योग का अभ्यास करते हैं। कार्यक्रम में दैनिक जीवन में बाजरा, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों और प्रथाओं को शामिल करने को लेकर चर्चा हुई।

# लगातार तीसरे महीने अंधेरे में डूबा इक्वाडोर, ट्रांसमिशन लाइन खराब होने से देश की बिजली गुल

**क्यूटो, एजेंसी।** पूरी दुनिया बदलती जलवायु के कारण अजीबोगरीब मौसम की मार झेल रही है। ऐसे में कहीं भीषण गर्मी तो कहीं बारिश का मौसम बना हुआ है। गर्मी के कारण कई देशों में बिजली की मांग बढ़ गई। इन सबके बीच, इक्वाडोर में बुधवार को हाहाकार मच गया। दरअसल, पूरे देश में बुधवार दोपहर अचानक से बिजली चली गई। इससे सब लोग परेशान हो गए। वहीं सार्वजनिक अवसंरचना मंत्री रॉबर्टो ल्यूक ने बिजली जाने के पीछे का कारण ट्रासमिशन लाइन में खराबी आना बताया।

**बिजली क्यों चली गई :** रॉबर्टो ल्यूक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मुझे राष्ट्रीय बिजली ऑपरेटर सीईएनओसीई एक रिपोर्ट मिली है, इसमें बताया गया है कि बिजली क्यों चली गई। दरअसल, ट्रांसमिशन लाइन में खराबी के कारण कैस्केड डिस्कनेक्शन हुआ। इसलिए पूरे देश में कहीं भी बिजली नहीं थी। मंत्री ने आगे कहा कि अधिकारी बिजली को वापस लाने के लिए लगातार काम कर रहे थे। कुछ ही घंटों में इक्वाडोर की राजधानी क्विटो के कुछ हिस्सों में बिजली लौटना शुरू हो गई थी।

**इक्वाडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1.8 करोड़ आबादी वाला इक्वाडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। बुनियादी ढांचे की विफलता, रखरखाव की कमी और आयातित ऊर्जा पर निर्भरता, इन सभी ने पूरे देश में बिजली नहीं रहने में योगदान दिया है। वहीं, चीन द्वारा निर्मित 2.25 अरब डॉलर की लागत वाला कोका कोडो सिंक्लेयर बांध नामक पनबिजली संयंत्र इक्वाडोर की समस्या को हल करने में मदद



करने वाला था। हालांकि, यह परियोजना इक्वाडोर के अधिकारियों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गई है। निर्माण में कई त्रुटियां हुई हैं, जिसके परिणामस्वरूप इक्वाडोर के अधिकारियों और चीनी कंपनी के बीच कानूनी विवाद हुआ है। इक्वाडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब बुधवार को दोपहर लगभग सवा तीन बजे (स्थानीय समयानुसार), इक्वाडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब थी। शाम को क्विटो और गुआयाकिल की सड़कों पर कारों के हॉर्न और ड्राइवरों के चिल्लाने की आवाजें गूंजने लगीं। इसका कारण यह था कि बिजली जाने के कारण ट्रैफिक लाइटों ने काम करना बंद कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों और कुछ जल आपूर्ति कंपनियों ने दोनों प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं। इससे पहले भी बन चुकी है ब्लैकआउट की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में इक्वाडोर में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके बारे में ऊर्जा मंत्रालय ने कहा था कि इसका कारण लंबे समय तक सूखे के बाद ऐतिहासिक रूप से कम जल प्रवाह, बढ़ते तापमान और देश की विद्युत प्रणाली के रखरखाव की कमी है। मई की शुरुआत में भी ब्लैकआउट हुआ था, जो बाद में सही हो गया था। ल्यूक, जो कार्यवाहक ऊर्जा मंत्री भी हैं, ने सात जून को कहा कि बिजली कटौती का जोखिम कम हो गया है। हालांकि, 16 जून को क्विटो के कुछ हिस्सों में फिर से बिजली कटौती हुई। तीन दिन बाद, पूरे देश में बिजली कटौती हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज, कहा–हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना



**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है। अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना! आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी। रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने बुधवार को जन्मदिन की बधाई देने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया और कहा कि ''यूपी के दो लड़के'' हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान 'खटाखट खटाखट' बनाएंगे। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, ''राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।'' उनके पोस्ट को फिर से साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद अखिलेश यादव जी। 'यूपी के दो लड़के हिंदुस्तान की राजनीति को मोहब्बत की दुकान बनाएंगे – खटाखट खटाखट! राहुल गांधी बुधवार को 54 साल के हो गए और इस मौके पर कांग्रेस तथा गठबंधन के कई घटक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं को भी उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

### रुपौली उपचुनाव में बीमा भारती का समर्थन नहीं करेंगे पप्पू यादव

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार में पूर्णिया जिले के रुपौली विधानसभा में हो रहे उप चुनाव को लेकर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि वह किसी परिस्थिति में बीमा भारती का समर्थन नहीं करेंगे। पप्पू यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान महागठबंधन प्रत्याशी बीमा भारती को समर्थन देने के सवाल पर कहा कि इस जन्म में क्या अगले सात जन्म तक मैं बीमा भारती का समर्थन नहीं करूंगा। हम तो कांग्रेस पार्टी से भी आग्रह करेंगे कि यदि कांग्रेस उम्मीदवार लड़ता है तो उन्हें मदद करें लेकिन ऐसे लोगों को मदद ना करें इससे कांग्रेस के इमेज पर असर पड़ेगा। पूर्णिया के रुपौली विधानसभा में होने वाले उप चुनाव के लिए महागठबंधन की ओर से राजद ने अपने प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर से बीमा भारती को टिकट देकर मैदान में उतारा है। बीमा भारती ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा भी दाखिल कर दिया। अब ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि क्या पप्पू यादव के बगावती तेवर के बावजूद भी बीमा भारती सीट निकाल पाती है या नहीं।

### हाई कोर्ट के जज ने मां–बाप को लगाई फटकार, कहा–बच्चा है कोई खिलौना तो नहीं

**गोवा, एजेंसी।** बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक केस की सुनवाई कर रहे उच्चन न्यायालय ने पैरेंट्स को कड़ी फटकार लगाई है। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच का कहना है कि बच्चे को मां–बाप के खिलौने की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। साथ ही कहा है कि बच्चे के हित को सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने मां और पिता दोनों को बच्चे की गर्मियों की छुट्टी के दौरान बराबर कस्टडी देने के आदेश दिए हैं। दरअसल, बच्चे की मां की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी, जिसके जरिए फैमिली कोर्ट के 8 मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। फैमिली कोर्ट ने पिता को 7 हफ्ते और मां को 5 हफ्ते की कस्टडी दी थी। याचिका पर सुनवाई जस्टिस भरत देशपांडे की बेंच कर रही थी। बार एंड बेंच के मुताबिक, यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि माता–पिता मिलने के अधिकार की भरपाई करने के लिए बच्चे को खिलौने की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। बच्चे के साथ इंसान जैसा बर्ताव जरूरी है और सबसे जरूरी बात यह है कि बच्चे के हित को सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। अदालत में 14 जून को आदेश जारी किया था। बच्चे के माता–पिता अमेरिकी नागरिक हैं और उनकी शादी कैलिफोर्निया में हुई थी और बच्चे का जन्म 2019 में पेरिस में हुआ। कुछ समय बाद ही दोनों के बीच रिश्ते तल्ख हुए और पिता बच्चे को लेकर गोवा आ गए। इसके बाद मां भी भारत पहुंची और दोनों ने मिलकर मापुसा में फैमिली कोर्ट का रुख किया। खास बात है कि उच्च न्यायालय ने आदेश में यह भी बताया है कि उसने अक्टूबर 2023 में फैमिली कोर्ट के जून 2023 के एक आदेश का संशोधन किया है।


# सभी जानते हैं कि तिब्बत चीन का हिस्सा कतई नहीं-माइकल मैककॉल



**शिमला, एजेंसी।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने बुधवार को कहा कि तिब्बती लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार है। तिब्बतियों की एक अनूठी संस्कृति और धर्म है। उन्हें अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। धर्मशाला में तिब्बतियों के धार्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात करने वाले अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मैककॉल ने कहा कि यही कारण है कि हम चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की अवहेलना करते हुए यहां पहुंचे हैं। माइकल मैककॉल ने धर्मशाला स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) द्वारा आयोजित एक समारोह में कहा कि सीसीपी द्वारा हिंसा किये जाने और दलाई लामा को घर से जबरन निकाले जाने के बावजूद वह (तिब्बती धर्मगुरु) सहिष्णुता, शांति और क्षमा का उपदेश देना जारी रखे हुए हैं। लोकतंत्र में लोग स्वतंत्र होते हैं, जबकि वे (तिब्बती) निरंकुश शासन के तहत गुलाम हैं। मैककॉल ने कहा कि तिब्बती लोगों का एक अलग धर्म, संस्कृति और ऐतिहासिक पहचान है तथा उन्हें अपने भविष्य के बारे में अपनी राय रखने का अधिकार होना चाहिए। आपको अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने में सक्षम होना चाहिए और यही कारण है कि हम आज सीसीपी की चेतावनी की अवहेलना करते हुए यहां आए हैं। माइकल मैककॉल ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को सीसीपी से एक पत्र मिला, जिसमें हमें यहां न आने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने अपना झूठा दावा दोहराया कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से चीन का हिस्सा है, लेकिन सीसीपी की चेतावनियों से प्रभावित हुए बिना हम आज यहां हैं। दलाई लामा, तिब्बत के लोग और अमेरिका, सभी जानते हैं कि तिब्बत, चीन का हिस्सा कतई नहीं है। मैककॉल ने कहा कि इस यात्रा का समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था, क्योंकि पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा और अमेरिकी कांग्रेस ने तिब्बत (विवाद) समाधान विधेयक पारित किया था। इसमें स्पष्ट किया गया है कि तिब्बत की अपनी अनूठी संस्कृति, भाषा और धर्म है। तिब्बत को आत्मनिर्णय का अधिकार है। आने वाले दिनों में इस विधयेक पर हस्ताक्षर होगा। इस विधेयक में तिब्बत के बारे में सीसीपी के दुष्प्रचार को आक्रामक रूप से चुनौती देने की जरूरत है।

मैककॉल ने कहा कि सीसीपी तिब्बती संस्कृति को खत्म करने और तिब्बती लोगों को जबरन अपने नियंत्रण में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। भारतवासियों की दयालुता के कारण ही परम पावन दलाई लामा और उनके लोग यहां स्वतंत्र रूप से रह पाए और मुकदमे के भय के बिना अपने धर्म का पालन कर पाए। मुझे अब भी उम्मीद है कि एक दिन दलाई लामा और उनके लोग शांतिपूर्वक तिब्बत वापस लौटेंगे। दलाई लामा से मिलने और चर्चा करने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी और सांसद मैरिएनेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटाकिस, जिम मैकगवर्न और एमी बेरा शामिल थे। मैककॉल ने दलाई लामा को एक उपहार भेंट करते हुए कहा कि आपमें से कई लोगों की तरह, मैं भी चाहता हूं कि यह बैठक आपके गृह देश तिब्बत में हो, लेकिन 65 साल पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा तिब्बत पर कब्जा किये जाने और हजारों तिब्बतियों का कत्लेआम करने के बाद आपको भागने पर मजबूर होना पड़ा था।

## धौलपुर के बाद अब बाड़मेर में महिलाओं को 50प्रतिशत आरक्षण का विरोध, युवाओं का प्रदर्शन




**धौलपुर, एजेंसी।** राजस्थान में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में युवा सड़क पर उतर आए है। धौलपुर के बाद अब बाड़मेर में युवाओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दरअसल, पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का फैसला कर इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। आरक्षण करने के विरोध में बाड़मेर के बेरोजगार युवा बुधवार को सडकों पर उतर आए। युवाओं ने रैली निकालकर जिला कलक्ट्रेट पर हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही जिला कलक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान बाड़मेर बेरोजगार युवा संघ के संयोजक देवराम ने कहा कि इस आरक्षण से पुरुष युवाओं का हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा- जब तक जातिगत जनगणना नहीं हो, तब तक आरक्षण में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया जाए। दरअसल, पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का फैसला कर इसमें संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इस फैसले को लेकर सरकार का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। सीएम ने इस फैसले की घोषणा नई भर्ती से पहले की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली हैं। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी।

## धर्मांतरण पर नया कानून बनाएगी राजस्थान सरकार, सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि मौजूदा समय में उसके पास धर्म परिवर्तन के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है और उनकी इस संबंध में नया कानून बनाए जाने की योजना है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार के एएजी शिवमंगल शर्मा ने बताया कि हलफनामे में कहा है कि प्रदेश में फिलहाल एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्म परिवर्तन के संबंध में कोई विशिष्ट कानून नहीं है। हालांकि, राज्य सरकार इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट से जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर सख्ती से कर रही है और अब खुद का कानून लाने की प्रक्रिया में है। हलफनामे में राज्य में विशिष्ट कानून लागू होने तक इस मामले पर मौजूदा न्यायिक दिशा-निर्देशों और केंद्रीय निर्देशों का पालन करने की राजस्थान की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की गई है। अश्विनी उपाध्याय ने वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें केंद्र और राज्यों को धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन और डराने, धमकाने, उपहार और मौद्रिक लाभों के माध्यम से धोखे से धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में याचिका पर सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार से जवाब मांगा और कहा था कि यदि जबरन धर्म परिवर्तन की बात सच है तो यह गंभीर मुद्दा है।

# कांग्रेस ने एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली आदि राज्यों में हार की पड़ताल की शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में देश के कई राज्यों में कांग्रेस को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश आदि राज्य तो ऐसे हैं, जहां कांग्रेस का खाता तक नहीं खुल सका। यही कारण है कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना जैसे राज्यों में मिली हार का कारण ढूंढना शुरू कर दिया है। इन राज्यों में मिली हार के कारण ढूंढने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अलग-अलग फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों का गठन किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कुल 6 फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों के गठन को मंजूरी दी है। ये सभी कमेटियां इन राज्यों में हार के कारणों का पता लगाएंगी। इस प्रक्रिया में स्थानीय कांग्रेस नेताओं से भी उनकी राय ली जाएगी। सभी से बात करने के उपरांत हार के कारणों की रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी यहां लोकसभा की सभी 29 सीटों पर चुनाव हार गई। यहां हार के कारण जानने के लिए तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चौहान, सप्तगिरि उलका और जगदीश मेवानी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में मिली हार के कारणों का पता लगाने के लिए वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी



को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओडिशा में भी कांग्रेस चुनाव बुरी तरह हार गई। यहां हार के कारणों का पता लगाने की जिम्मेदारी अजय माकन और तारिक अनवर को सौंपी गई है। तीन और राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया। इनमें दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। इन तीनों राज्यों के लिए भी एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया और रजनी पाटिल शामिल हैं। कांग्रेस के नेता इन राज्यों में हार के कारणों का पता लगाकर आलाकमान को रिपोर्ट सौंपेंगे। कर्नाटक में भी कांग्रेस पार्टी को उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिल पाए, यही कारण है कि यहां हुई हार के लिए भी तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में मधुसूदन मिस्त्री, गौरव गोगोई और हीबी ईडन शामिल हैं। वहीं, तेलंगाना में पीजे कुरियन, रकिबुल हुसैन और प्रगट सिंह की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी उम्मीद के मुताबिक नतीजे न मिलने के कारणों का पता लगाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 99 सीटें ही मिल सकी थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के इंडिया गठबंधन को कुल 234 सीटें मिली हैं। चुनाव नतीजों से पहले कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रोडमैप बनाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। कांग्रेस अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी जुट जाना चाहती है। यही कारण है कि पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्येक विधानसभावार प्रभारी नियुक्त करने का सुझाव दिया है।

# गिर जाएगी मोदी सरकार, चैलेंज देकर बरसे उद्धव ठाकरे, शिंदे ने किया पलटवार

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने मुंबई के दो इलाकों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर खूब हमले किए। जनता के समर्थन से उत्साहित उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दे दी। उद्धव ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, मोदी जी, मैं आपको महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के लिए आमंत्रित करता हूं... यह आप बनाम मैं होगा।

**संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम :** उन्होंने शिवसेना के दो गुटों के हाथ मिलाने और एनडीए में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वह उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम लग गया। ठाकरे ने



शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौ जून को सत्ता में आई नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी और उसकी जगह 'इंडिया' गठबंधन नीत सरकार सत्ता संभालेगी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी (भाजपा) यह खबर फैलाकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है कि शिवसेना (यूबीटी) सत्तारूढ़ राजग में शामिल हो जाएगी। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए कोई चुनाव नहीं होना चाहिए- उद्धव ठाकरे ने भाजपा के साथ फिर से गठबंधन करने की अटकलों के संबंध में कहा, हम उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने शिवसेना को खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जब तक उच्चतम न्यायालय निचले सदन के कुछ सदस्यों से संबंधित अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता, विधान परिषद की 11 सीटों के लिए कोई चुनाव नहीं होना चाहिए। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 12 जुलाई को चुनाव होने हैं। इस चुनाव में विधायक मतदान करेंगे। ठाकरे ने भाजपा पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राष्ट्रीय पार्टी का क्षेत्रीय दलों तेदेपा और जद (यू) के साथ गठबंधन स्वाभाविक है। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व को प्रतिगामी करार दिया और अपनी पार्टी के हिंदुत्व को प्रगतिशील बताया। वहीं दूसरे ओर एकनाथ शिंदे ने भी कार्यक्रम में ठाकरे पर जोरदार हमला किया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि आपका (उद्धव ठाकरे का) हिंदुत्व कहां चला गया।

## कम से कम 100 पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए : रामदास कदम

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा की उम्मीदों के विपरीत रहे हैं। इसे लेकर मंथन का दौर जारी है और अजित पवार की एनसीपी के साथ तनाव की स्थिति बन गई है। इस बीच विधानसभा चुनाव भी 4 महीने के अंदर ही होने हैं और उसके लिए भी दबाव की राजनीति शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने विधानसभा चुनवा में अपनी पार्टी के लिए 100 सीटों की मांग रख दी है। पार्टी के सीनियर लीडर रामदास कदम ने कहा कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा की 288 सीट में से कम से कम 100 पर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए।

शिवसेना एनडीए गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पूर्व मंत्री रामदास कदम ने बुधवार को शिंदे गुट द्वारा आयोजित अविभाजित शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस के मौके पर कहा, 'हमें लड़ने के लिए 100 सीट मिलनी चाहिए और हम उनमें से 90 पर जीत सुनिश्चित करेंगे।' वहीं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल ने भी हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी को राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 80 से 90 सीट मिलनी चाहिए। एनसीपी ने भी रखी थी डिमांड, जिस पर बोले थे देवेंद्र फडणवीस एनसीपी के



दावे पर तो देवेंद्र फडणवीस ने जवाब भी दिया था और कहा था कि राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और राज्य में होने वाले चुनाव में ज्यादा सीट पर चुनाव लड़ेगी। फडणवीस ने हालांकि यह भी कहा कि तीनों दलों के नेताओं की बैठक और चर्चा के बाद ही सीट बंटवारे पर कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को महज 9 सीटें मिलने के बाद उसकी स्थिति गठबंधन में कमजोर होगी। उसे साथी दलों का दबाव झेलना पड़ सकता है। हालांकि एक चर्चा यह भी जोर पकड़ रही है कि भाजपा अजित पवार की एनसीपी का साथ छोड़कर चुनाव में उतर सकती है। एकनाथ शिंदे गुट का प्रदर्शन अच्छा था।

# कार्यकर्ता पार्टी की ताकत, तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार- सीएम सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की ताकत और रीढ़ है। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मोदी और डबल इंजन सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं और कांग्रेस ने जो भ्रम जनता के बीच फैलाया उसे खत्म करने का काम करें। बुधवार को नायब सैनी जींद में त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की सरकार हर दिन लोक कल्याण के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की है जिसके परिणाम स्वरूप केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता दिन और रात ना देखें और कड़ी मेहनत करें। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी सभी बूथ को और अधिक मजबूत करने के काम में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ता बूथ जीतने में पूरी ताकत लगा दें। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए नायब




सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता बिना रूके और बिना थके लगातार देशहित में काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देशहित को प्रथम रखते हुए काम करती है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 सालों में देश के गौरव को बढ़ाया । विश्व के देशों में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र के सरलीकरण पर तेजी से काम कर रही है। गरीबों और जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं लोगों के पास जाएं और उनको सरकारी योजनाओं को दिलाने में सहायता करें। सैनी ने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ के सहारे वोट बटोरती रही है। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने 8500 रुपये का लालच दिया और जनता को संविधान खत्म के भ्रम में डाला। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों को जाकर बताएं कि कांग्रेस झूठी पार्टी है और झूठ बोलकर ही वोट लेती है। इस मौके पर सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला अध्यक्ष राजू मोर, चेयरमैन कर्मबीर सैनी, विजयपाल एडवोकेट, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।